खबरों के 69 साल, खबरें लगातार, ई पेपर - www.deshbandhump. com

पत्र नहीं मित्र

# देशबन्धु

जबलपुर, बुधवार 05 नवम्बर 2025 । वर्ष –69 । अंक –350 पृष्ठ –12 मूल्य – 3.00 रु.



गुरुनानक जयंती आज

■ भाजपा-जद यू ने...
■ आसान नहीं बिहार... 04
■ क्या है कनाडा का वीजा वाला प्लान...
■ टारगेट किलिंग से दहला बलूचिस्तान... 09
■ शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 519 अंक...
■ एआई से निवेश सलाह लेना पड़ सकता है... 11
■ द्रविड़ के बेटे...
■ जीतेश भारत-ए... 10

## बिलासपुर में पैसेंजर ट्रेन-मालगाड़ी भिड़ी, 10 की मौत

### ओएचई और सिग्नल सिस्टम को नुकसान, कटनी रेल लाइन ठप

**बिलासपुर, देशबन्धु।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में मंगलवार को बड़ा रेल हादसा हो गया। कोरबा पैसेंजर ट्रेन और एक मालगाड़ी के बीच जोरदार आमने-सामने की टक्कर हुई जिसमें समाचार लिखे जाने तक 10 लोगों की मौत की खबर है। कई यात्री घायल बताए जा रहे हैं। हादसा बिलासपुर-कटनी रेल सेक्शन के लाल खदान इलाके में हुआ।

सूचना मिलते ही रेलवे और स्थानीय प्रशासन की टीमें मौके पर पहुंच गईं। एक मासूम को भी रेस्क्यू कर सुरक्षित बाहर निकाला गया। रेस्क्यू टीमों ने कई यात्रियों को सुरक्षित निकाला है, जबकि गंभीर रूप से घायल लोगों का ट्रेन अंदर ही इलाज चल रहा है। रेलवे प्रशासन ने हादसे के तुरंत बाद मेडिकल यूनिट और डिविजनल अफसरों को मौके पर भेजा है। फिलहाल पूरे रूट पर ट्रेनों का संचालन ठप कर दिया गया है. कई एक्सप्रेस और पैसेंजर ट्रेनों को रद्द या रूट डायवर्ट किया गया है। वहीं एसपी रजनेश सिंह, कलेक्टर भी मौके पर पहुंचे हैं। बिलासपुर में कोरबा पैसेंजर ट्रेन और मालगाड़ी के बीच जोरदार टक्कर के बाद ओवरहेड वायरिंग और सिग्नलिंग सिस्टम को भारी नुकसान पहुंचा है, जिससे बहाली में समय लग सकता है। तकनीकी टीमें मरम्मत और ट्रैक क्लीयरेंस का काम कर रही हैं। यात्रियों की सुविधा के लिए रेलवे ने वैकल्पिक परिवहन व्यवस्था शुरू की है। वहीं अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि टक्कर कैसे हुई। रेलवे ने हादसे की जांच के आदेश दे दिए हैं। प्रारंभिक संभावना है कि सिग्नलिंग सिस्टम की गड़बड़ी या मानवीय त्रुटि के कारण यह हादसा हुआ हो सकता है।



ओवरहेड वायरिंग और सिग्नलिंग सिस्टम को भारी नुकसान

### महिला आरक्षित बोगी को सबसे ज्यादा नुकसान

हादसे में कोरबा पैसेंजर ट्रेन का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। महिला आरक्षित बोगी से महिलाओं को निकाला जा रहा है. नुकसान पहुंचा है। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक 10 से अधिक लोगों की खबर है।

बाराबंकी में हादसा

## तेज रफ्तार ट्रक ने कार को मारी टक्कर, 6 की जान गई, 2 गंभीर

**बाराबंकी।** उत्तर प्रदेश के बाराबंकी जिले में सोमवार 3 नवम्बर की देर रात एक भीषण सड़क हादसा हुआ है, जहां एक तेज रफ्तार ट्रक और कार की आमने-सामने की टक्कर में छह लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और दो गंभीर रूप से घायल हो गए। यह बिशुनपुर कस्बे के पास देवा-फतेहपुर मार्ग पर हुआ।

पुलिस के अनुसार, एक तेज रफ्तार ट्रक ने बिना नंबर प्लेट वाली मारुति अर्टिगा कार को टक्कर मार दी, जिससे कार पूरी तरह चकनाचूर हो गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार का अगला हिस्सा चकनाचूर हो गया और पीड़ितों को संभलने का भी समय नहीं मिला। बाराबंकी के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अर्पित विजयवर्गीय ने हादसे की पुष्टि की। उन्होंने बताया, रात करीब 10 बजे देवा थाना क्षेत्र के देवा-फतेहपुर मार्ग पर एक ट्रक और अर्टिगा कार की आमने-सामने की टक्कर हो गई।

### कार काटकर निकाले गए शव

कार में आठ लोग सवार थे और सभी गंभीर रूप से घायल हो गए। उनमें से छह - पांच पुरुष और एक महिला - की मौके पर ही मौत हो गई, जिसमें चालक भी शामिल था। बाकी दो घायलों को तत्काल इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार काटकर शव निकाले गए।

## देश में एसआईआर का दूसरे चरण का हुआ आगाज

-घर-घर जाकर पुनरीक्षण का काम चार नवम्बर से चार दिसम्बर तक चलेगा

-दावे व आपत्तियों का समय 9 दिसम्बर से 8 जनवरी 2026 तक

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** देश के नौ राज्यों और तीन केंद्र शासित प्रदेशों में विशेष गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया मंगलवार से शुरू हो गई। चुनाव आयोग के आदेश के अनुसार बिहार के बाद देश में एसआईआर का यह दूसरा चरण है। इन राज्यों में 51 करोड़ मतदाताओं की गहन पुनरीक्षण की प्रक्रिया पूरी होने के बाद सात फरवरी 2026 को सूची का प्रकाशन होगा। घर-घर जाकर पुनरीक्षण का काम चार नवम्बर 2025 से चार दिसम्बर तक। मतदाता सूची के मसौदे का प्रकाशन नौ दिसम्बर तक। दावे और आपत्तियों का समय 9 दिसम्बर 2025 से 8 जनवरी 2026 तक। दस्तावेजों की जांच के लिए नोटिस, सुनवाई, सत्यापन: 9 दिसंबर 2025 से 31 जनवरी 2026 तक अंतिम मतदाता सूची का प्रकाशन 7 फरवरी 2026 को होगा। बताया किया कि इनमें सबसे अधिक 15.44 करोड़ मतदाता अकेले उत्तर प्रदेश में है, जबकि पश्चिम बंगाल में 7.66 करोड़, तमिलनाडु में 6.41 करोड़, मध्य प्रदेश में 5.74 करोड़, राजस्थान में 5.48 करोड़ व छत्तीसगढ़ में 2.12 करोड़ मतदाता है। जिन 12 राज्यों व केंद्रशासित प्रदेशों में एसआईआर की घोषणा की गई है, उन सभी राज्यों की मतदाता सूची तत्काल प्रभाव से फेरबदल पर रोक लगा दी है। इस बीच इनमें न तो कोई नाम जोड़ा जा सकेगा न ही हटाया जा सकेगा।

**चूहा-सुनती हो-** बिहार में तेजस्वी ने माई-बहन मान योजना में महिलाओं को 30 हजार देने की बात कही है।

**चुहिया- हां प्रिये-** अब चुनावों में `बातों' का कोई ओर-छोर नहीं रह गया है, मुफ्त रेवड़ियां बांटने की होड़ है।

## मेरी बेंच से बचना चाहती है केंद्र सरकार : सीजेआई गवई



### ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट की सवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिका पर लगाई फटकार

**नई दिल्ली, ( एजेंसियां )।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार को कड़ी फटकार लगाई, क्योंकि सरकार ने अचानक यह मांग कर दी कि ट्रिब्यूनल रिफॉर्म्स एक्ट (जिसके तहत अलग-अलग ट्रिब्यूनलों के चेयरपर्सन और मेंबर्स की सेवा शर्तें तय की जाती हैं) से जुड़ी याचिकाओं को पांच जजों की संविधान पीठ को भेजा जाए।

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस बी.आर. गवई की अगुवाई वाली बेंच इस मामले की सुनवाई कर रही थी। याचिकाकर्ताओं की दलीलें पूरी सुनने के बाद, अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि के अनुरोध पर सुनवाई कुछ दिन के लिए टाल दी गई थी क्योंकि उन्हें एक इंटरनेशनल ऑर्बिट्रेशन में हिस्सा लेना था। लेकिन जब अगली सुनवाई से ठीक पहले केंद्र ने आधी रात को यह नई अर्जी दाखिल की, तो अदालत ने नाराजगी जताई।

गवई ने कहा कि हमें उम्मीद नहीं थी कि केंद्र सरकार इस तरह की रणनीति अपनाएगी और अदालत के साथ ऐसा खेल खेलेगी। यह चौंकाने वाली बात है कि याचिकाकर्ताओं की दलीलें पूरी होने के बाद सरकार अब 5 जजों की पीठ की मांग कर रही है।' उन्होंने कहा, 'हम इस अर्जी को खारिज करते हैं और यह भी दर्ज करते हैं कि केंद्र सरकार ऐसा कदम सिर्फ इसलिए उठा रही है क्योंकि मैं जल्द ही रिटायर होने वाला हूं।' अटॉर्नी जनरल ने सफाई देते हुए कहा कि सरकार का इरादा अदालत को गुमराह करने का नहीं था, बल्कि उन्हें लगा कि इसमें संविधान की व्याख्या से जुड़े गंभीर सवाल हैं, जिन्हें बड़ी पीठ को देखना चाहिए। लेकिन गवई ने दो टूक कहा, 'सरकार ने आधी रात को अर्जी दाखिल की, यह अदालत की प्रक्रिया के साथ खिलवाड़ है। अगर हमें लगेगा कि मामला पांच जजों की पीठ को भेजना जरूरी है, तो हम खुद ऐसा करेंगे।'

### अगली सुनवाई 7 नवम्बर तक टाली

इसके बाद अदालत ने अटॉर्नी जनरल की दलीलें सुनीं और मामले की अगली सुनवाई 7 नवम्बर तक टाल दी। सरकार की अर्जी में कहा गया था कि यह मामला संविधान की व्याख्या से जुड़े अहम सवाल उठाता है, इसलिए इसे संविधान पीठ को भेजा जाए। साथ ही केंद्र ने यह भी सवाल उठाया कि क्या सुप्रीम कोर्ट संसद को यह निर्देश दे सकता है कि वह कोई कानून किसी खास तरीके से बनाए, क्योंकि ऐसा करना संविधान के सेपरेशन ऑफ पावर यानी शक्तियों के विभाजन के सिद्धांत का उल्लंघन हो सकता है।

## सुप्रीम कोर्ट ने पॉक्सो एक्ट के दुरुपयोग पर जताई चिंता, कहा- पुरुषों को जागरूक किया जाए

**नई दिल्ली।** पॉक्सो एक्ट के गलत इस्तेमाल पर सुप्रीम कोर्ट ने चिंता जताई है। अदालत ने मंगलवार को कहा कि किशोरों के बीच वैवाहिक कलह और सहमति से बने संबंधों के मामलों में पॉक्सो अधिनियम का दुरुपयोग किया जा रहा है। कोर्ट ने इसके कानूनी प्रावधानों के बारे में पुरुषों में जागरूकता फैलाने की आवश्यकता पर जोर दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसे मामलों में गहन विवेचना आवश्यक है।



जस्टिस बी वी नागरत्ना और जस्टिस आर महादेवन की पीठ एक जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें रेप के दंडात्मक प्रावधानों और पॉक्सो एक्ट के बारे में लोगों को संवेदनशील बनाने के निर्देश देने की मांग की गई थी, ताकि महिलाओं के लिए एक बेहतर स्थान बनाया जा सके।

शीर्ष अदालत ने जनहित याचिका पर सुनवाई 2 दिसंबर तक के लिए स्थगित कर दी। कोर्ट ने कहा कि कुछ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों ने इस मामले में जवाब दाखिल नहीं किया है। अदालत ने इससे पहले वरिष्ठ अधिवक्ता आबाद हर्षद पोंडा द्वारा दायर याचिका पर केंद्र, केंद्रीय शिक्षा और सूचना एवं प्रसारण मंत्रालयों और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) को नोटिस जारी किए थे। पोंडा ने कहा कि लोगों को बलात्कार से संबंधित कानूनों और निर्भया मामले के बाद ऐसे कानूनों में हुए बदलावों के बारे में जानकारी देने की आवश्यकता है।

## हिंदुजा ग्रुप के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का निधन

**नई दिल्ली।** हिंदुजा समूह के चेयरमैन गोपीचंद पी हिंदुजा का 85 वर्ष वर्ष की आयु में लंदन के अस्पताल में निधन हो गया है।



ब्रिटिश हाउस ऑफ लॉर्ड्स के सदस्य रामी रेंजर ने एक बयान जारी कर उनके निधन पर संवेदना व्यक्त की।

गोपीचंद पी हिंदुजा मई 2023 में संभाली थी ग्रुप के अध्यक्ष पद की कमान। गोपींचद का ताल्लुक हिंदुजा परिवार की दूसरी पीढ़ी से था और मई 2023 में उन्होंने ग्रुप के अध्यक्ष पद की कमान तब संभाली थी, जब उनके बड़े भाई श्रीचंद का निधन हुआ था। उनके परिवार में पत्नी सुनीता, बेटे संजय और धीरज व बेटी रीता हैं।

## बिहार में पहले चरण का चुनाव प्रचार थमा

### कल पहला मतदान, सभी दलों ने झोंकी ताकत

**नई दिल्ली/पटना, ( एजेंसियां )।** बिहार में पहले फेज की सीटों पर चुनाव प्रचार मंगलवार शाम पांच बजे थम गया। 6 नवम्बर को 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान होगा। अंतिम दिन बिहार की सभी राजनितिक पार्टियों ने प्रचार में पूरी ताकत झोंकी। चुनाव प्रचार थमने के बाद अब प्रत्याशी डोर टू डोर करेंगे चुनाव प्रचार। 6 नवम्बर को हाने वाले मतदान में 3.75 करोड़ मतदाता करेंगे 1314 उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला। प्रचार थमने से पहले सभी राजनीतिक दलों ने अपनी पूरी ताकत सभाओं और रैलियों में झोंकी।

### 121 विधानसभा सीटों पर होगा मतदान

इंदौर में 13 नवंबर को होगी टेकग्रोथ कॉन्क्लेव

## तकनीकी नवाचार और निवेश का होगा ऐतिहासिक संगम : मुख्यमंत्री

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर के ब्रिलिएंट कन्वेंशन सेंटर में 13 नवंबर को आयोजित होने वाला मध्यप्रदेश टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0, प्रदेश को तकनीक, नवाचार और निवेश का वैश्विक केंद्र बनायेगा। विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा किये जा रहे इस आयोजन से राज्य की तकनीकी और औद्योगिक प्रगति के अगले चरण की रूपरेखा तय की जायेगी।



### मुख्यमंत्री करेंगे उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक

साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जायेगा कि मध्यप्रदेश टियर-2 भारत की तकनीकी क्रांति का नेतृत्व कर सके। कॉन्क्लेव में राज्य सरकार का टेक्नोलॉजी-फर्स्ट इकोनॉमी विजन भी प्रस्तुत किया जायेगा। इसमें दर्शाया जाएगा की मध्यप्रदेश नवाचार, कौशल और उद्यमिता के समन्वय से समावेशी आर्थिक विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कॉन्क्लेव के प्रतिभागी उद्योग जगत के प्रतिनिधियों से वन-टू-वन बैठक भी करेंगे। कॉन्क्लेव की थीम पॉवरिंग टियर-2, प्रोपेलिंग इंडिया रखी गई है। कॉन्क्लेव 2.0 का उद्देश्य राज्य के तकनीकी पारिस्थितिकी तंत्र में नवाचार, निवेश और सहयोग के माध्यम से नई गति लाना है। कॉनक्लेव की थीम इस तथ्य को रेखांकित करेगी कि भारत की विकास यात्रा में अब टियर-2 शहर अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। मध्यप्रदेश इस परिवर्तन का केंद्र बन रहा है। इंदौर, भोपाल, ग्वालियर और जबलपुर जौसे शहर तेजी से टेक्नोलॉजी, इनोवेशन और उद्यमिता के नए हब के रूप में उभर रहे हैं।' टेक ग्रोथ कॉन्क्लेव 2.0% नीति-निर्माताओं, वैश्विक निवेशकों और उद्योग जगत के प्रमुख नेतृत्वकर्ता उद्यमियों का संगम होगा। कॉनक्लेव में इस बार 500 से अधिक प्रतिभागियों के शामिल होने की संभावना है।

कॉन्क्लेव का शुभारंभ एमपी जीसीसी लीडरशिप कनेक्ट सत्र से होगा। इस सत्र में देशभर के 30 से अधिक ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स (जीसीसीएस) के प्रतिनिधि भाग लेंगे। यह संवाद सत्र मध्यप्रदेश को पसंदीदा जीसीसी गंतव्य के रूप में स्थापित करने की रणनीति पर केंद्रित रहेगा। इस दौरान एमपी जीसीसी विज़न डॉक्यूमेंट तैयार किया जाएगा।







स्कूली शिक्षा में एनसीईआरटी का बदलाव

## 9वीं से 12वीं का नया सिलेबस होगा लागू

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** देश की स्कूली शिक्षा में बड़े बदलाव की प्रक्रिया जारी है। इसी कड़ी में नेशनल काउंसिल ऑफ एजुकेशन रिसर्च ट्रेनिंग (एनसीईआरटी) 9वीं से 12वीं कक्षा के लिए नया सिलेबस लागू करने की तैयारियों में जुट गया है। एनसीईआरटी की एक्सपर्ट कमेटी नए सिलेबस के अनुरूप नई किताबें तैयार कर रही है।

इस बड़े बदलाव के लागू होने के बाद पुराने सिलेबस से पढ़कर आने वाले कुछ छात्रों को एक अनिवार्य ब्रिज कोर्स भी करना होगा। बता दें कि इससे पूर्व, एनसीईआरटी कक्षा 1 से 8 तक के नए सिलेबस के अनुरूप किताबें तैयार कर चुका है, जिन्हें स्कूलों में लागू किया जा चुका है।

एनसीईआरटी की योजना के मुताबिक, 9वीं से 12वीं तक का नया सिलेबस शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू किया जाएगा। इसको देखते हुए नई किताबों पर तेजी से काम चल रहा है। जानकारी के मुताबिक, 9वीं और 11वीं कक्षा की नई किताबें अगले साल फरवरी तक उपलब्ध हो जाएंगी, जबकि 10वीं और 12वीं की नई किताबें जुलाई तक उपलब्ध होने की संभावना है।




एनसीईआरटी 9वीं से 12वीं कक्षा का यह नया सिलेबस नेशनल करिकुलम फ्रेमवर्क (एनसीएफ) के आधार पर तैयार कर रहा है। एनसीएफ के अनुसार, नए सिलेबस में कंटेंट (पाठ्य सामग्री) को कम किया गया है। इसकी जगह, छात्रों को एक्टिविटीज (गतिविधियों) और ग्राफिक्स के जरिए सिखाने पर काफी जोर दिया गया है।

### शैक्षणिक सत्र 2026-27 से लागू होगा

जब नया सिलेबस लागू होगा, तो पुराने और नए सिलेबस के बीच के अंतर को पाटने के लिए कुछ छात्रों को एक ब्रिज कोर्स करना अनिवार्य होगा। एनसीईआरटी इसके लिए भी किताबें तैयार कर रहा है। जानकारी के मुताबिक, जब नया सिलेबस लागू होगा, उस वक्त 11वीं कक्षा में आने वाले (यानी पुराने सिलेबस से 10वीं पास करने वाले) छात्रों को 6 सप्ताह का ब्रिज कोर्स करना होगा। इसी तरह, 9वीं पास करके 10वीं कक्षा में जाने वाले छात्रों को भी यह ब्रिज कोर्स करना होगा, क्योंकि वे 9वीं की पढ़ाई पुराने सिलेबस से करेंगे और 10वीं में उन्हें एकदम नए सिलेबस से पढ़ाया जाएगा।

# देश-विदेश

## माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में 30 हजार देंगे : तेजस्वी

**पटना।** राजद नेता और महागठबंधन के मुख्यमंत्री चेहरे तेजस्वी यादव ने पटना में जीविका दीदियों से जुड़े अपने पुराने वादे को भी दुहराया। उन्होंने कहा कि उनकी सरकार बनी तो 14 जनवरी को माई बहिन मान योजना के तहत महिलाओं के खाते में 30 हजार देंगे। तेजस्वी ने कहा कि मकर संक्रांति के दिन, 14 जनवरी को, पूरे साल भर का 30 हजार महिलाओं के खाते में ट्रांसफर करेंगे। 5 साल के दौरान कुल डेढ़ लाख मिलेंगे। राज्य की जीविका दीदियों को स्थायी किया जाएगा। उन्हें 30,000 प्रतिमाह वेतन दिया जाएगा।

## दिल्ली-एसीआर के प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट सख्त,कहा-

# समस्या आने से पहले सीएक्यूएम उठाए कदम

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** दिल्ली-एनसीआर में बढ़ते वायु प्रदूषण पर सुप्रीम कोर्ट ने सख्ती दिखाते हुए सोमवार को वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) से हलफनामा मांगा है। अदालत ने आयोग से पूछा कि अब तक प्रदूषण रोकने के लिए क्या-क्या कदम उठाए गए हैं।

मुख्य न्यायाधीश बी. आर. गवई और जस्टिस के. विनोद चंद्रन की पीठ ने कहा कि अधिकारी सिर्फ स्थिति बिगड़ने पर कदम न उठाएं, बल्कि पहले से ही तैयारी करें ताकि हालात गंभीर न हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि आयोग को यह स्पष्ट करना होगा कि प्रदूषण को 'गंभीर स्तर' तक पहुंचने से रोकने के लिए उसने कौन से कदम उठाए हैं। अदालत ने आदेश दिया कि सीएक्यूएम एक विस्तृत हलफनामा दाखिल करे जिसमें पहले से



की जा रही और प्रस्तावित कार्रवाइयों का विवरण दिया जाए। कोर्ट ने यह भी कहा कि एजेंसियों को सिर्फ 'प्रतिक्रिया' देने के बजाय 'पहले से तैयारी' करनी होगी। सुनवाई के दौरान वरिष्ठ अधिवक्ता अपराजिता सिंह, जो अदालत की एमिकस क्यूरी के रूप में सहायता कर रही हैं, ने कहा कि दीवाली के दौरान दिल्ली के कई एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग स्टेशन काम ही नहीं कर रहे थे।

उन्होंने बताया कि 37 में से सिर्फ नौ स्टेशन ही लगातार सक्रिय थे। सिंह ने कहा कि अगर मॉनिटरिंग स्टेशन सही

### वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग से मांगा हलफनामा

तरह से काम नहीं करेंगे, तो यह तय करना ही मुश्किल होगा कि कब 'ग्रेडेड रिस्पॉन्स एक्शन प्लान' यानी ग्रैप लागू करना है। सीएक्यूएम की ओर से पेश वकील ने कहा कि प्रदूषण के आंकड़ों की निगरानी का काम केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड का है। इस पर अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने अदालत को भरोसा दिलाया कि सभी एजेंसियां जल्द ही अपनी रिपोर्ट दाखिल करेंगी। कोर्ट ने याद दिलाया कि पहले भी उसने आदेश दिया था कि एजेंसियां केवल तब कार्रवाई न करें जब प्रदूषण बढ़ जाए, बल्कि समय रहते उसे रोकने के उपाय करें।

### रविवार से खराब है दिल्ली की आबो हवा

राजधानी में हवा की गति सुस्त पड़ने और पारा गिरने से लोगों का सांसों पर संकट बरकरार है। ऐसे में प्रदूषण धीरे-धीरे गंभीर श्रेणी की ओर पहुंच रहा है। दिल्ली में सर्दी की दस्तक के साथ ही वायु प्रदूषण का साया फिर गहरा गया है। ऐसे में रविवार को एक बार फिर हवा खराब श्रेणी में दर्ज की गई। सुबह की शुरुआत धुंध और हल्के कोहरे से हुई, जिससे लोगों को सांस लेने में तकलीफ हुई। दिनभर आसमान में हल्की स्मॉग की चादर देखने को मिली। इसके चलते सुबह के समय दृश्यता भी कम रही।

# अमेरिका में शटडाउन से हवाई अड्डे बुरी तरह प्रभावित, हजारों उड़ानें विलंबित

**वाशिंगटन.** अमेरिका में शटडाउन की स्थिति एक महीने से भी ज्यादा समय से चल रही है। इसका असर अब हवाई अड्डों पर साफ दिखने लगा है। कर्मचारियों की कमी के कारण उड़ानों में देरी और सुरक्षा जांच की लंबी लाइनें बढ़ती जा रही हैं।

पिछले सप्ताहांत स्थिति और खराब हो गई। सिर्फ रविवार को ही पूरे अमेरिका में पांच हजार से ज्यादा उड़ानें देर से चलीं। सोमवार को व्हाइट हाउस ने इसके लिए डेमोक्रेट नेताओं को जिम्मेदार बताया और कहा कि उनकी राजनीति की वजह से आम लोग परेशान हो रहे हैं। वहीं डेमोक्रेट दल का कहना है कि सरकार और राष्ट्रपति गलत आरोप लगा रहे हैं।

शटडाउन कब खत्म होगा, यह तय नहीं है। ऐसे में यातायात विभाग ने चेतावनी दी है कि आगे और उड़ानें देर से चलेंगी या रद्द भी हो सकती हैं। हवाई यातायात नियंत्रक को भी बिना वेतन के काम करना पड़ रहा है। परिवहन सचिव शॉन डफी ने कहा कि इन कर्मचारियों पर वित्तीय बोझ बढ़ रहा है और यदि यही स्थिति जारी रही तो कई लोग नौकरी छोड़ने पर मजबूर हो जाएंगे। उन्होंने यह भी बताया कि देश में पहले से ही लगभग 2,000 से 3,000 नियंत्रकों की कमी है।

फ्लाइटअवेयर के आंकड़ों के अनुसार, सोमवार दोपहर तक 2,530 से ज्यादा उड़ानें देरी से चल रही थीं और 60 से ज्यादा रद्द कर दी गई थीं। सोमवार दोपहर तक ढाई हजार से अधिक उड़ानें देर से चलीं और साठ से ज्यादा रद्द करनी पड़ीं। मुख्य हवाई अड्डों पर इसका सबसे ज्यादा असर देखने के लिए मिला। हवाई अड्डों पर सुरक्षा जांच भी प्रभावित हुई है। लोगों को सिक्योरिटी लाइन में तीन घंटे तक इंतजार करना पड़ रहा है। इसी तरह कई अन्य बड़े शहरों के हवाई अड्डों में भी इंतजार का समय बढ़ गया है। रिपब्लिकन दल डेमोक्रेट पर गैरकानूनी प्रवासियों को स्वास्थ्य सुविधा देने की मांग करने का आरोप लगा रहा है, जिसे डेमोक्रेट्स गलत बता रहा है। डेमोक्रेट नेताओं का कहना है कि वे तो केवल अमेरिकी नागरिकों के लिए पहले से जारी स्वास्थ्य लाभ में की गई कटौती वापस करवाना चाहते हैं।

# तीन हजार करोड़ रुपये के डिजिटल अरेस्ट पर सुप्रीम कोर्ट की कड़ी टिप्पणी

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार (03 नवंबर, 2025) को डिजिटल अरेस्ट से सख्ती से निपटने की बात कही है। इन मामलों में साइबर क्रिमिनल लोगों को नकली सरकारी अधिकारी, पुलिस के अधिकारी या फिर जांच अधिकारी बनकर खासकर बुजुर्गों को डिजिटल अरेस्ट कर लेते हैं और पैसे ऐंठते हैं।अदालत ने यह भी कहा कि पीड़ितों से लगभग 3 हजार करोड़ रुपये वसूल लिए गए हैं और यह समस्या आगे बढ़ने वाली है। जस्टिस सूर्यकांत की अगुवाई वाली बेंच ने कहा कि कोर्ट इस मुद्दे पर सभी पार्टियों को सुनेगा और एक न्यायमित्र, वरिष्ठ वकील एनएस नप्पिनई की नियुक्ति करेगा। मामले पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लिया है।

जस्टिस सूर्यकांत ने कहा, यह चौंकाने वाला मामला है कि अकेले हमारे देश में पीड़ितों से लगभग 3,000 करोड़ रुपये वसूले गए हैं। अगर हम इसे अभी नजरंदाज करते हैं और कड़े और सख्त आदेश पारित नहीं करते हैं तो समस्या और बढ़ जाएगी। हम इससे सख्ती से निपटने का पक्का इरादा रखते हैं।



सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि सबसे दुखद बात यह है कि पीड़ित खासकर बुजुर्ग लोग हैं। उन्होंने कोर्ट को बताया कि गृह मंत्रालय में एक स्पेशल यूनिट है जो ऐसी शिकायतों की जांच कर रही है। उन्होंने विस्तारित रिपोर्ट फाइल करने के लिए समय की मांग की।

मामले पर बात करते हुए अदालत ने कहा कि इससे निपटने के लिए डोमेन एक्सपर्ट्स की जरूरत पड़ सकती है। कोर्ट ने कहा, यह एक बहुत बड़ी चुनौती है। कुछ बहुत चौंकाने वाला। हमें नहीं पता कि दूसरे देशों में क्या हो रहा है। हमें नहीं पता कि टेक्निकल और फाइनेंशियल पिलर कैसे काम कर रहे हैं। हमें उनकी क्षमताओं को मजबूत करने की जरूरत है। अगर हम चूक गए या नजरअंदाज किया और सख्त आदेश जारी नहीं किए तो समस्या और बढ़ जाएगी। जस्टिस कांत ने कहा कि उनके ऑफिस ने गृह मंत्रालय से मिली सीलबंद रिपोर्ट के आधार पर एक छोटी रिपोर्ट तैयार की है और कुछ काम के सुझाव सामने आए हैं। थोड़ी देर की सुनवाई के बाद कोर्ट ने कहा कि सही निर्देश दिए जाएंगे। मामले को 10 नवंबर को लिस्ट करने का आदेश दिया गया। 27 अक्टूबर को पिछली सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि वह केंद्रीय जांच ब्यूरो से साइबर फ्रॉड और डिजिटल अरेस्ट के बढ़ते मामलों की जांच करने के लिए कह सकता है।


**M.P. POWER MANAGEMENT CO. LTD.**
Office of The Executive Engineer (Civil), Dn-I, Rampur, Jabalpur

**TENDER INVITATION**

| | | |
|---|---|---|
| 1 | Tender No. | 2025_MPPMC_460647_1 |
| 2 | Tender Specification No | EE/C/I/1094 |
| 3 | Tender Type/Mode of Tender | Double Envelope/e-Tendering |
| 4 | Tender for | External & Internal painting of Chairman Bungalow & ST type quarters at MPPMCL Rampur, Jabalpur. |
| 5 | Bids Submission Last Date & Time | 14-Nov-2025 15:00:00 |
| 6 | Tender opening date and time | 17-Nov-2025 15:30:00 |
| 7 | Bid Fee (INR) | Rs. 590/- (with GST) |
| 8 | Earnest Money (INR) | Rs.19,500/- |
| 9 | Eligibility of Contractor | Registered in MPPMCL in D or above category or having experience as per bid data sheet. |
| 10 | Tender Forms Available at Website | www.mptenders.com |
| 11 | Contract No. for any other details required. | 0761-2702833/2702888 |

**Note-**The due date of extension or any corrigendum will not be published in newspapers and only uploaded on MP Tenders Site.
M.P. Madhyam/122825/2025 EXECUTIVE ENGINEER (CIVIL)


### पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट में बड़ा धमाका, बेसमेंट के ब्लास्ट से ऊपर तक उड़े चीथड़े

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट के बेसमेंट में हुए विस्फोट में कम से कम 12 लोग घायल हो गए। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्टों के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के बेसमेंट कैफेटेरिया में एक गैस सिलेंडर फट गया, जिससे पूरी इमारत हिल गई। इस विस्फोट का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें सुप्रीम कोर्ट की इमारत को मामूली नुकसान हुआ है। बताया जा रहा है कि जोरदार धमाका कोर्ट परिसर की निचली मंजिलों तक गूंज उठा, जिससे इमारत के अंदर दहशत फैल गई। एक्सप्रेस ट्रिब्यून की रिपोर्ट के अनुसार, विस्फोट के बाद वकीलों और अदालत के कर्मचारियों को इमारत से बाहर निकालकर बाहर खुले क्षेत्रों में ले जाया गया। इस्लामाबाद के महानिरीक्षक अली नासिर रिज़वी ने एक्सप्रेस ट्रिब्यून को बताया कि सुप्रीम कोर्ट कैंटीन में सुबह 10:55 बजे गैस विस्फोट हुआ। उन्होंने बताया कि 12 लोग घायल हुए हैं और उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया।


**निविदा/ नियुक्ति/ जाहिरात**

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं वार्ड नं 18 नया बाजार नं. 2 दमोह तहसील व जिला दमोह का निवासी भारतीय पासपोर्ट में असलम सौदागर दर्ज है आधार कार्ड मतदाता परिचय पत्र में मोहम्मद असलम दर्ज है। असलम सौदागर पिता रफीक मुहम्मद है अतः मोहम्मद असलम पिता रफीक मुहम्मद दर्ज किया जाए।


### बॉम्बे हाईकोर्ट से 2011 मुंबई बम ब्लास्ट के आरोपी को जमानत

**मुंबई।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने मंगलवार को 2011 के मुंबई ट्रिपल बम ब्लास्ट मामले के एक 65 वर्षीय आरोपी कफील अहमद मोहम्मद अयूब को जमानत दे दी। इन धमाकों में 27 लोगों की मौत हुई थी और 120 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। न्यायमूर्ति एएस गडकरी और आरआर भोसले की खंडपीठ ने अयूब को एक लाख रुपये के मुचलके पर जमानत मंजूर की। अदालत का विस्तृत आदेश अभी आना बाकी है। 13 साल से मुंबई सेंट्रल जेल में बंद है।

### भारत-इजरायल बैठक में बोले जयशंकर

# आतंक पर जीरो टॉलरेंस का दृष्टिकोण अपनाए विश्व

**नई दिल्ली, (एजेंसियां)।** भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी को और मजबूत बनाने के उद्देश्य से विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने इजरायल के विदेश मंत्री गिदोन सार से नई दिल्ली में मुलाकात की। इस बैठक में दोनों देशों ने आतंकवाद, नवाचार, कृषि और वैश्विक शांति जैसे मुद्दों पर गहन चर्चा की। जयशंकर ने कहा भारत और इजरायल के बीच रणनीतिक साझेदारी का असली अर्थ है-भरोसा, सहयोग और साझा मूल्यों पर आधारित रिश्ता। हमने कठिन समय में एक-दूसरे का साथ दिया है। दोनों देशों के सामने आतंकवाद की समान चुनौती है, इसलिए यह जरूरी है कि दुनिया आतंकवाद के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' का दृष्टिकोण अपनाए। इजरायली विदेश मंत्री गिदोन सार ने कहा हम प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मजबूत एकजुटता की सराहना करते हैं। हम याद रखते हैं कि सात अक्टूबर को हमास के हमले के बाद पीएम मोदी पहले विश्व नेता थे जिन्होंने प्रधानमंत्री नेतन्याहू को फोन किया था। हम इसे कभी नहीं भूलेंगे।



### गाजा शांति योजना पर भारत का समर्थन

जयशंकर ने गाजा क्षेत्र की स्थिति पर चिंता जताते हुए कहा कि भारत 'गाजा पीस प्लान' का समर्थन करता है और उम्मीद करता है कि यह एक स्थायी शांति समाधान का मार्ग प्रशस्त करेगा। उन्होंने बंधकों की रिहाई और मृतकों के पार्थिव अवशेषों की वापसी का स्वागत भी किया। विदेश मंत्री का कि दोनों देशों के बीच हाल ही में हुआ द्विपक्षीय निवेश समझौता एक अहम कदम है। उन्होंने बताया कि कृषि, अर्थव्यवस्था, पर्यटन और वित्त से जुड़े इजरायली मंत्री पहले ही भारत का दौरा कर चुके हैं। जयशंकर ने कहा भारत ने रेल, सड़क, बंदरगाह, स्वास्थ्य और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्रों में नई क्षमताएं विकसित की हैं। हम इजरायलके साथ इन क्षेत्रों में साझेदारी को और गहराई देना चाहते हैं।

## जम्मू में चार साल के बाद सजा 'दरबार

# अब छह माह तक जम्मू से संचालित होगी सरकार

**सुरेश एस डुग्गर**

**जम्मू, (एजेंसियां)।** कश्मीरियों की आशंका के माहौल के बीच केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की शीतकालीन राजधानी जम्मू में सोमवार सुबह 'दरबार' सज गया। अब छह महीने के लिए नागरिक सचिवालय व अन्य मूव कार्यालय जम्मू में ही काम करेंगे। जम्मू में 'दरबार मूव' समारोह में शामिल होने पहुंचे मुख्यमंत्री अब्दुल्ला का गर्मजोशी से स्वागत किया गया और उन्हें गार्ड आफ आनर दिया गया।

समारोह के बाद अब्दुल्ला ने जम्मू स्थित सचिवालय परिसर का भी निरीक्षण किया। इस बीच, क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था भी कड़ी कर दी गई थी। इस अवसर पर जम्मू-कश्मीर के उप-मुख्यमंत्री सुरिंदर चौधरी ने खुशी जताई और इस परंपरा को जम्मू के महाराजा की विरासत से जुड़ा बताया। वे कहते थे कि लोग खुश हैं, सभी खुश हैं। भाजपा वाले कहते थे कि नेशनल कांफ्रेंस जम्मू विरोधी है।

आज उमर अब्दुल्ला सरकार ने दिखा दिया है कि जिस दरबार मूव को आपने रोका था, उसे उमर अब्दुल्ला सरकार ने शुरू किया है। अब जम्मू के लोगों को तय करना है कि भाजपा उनके हित में है या उमर अब्दुल्ला सरकार या नेशनल कांफ्रेंस उनके हित में है। यह महाराजा की विरासत है, जिसकी शुरुआत हमने आज की है और सही मायने में हमने महाराजा साहब को श्रद्धांजलि दी है। दरबार मूव का तात्पर्य जम्मू-कश्मीर के सचिवालय और अन्य सभी सरकारी कार्यालयों के एक राजधानी शहर से दूसरे राजधानी शहर में अर्धवार्षिक स्थानांतरण से है। मई से अक्टूबर तक, सरकारी कार्यालय ग्रीष्मकालीन राजधानी

### दरबार मूव समारोह में उमर अब्दुल्ला ने लिया गार्ड ऑफ ऑनर

श्रीनगर में संचालित होते थे, जबकि शेष छह महीने वे शीतकालीन राजधानी जम्मू में कार्य करते थे। इतना जरूर था कि 'दरबार मूव' की परंपरा को बंद करने का समर्थन मात्र मुट्ठीभर उन लोगों द्वारा ही किया जा रहा है जो एक राजनीतिक दल विशेष से जुड़े हुए हैं जबकि जम्मू का व्यापारी वर्ग इससे दुखी इसलिए था क्योंकि इतने सालों से कश्मीर से दरबार के साथ सर्दियों में जम्मू आने वाले लाखों लोगों पर उनका व्यापार निर्भर रहता था।

पारंपरिक दरबार मूव की बहाली पर मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला कहते थे आप इसकी गंभीरता इसी बात से समझ सकते हैं

### उपराज्यपाल ने 2021 में लगाई थी रोक

2021 में उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर में दरबार मूव की प्रथा को महंगा और सरकारी खजाने पर बोझ बताते हुए बंद कर दिया था। जबकि उसके प्रति सच्चाई यह थी कि यह गैर सरकारी तौर पर लगभग 500 कर्मियों के साथ जारी था। यह कर्मी उपराज्यपाल, मुख्य सचिव और वित्त विभाग के वित्त आयुक्त, सामान्य प्रशासनिक विभाग के आयुक्त सचिव तथा पुलिस महानिदेशक के कार्यालयों में लिए गए हैं जो दोनों राजधानियों में आ-जा रहे थे।

कि हमें उस जगह पहुंचने में दो घंटे लग गए जहां पहले हम पांच मिनट में पहुंच सकते थे। दरबार मूव पर रोक लगना जम्मू के लिए एक बड़ा झटका था। मैंने इसे बहाल करने का वादा किया था और आज हमने वह वादा पूरा कर दिया है। इससे जम्मू की अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिलेगा - लेकिन हर चीज को पैसे से नहीं जोड़ा जाना चाहिए, जिसे इस प्रथा को खत्म करने का एक कारण बताया गया था।


**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रांझी जिला जबलपुर**

पत्र क्रमांक/47/री./अ.वि.अ./रांझी/2025 जबलपुर दिनांक 29/10/2025

**आम इश्तहार**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, अपीलार्थी श्री / श्रीमति, प्रदीप बैनर्जी पिता स्व. श्री सुनील कुमार बैनर्जी, गौतम कुमार बैनर्जी पिता स्व. सुनील कुमार बैनर्जी, अजय कुमार बैनर्जी पिता स्व. श्री सुनील कुमार बैनर्जी तीनो निवासी 2180, निर्मल चंद्र जैन वार्ड न्यू कंचनपुर अधारताल जबलपुर के आवेदन पत्र में मौजा भडपुरा स्थित खसरा नं. 52/69 प्लाट नं0 61 रकवा 0.0220 हेक्ट में से 2400 वर्गफुट भूमि अपीलार्थी की ओर से अधिवक्ता उपस्थित होकर यह अपील अनावेदक/ उत्तरवादी 1. सविता भट्टाचार्य निवासी 204ए विवेक कॉलोनी गोसल कॉम्पलेक्स के पास रांझी जबलपुर 2. गोपा गांगुली निवासी ए/8. प्रीत विहार नेवाईधाम रेस्टॉरेन्ट नर्मदा रोड जबलपुर 3. सुमिता मुखर्जी निवासी 2503/1 न्यू कंचनपुर तीन पुलिया निर्मलचंद जैन वार्ड अधारताल जबलपुर के विरूद्ध तहसीलदार रांझी जबलपुर रा.प्र.क्र. 1283/अ-6/2024-25 आदेश दिनांक 06.01. 2025 से व्यथित होकर इस न्यायालय में अपील प्रस्तुत की गई। अपील आवेदन पत्र म.प्र. भू.रा. सहिता. 1959 की धारा 44 के तहत् आवेदन पत्र प्रस्तुत कर निवेदन किया गया है कि अपीलार्थी का नाम समस्त राजस्व रिकार्ड व खसरा पाँचसाला में दर्ज किए जाने का आदेश पारित किया जावे।

अतः उक्त संबंध में किसी भी व्यक्ति / संस्था को आपत्ति हो तो कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी राजस्व रॉझी तहसील रॉझी जिला जबलपुर में कक्ष क्रमांक 6 में दिनांक 12/11/2025 को अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि के बाद प्राप्त दावा/आपत्तियों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

न्यायालय की मुहर एवं हस्ताक्षर से आज दिनॉक 29/10/2025 को जारी।

जारी दिनांक 29/10/2025
पेशी दिनांक 12/11/2025

**अनुविभागीय अधिकारी (रा.) रांझी जबलपुर**

र.नं. 2489



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित हो श्रीमती सुनीता चतुर्वेदी पत्नि श्री कृष्ण चन्द्र चतुर्वेदी निवासी-1195, लोधी मोहल्ला हाउबाग स्टेशन के पास, गोरखपुर, जबलपुर द्वारा अपने स्वामित्व की संपत्ति डायवर्टेड भूमि पर स्थित आवासीय उपयोग का मकान स्थित मौजा पुरवा नं.ब. 162 प.ह.नं. 28/33 नया 7, रा.नि.मं. जबलपुर-1 मडफैया सुभाष नगर, जबलपुर, महाराणा प्रताप वार्ड, तह. व जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 85/7 का भाग रकवा 405 वर्गफुट एवं खसरा नं. 85/10 का भाग रकवा 75 वर्गफुट कुल रकवा 480 वर्गफुट प्लाट जिस पर तल मंजिल निर्मित रकवा 405 वर्गफुट आर.सी.सी. पक्का मकान एवं रकवा 75 वर्गफुट खाली भूमि स्थित तह. जिला जबलपुर को विक्रय पत्र दिनांक 01.09.2016 को ई रजि. नं. एमपी 182552016ए 1510468 द्वारा शंकरलाल पटैल पिता छिदामीलाल पटेल से क्रय किया है जबकि शंकर लाल पटेल ने उक्त संपत्ति के भाग खसरा नं. 85/7 की भूमि विक्रय पत्र दिनांक 24.11.2014 दस्तावेज क्रमांक 3222 द्वारा विक्रेता अजरा बानो पत्नि क्यूहोदा से क्रय की थी एवं संपत्ति खसरा नं. 85/10 की भूमि विक्रय पत्र दिनांक 15.07.2013 दस्तावेज क्रमांक 1185 द्वारा विक्रेता एम.ए.एच. खान पिता शमशाद हुसैन से क्रय की थी। यह कि उक्त दोनों विक्रय पत्र दिनांक 24.11.2019 दस्तावेज क्रमांक 3222 एवं विक्रय पत्र दिनांक 15.07.2013 पंजीयन क्रमांक 1185 श्रीमती सुनीता चतुर्वेदी के पास उपलब्ध न होने से इनकी प्रमाणित प्रतिलिपि के साथ मूल विक्रय पत्र दिनांक 01.09.2016 ऋण की प्रतिभूति के तौर पर उक्त वर्णित संपत्ति को मेरे पक्षकार बैंक में बंधक रखकर ऋण लिया जा रहा है। अतः इस संबंध में किसी भी व्यक्ति बैंक वित्त संस्थान व अन्य किसी का हित हो तो वह इस सूचना प्रकाशन के 7 दिवस के अंदर मेरे समक्ष आपत्ति वाले दस्तावेजों के साथ प्रस्तुत कर अपनी आपत्ति दर्ज करवा सकता है बाद मियाद सभी आपत्तियां अमान्य होंगी एवं मेरा पक्षकार बैंक उक्त वर्णित संपत्ति पर श्रीमती सुनीता चतुर्वेदी को ऋण प्रदान करने स्वतंत्र रहेगा।

सुधीर कुमार सराफ
अधिवक्ता
म.प्र. उच्च न्यायालय जबलपुर म.प्र.
चेम्बर नं. 55, प्रथम तल, कचनार
सिटी गेट के पास, विजय नगर, जबलपुर
र.नं. 2484 मो.नं. 9826536843



**आम सूचना**

सर्वसाधारण/आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्री सतीश पटैल पिता स्व. श्री बाबू लाल पटेल द्वारा भूमि मौजा पिपरियाबनियाखेड़ा, पटवारी हल्का नं. (00129 खजरी) रा.नि. मण्डल पनागर, तहसील पनागर व जिला जबलपुर स्थित भूमि खसरा नं. 288/2 का कुल रकवा 0.110 हेक्ट. भूमि मे से 25 फुट बाई 80 फुट याने 2000 वर्गफुट प्लाट जिसकी चर्तुसीमा उत्तर में, 40 फुट साईड रोड, दक्षिण में, खसरा नं. 288/7, पूर्व में खसरा नं. 289/1/1 एवं पश्चिम में पुंस्ता मुख्य मार्ग, को क्रय करने का सौदा विक्रय अनुबंध पत्र दिनाँक 18/10/2025 के माध्यम से विक्रेता भूमि स्वामी शिखा पटैल एवं स्वाति पटेल दोनों के पिता श्री संत कुमार पटैल निवासी 1/1, पुंस्ता रोड, ग्राम पिपरियाबनियाखेड़ा, जबलपुर वालों से कर लिया गया है, उपरोक्त संपत्ति के विक्रय पत्र का पंजीयन होना है। अतः उपरोक्त संपत्ति से संबंधित किसी व्यक्ति, संस्था, महाजनी ऋण, शासकीय व अशासकीय विभागों, वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो उक्त सूचना दिनाँक से 15 दिवस के भीतर मय दस्तावेजों के मेरे कार्यालय में उपस्थित होकर आपत्ति दर्ज करा सकते है, अवधि उपरांत किसी भी प्रकार की आपत्ति मान्य नही होगी व मेरे पक्षकार द्वारा शीघ्र ही उक्त संपत्ति का पंजीयन उपपंजीयक कार्यालय जबलपुर में करा लिया जावेगा।

दि.-04/11/2025

**उमेश कुमार पटेल**
(एडवोकेट मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय)
मदन गोपाल मार्केट अमखेरारोड, गोहलपुर, जबलपुर
मो.- 9301881916



**न्यायालय नायब तहसीलदार अधारताल, जबलपुर**

**इश्तहार**

रा.प्र.क्र. 1042/ अ-6/2025 -26

आवेदक अब्दुल रसीद खान पिता अब्दुल करीम खान निवासी:- 101/62 जवाहरगंज वार्ड द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र क्र..... दिनांक .... के माध्यम से मौजा/नजूल ब्लाक बैतला नं.बं. 52 प.ह.न. 01 स्थित भूमि खसरा नं./प्लाट नं. 180/110/2/7/1 रकवा 1206 व.फु. पर विक्रेता/वसीयतकर्ता श्री मो. यासीन पिता पीर मो. से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं फार्म पी-।। खसरा की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। वर्तमान भूमि स्वामी..... के नाम दर्ज है।

अतः उपरोक्त नामांतरण किये जाने में यदि किसी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 10/11/25 तक इस न्यायालय में स्वयं उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। नियत पेशी दिनांक के पश्चात् प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 4/11/25 इश्तहार किया गया।

जारी दिनांक- 04/11/2025
पेशी दिनांक- 10/11/2025

कृति

**नायब तहसीलदार, तहसील अधारताल जबलपुर**



**आम सूचना**

मैं अपने पक्षकार श्रीमती ज्योति साहू पति श्री मुकेश साहू एवं श्री अंशुल साहू पिता मुकेश साहू दोनों निवासी 1192, इन्द्रागांधी वार्ड ज्योतिनगर गढ़ा तहसील व जिला जबलपुर से प्राप्त निर्देशों के अनुसार आम सूचना प्रेषित करता हूँ कि, मेरा पक्षकार संपत्ति मौजा कछपुरा मकान नं. 1191 आबादी, आवासीय भूमि प्लाट एरिया 850 वर्गफीट निर्मित चीप कड़ी का तल मंजिल एरिया 626 वर्गफीट एवं प्रथम तल एरिया 188 वर्गफीट पर कच्चा खपरैल मकान जिसकी चौहद्दी उत्तर में 30 फीट रोड, दक्षिण में राजेन्द्र साहू जी का मकान पूर्व में गौरीशंकर का मकान, पश्चिम में समीर खान का मकान स्थित है जिसके क्रय-विक्रय किये जाने का अनुबंध दिनांक 03.07.2025 श्री हीरा यादव पिता श्री शंकर लाल यादव निवासी 1185, ज्योति नगर गढ़ा तहसील व जिला जबलपुर स मेरे पक्षकार ने किया है उक्त संपत्ति हीरा यादव किसी अन्य को विक्रय करने का प्रयास कर रहे है उक्त संपत्ति के संबंध में यदि आम जनता, व्यक्ति, संस्था, बैंक, सरकारी/गैर सरकारी, प्राधिकरण या अन्य को सूचित किया जाता है कि उक्त संपत्ति क्रय किये जाने हेतु मेरे पक्षकार का अनुबंध हो चुका है उक्त संपत्ति का सौदा किसी अन्य के द्वारा किये जाने पर विधिक कार्यवाही की जावेगी। मेरे पक्षकार उक्त सम्पत्ति का रजि. विक्रय पत्र का निष्पादन करावेंगे।

**प्रवेश गिदरोनिया (एडवोकेट)**
म.प्र. उच्च न्यायालय
कार्या/निवास-823, शाहीनाका गढ़ा
जबलपुर, मो.नं. 9300122264



**FOR CHANGE OF NAME**

It is for general information that I, SUNITA SONI W/o Late LALCHAND SONI, employed as DBW (Semi Skilled), T. No. & Personal No. F-9/89/70576 in F-9 Section of Ordnance Factory Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005, declare that name of mine has been wrongly written as SUNITA in my 10th Class & 12th Class Marksheets of Madhyamik Shiksha Mandal, Madhyapradesh, Bhopal and my PRAN Number of New Pension System and name of mine and my husband has been wrongly written as SUNITA and LAL CHAND in my Service Record. The actual name of mine and my husband are SUNITA SONI and LALCHAND SONI, which may be amended accordingly.

It is certified that I have complied with other legal requirements in this connection.

(SUNITA SONI)
Resi. Flat No.402, Vijay Tower, Near Police Station Ranjhi, Ranjhi, Post Office Khamaria, Jabalpur (M.P.) 482005

R.No. 2485



**न्यायालय तहसीलदार रांझी जबलपुर**
रा.प्र.क्र./ 811 /अ-6/2025-26

**आम इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक अब्दुल रहीम पिता स्व. शेख इमाम नि. 24 फूटाताल बेलबाग वार्ड जबलपुर ने नजूल ब्लॉक नं. 107 प्लाट नं. 151/1 निर्मित रकवा 975 व.फु./अवि.हिस्सा... व.फु./हे. विक्रय पत्र/हक त्याग/ वसीयतनामा / दानपत्र/वारसान हक/दिनांक 26/12/2014 मृत्यु दिनांक...को हो जाने के कारण वारसान हक/ क्रय उपरांत नाम दर्ज किये जाने का आवेदन पत्र.... खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया है। प्रकरण में आवेदक द्वारा संलग्न नजूल संधारण खसरा / पटवारी / डायवर्सन खसरा अनुसार नजूल ब्लाक नं. 107 प्लाट नं. 151/1 निर्मित रकवा 975 व.फु. /अवि. हिस्सा... व.फु. हे./ग्राम गलगला प.ह.नं... खसरा नं.... रकवा 975 व.फु./हे. के नाम दर्ज है। अतः किसी व्यक्ति विशेष या संस्था को आपत्ति हो तो अपनी लिखित आपत्ति स्वयं या अपने अभिभावक के माध्यम से दिनांक 12/11/2025 को इस न्यायालय तहसील रांझी जबलपुर में प्रस्तुत कर सकता है। नियत दिनांक के पश्चात प्राप्त आपत्तिकर्ता की आपत्ति पर कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

इश्तहार आज दिनांक 17/09/2025 को मेरे हस्ताक्षर न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

जारी दिनांक 17/09/2025
पेशी दिनांक 12/11/2025-

तहसीलदार
र.नं. 2462 रांझी, जबलपुर


### पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति डिक चेनी का निधन

**वॉशिंगटन डीसी।** पूर्व अमेरिकी उपराष्ट्रपति डिक चेनी का 84 साल की उम्र में निधन हो गया है। परिवार ने मंगलवार को बयान जारी कर कहा कि डिक चेनी का निधन निमोनिया और दिल से जुड़ी बीमारी की वजह से हुआ। चेनी 2001 से 2009 तक राष्ट्रपति जॉर्ज डब्ल्यू बुश के कार्यकाल में पद पर रहे। उन्हें अमेरिका का सबसे ताकतवर उपराष्ट्रपति कहा जाता था। उन्होंने ही दावा किया था कि इराक के पास घातक हथियार हैं।

# देश-प्रदेश

उवाच

बिहार के युवाओं को बना दिया गया है मजदूर : राहुल गांधी

**औरंगाबाद।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने औरंगाबाद जिले के पकहा और कुटुम्बा मैदान में जनसभाओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर तीखा प्रहार किया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिहार के युवाओं को देश का मजदूर बना दिया है। उन्होंने कहा कि, जिस धरती पर कभी नालंदा जैसी विश्वविख्यात यूनिवर्सिटी थी, वहां के युवा आज रोजगार के लिए भटक रहे हैं और दूसरे राज्यों में मजदूरी करने को मजबूर हैं। उन्होंने लोगों से पूछा, कैसे हैं आप लोग। मूड कैसा है आपका।



### मुख्यमंत्री ने बीएपीएस के दो बड़े शिक्षा प्रकल्पों का किया शुभारंभ

# संस्कार से ही जीवन में बदलाव आता है: डॉ. यादव



**जबलपुर,देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आज जबलपुर में बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था द्वारा आयोजित जीवन उत्कर्ष महोत्सव में दो महत्वपूर्ण शैक्षणिक एवं सांस्कृतिक प्रकल्पों का शुभारंभ किया। इन प्रकल्पों, चलो बनें आदर्श और इंटीग्रेटेड पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स (आईपीडीसी), का उद्देश्य क्रमश: स्कूली बच्चों और कॉलेज के युवाओं में संस्कारों और जीवन मूल्यों का सिंचन करना है।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि संस्कार से ही जीवन में बदलाव आता है। हमारी सनातन संस्कृति अद्भुत है, अब परिलक्षित होती दिखाई दे रही है, इसलिये भारत को सदैव विश्वगुरू के रूप में दुनिया देखती है। जिसमें अंधेरे से प्रकाश की ओर ले जाने की भावना है। उन्होंने बीएपीएस संस्था के वैश्विक प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि अबूधाबी में बना भव्य बीएपीएस हिंदू मंदिर एक चमत्कार है। उन्होंने इस बात पर विशेष गर्व व्यक्त किया कि संस्था के वर्तमान प्रमुख, महंत स्वामी जी, जबलपुर की ही देन हैं, जो आज पूरी दुनिया को प्रेरणा दे रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि- जीवन के कल्याण को लेकर चलने का सभी का मन होता है। साथ ही कहा कि हमने देवता नहीं देखे, लेकिन देवालयों में उन दिव्य कल्पनाओं का साकार रूप दिखता है। उन्होंने इस बात पर बल दिया कि बीएपीएस जैसी संस्थाएं और हमारे मंदिर, भगवान से संस्कार लेकर हमारे जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का महत्वपूर्ण कार्य कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि स्वामीनारायण संस्था दुनिया को पहचानने और स्वयं को जानने का जो प्रयास कर रही है, वह प्रशंसनीय है। मुख्यमंत्री ने मध्य प्रदेश की धरती पर इस परिवर्तन की यात्रा का आरंभ करने के लिए संस्था का अभिनंदन किया और अपनी शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि सभी नगर, महानगर और उपज भूमि सबकी अपनी-अपनी महत्ता है। लेकिन जितना भाग्य इस पावन नगरी जबलपुर को दिया गया है वह थोड़ा अधिक है। यहां मां नर्मदा की कृपा है, जो अमरकंटक से चलकर आती है और यहां के पत्थरों को भी संगमरमर का रूप देती है। मां नर्मदा मध्यप्रदेश और गुजरात को सिंचित करती है, जीवों और वन संपदा को समृद्ध करती है। यहाँ आने से केवल एक दैवीय आशीर्वाद ही नहीं मिलता, बल्कि यहाँ से जाने वाले जन्म-जन्मांतर तक महंत स्वामियों से भी दुनिया भर के संतों का आशीर्वाद मिलता है। यहाँ के वातावरण में एक ऐसी ऊर्जा है जो हमें निरंतर प्रेरित करती है। साथ ही कहा कि आज़ादी के अमृत काल में हमें वही आत्मविश्वास मिला है जो आत्मबल हमारे भीतर भगवान ने रखा था, वही अब पुन: प्रकट हो रहा है।

आज से यह प्रकल्प मध्य प्रदेश में भी आरंभ हो रहा है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इसका उद्घाटन कर प्रकल्प को आगे बढ़ाने का दायित्व जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी को सौंपा।

इसके साथ ही, कॉलेज के विद्यार्थियों के लिए इंटीग्रेटेड पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स (आईपीडीसी) का भी शुभारंभ किया गया। यह प्रकल्प कोर्स जिसमें युवाओं को नकारात्मकता, मोबाइल की लत, नशीले पदार्थों और डिप्रेशन जैसे संकटों से निकालकर उन्हें भारतीय सनातन मूल्यों से जोड़ने का काम करेगा। मुख्यमंत्री ने मंगलायतन यूनिवर्सिटी और रानी दुर्गावती यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर्स को इस कोर्स की जिम्मेदारी सौंपी और संबंधित एमओयू का आदान-प्रदान किया गया।

इस अवसर पर बीएपीएस अबू धाबी हिन्दू मंदिर के संचालक पूज्य ब्रह्मविहारी स्वामी ने पूर्व राष्ट्रपति डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम और प्रमुख स्वामी महाराज के एक प्रसंग का स्मरण किया। उन्होंने बताया कि कैसे पूर्व राष्ट्रपति डॉ. कलाम साहब के विषय में प्रमुख स्वामी ने भगवान में श्रद्धा को जोड़ा, क्योंकि श्रद्धा से ही नैतिक मूल्य और राष्ट्र प्रगति संभव है। इस अवसर पर संतगण, प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह और जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू भी मंचासीन थे। वहीं संभागायुक्त धनंजय सिंह, आईजी प्रमोद वर्मा, कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह सहित बड़ी तादात में श्रद्धालु मौजूद थे।

### जबलपुर से मध्य प्रदेश में हुई चलो बनें आदर्श की शुरुआत
### इंटीग्रेटेड पर्सनालिटी डेवलपमेंट कोर्स आईपीडीसी का हुआ एमओयू

### 45 लाख विद्यार्थियों के बाद अब मध्य प्रदेश में शुरुआत

बीएपीएस संस्था के वरिष्ठ संत पूज्य ज्ञानानंद स्वरूप स्वामी जी ने प्रकल्पों की जानकारी देते हुए बताया कि चलो बनें आदर्श प्रकल्प वीडियो के माध्यम से प्राथमिक शाला के विद्यार्थियों में बचपन से ही जीवन मूल्यों की दृढ़ता का संचार करता है। यह प्रोजेक्ट पहले से ही गुजरात, महाराष्ट्र, पंजाब, हिमाचल प्रदेश और राजस्थान सहित पांच राज्यों की 23 हजार शालाओं में सफलतापूर्वक चल रहा है, जिसका लाभ 45 लाख से अधिक विद्यार्थी ले रहे हैं।

### जीवन उत्कर्ष महोत्सव में आरएसएस प्रमुख ने कहा-

# भारत की तरफ देख रही संकट से जूझती दुनिया : भागवत



**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि पूरी दुनिया संकट में है और अपनी समस्याओं के समाधान के लिए भारत की ओर बड़ी आशा से देख रही है। भागवत ने जबलपुर में आयोजित जीवन उत्कर्ष महोत्सव को संबोधित करते हुए कहा कि- दुनिया को भारत से उम्मीदें हैं, क्योंकि भारत धर्म और संस्कृति के मार्ग का पालन करता है। भागवत ने कहा कि संस्कृति का सही अर्थ नैतिक और सद्गुणी आचरण है। लोग तभी अच्छा व्यवहार करते हैं जब उनके बीच एक-दूसरे के प्रति सद्भावना और गहरा जुड़ाव हो।

उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि इन महान गुणों के अभाव में शत्रुतापूर्ण संबंध विकसित होते हैं, जिससे संघर्ष पैदा होता है। भागवत ने कहा कि भारत ने आज भी अपनी समृद्ध संस्कृति और अध्यात्म की विरासत को संभाल कर रखा है। उन्होंने कहा, वास्तविकता में हम सभी एक हैं। भारत में यह जुड़ाव है, लेकिन दुनिया में नहीं। भागवत ने कहा कि दुनिया अब भारत से यह सीखना चाहती है कि अध्यात्म और धार्मिक आचरण के साथ सद्भाव में जीवन कैसे जिया जाए। बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक गुरु ईश्वरचरण स्वामी भी इस पांच दिन कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में मौजूद थे। यह कार्यक्रम बीएपीएस स्वामीनारायण संस्था के आध्यात्मिक प्रमुख महंत स्वामी महाराज के जीवन और शिक्षा को समर्पित है। भागवत ने इस मौके पर स्वामी भद्रेशदास की एक किताब का भी विमोचन किया।

# कानून व्यवस्था को लेकर योगी ने ली अधिकारियों की बैठक



**लखनऊ, देशबन्धु।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनपद लखनऊ स्थित सरकारी आवास पर आयोजित एक उच्चस्तरीय बैठक में प्रदेश की। जिसमें कानून-व्यवस्था, सीएम हेल्पलाइन, आगामी त्योहारों की तैयारियों, धान खरीद और स्वास्थ्य सेवाओं सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा की।

वीडियो कॉन्फेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न इस बैठक में सभी मण्डलायुक्त, जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी और शासन स्तर के अधिकारियों की उपस्थिति रही। इस दौरान मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कार्तिक पूर्णिमा, देव दीपावली, गुरु नानक जयंती, ददरी मेला (बलिया) और गढ़मुक्तेश्वर मेला (हापुड़) जैसे आयोजनों की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की।

उन्होंने कहा- आगामी पर्व-त्योहारों और मेलों के अवसर पर प्रदेश में स्वच्छता, सुरक्षा और सतर्कता सर्वोच्च प्राथमिकता होनी चाहिए। यह केवल प्रशासनिक जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सेवा और संवेदना का कार्य है। प्रत्येक श्रद्धालु की सुविधा, सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना हर अधिकारी का दायित्व है।

स्नान घाटों, मेलों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर अराजक या अवांछनीय तत्वों की उपस्थिति किसी भी दशा में न होने पाए। पुलिस और स्थानीय प्रशासन को यह सुनिश्चित करना होगा कि माहौल पूर्णत: शांतिपूर्ण, सुरक्षित और श्रद्धाभाव से भरा रहे।

मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि- धान खरीद की प्रक्रिया निर्बाध रूप से जारी रहे और किसानों को असुविधा न हो। किसी भी स्तर पर बिचौलियों की भूमिका स्वीकार्य नहीं होगी। जिलाधिकारी खाद एवं उन्नत बीजों की पर्याप्त उपलब्धता हर जनपद में सुनिश्चित करें। हाल की वर्षा से प्रभावित फसलों का तत्काल सर्वेक्षण कर बिना विलम्ब क्षतिपूर्ति का भुगतान नियमानुसार कराया जाए। किसानों को मुआवजे के लिए किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा- अवैध खनन को लेकर विशेष टीम गठित कर औचक निरीक्षण कराए जाएं। यदि किसी भी क्षेत्र में अनियमितता पायी गई, तो सम्बन्धित अधिकारियों पर कठोर कार्रवाई होगी।

### मुख्यमंत्री ने बिहार में चुनावी सभाओं को किया संबोधिता, बोले-

# बिहार का भविष्य संवारने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने एनडीए प्रत्याशियों को जिताएं

**पटना/भोपाल, देशबन्धु।** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बिहार का भविष्य संवारने और भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के लिए एनडीए प्रत्याशियों को ऐतिहासिक मतों से विजयी बनाएं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सदैव राष्ट्रहित के लिए कार्य किया और भारत का मान-सम्मान वैश्विक स्तर में बढ़ाने का कार्य किया है। आप सभी लोगों का अपना स्नेह, प्यार, आशीर्वाद और समर्थन बता रहा है कि आप सभी लोगों ने बिहार में एक बार फिर एनडीए सरकार बनाने का निर्णय ले चुके



हैं। डॉ. यादव आज बिहार के पटना जिले की बांकीपुर और मनेर विधानसभा में रोड शो कर मधेपुरा जिले के मधेपुरा विधानसभा में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और एनडीए सरकार ही बिहार का विकास कर सकती है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में एनडीए सरकार बिहार का विकास करने के लिए प्रतिबद्ध है। परिवारवादीपार्टियों को अगर मौका मिला तो वह अपने परिवार के अलावा किसी का विकास नहीं होने देती हैं। उन्होंने कहा कि बिहार की जनता को विकास की मुख्य धारा से दूर रखने वाले नेताओं को भी सबक सिखाना जरूरी है। डॉ. यादव ने कहा कि जब मैं आपके बीच आ रहा था, तो रास्ते खोद दिए गए थे। हेलीपैड खोद दिए गए थे, ताकि मैं आप सभी के बीच न पहुंच सकूं। लेकिन हमारा और आप सभी का बहुत पुराना संबध है।

# मुख्यमंत्री ने क्रांति गौड़ को वीडियो कॉल कर दीं शुभकामनाएं

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आईसीसी महिला क्रिकेट-2025 विश्व विजेता भारतीय टीम की खिलाड़ी और मध्यप्रदेश की गौरव सुश्री क्रांति गौड़ से वीडियो कॉल पर चर्चा की और अभूतपूर्व जीत की बधाई दी। वर्ल्ड कप के विभिन्न मैचों में छतरपुर की बेटी क्रांति गौड़ ने सटीक और धारदार गेंदबाजी से जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में राज्य सरकार हर कदम पर युवाओं और खिलाड़ियों के साथ खड़ी है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत की बेटियों ने वन-डे विश्व कप जीत कर इतिहास रच दिया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने क्रांति को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि प्रदेश की बेटी ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर खेल के मैदान में नई क्रांति का सूत्रपात किया है। पूरे देश और प्रदेशवासियों को विश्व विजेता बनीं बेटियों पर गर्व है। इस उपलब्धि में प्रदेश की बेटी की महत्वपूर्ण भूमिका से इस जीत का आनंद और बढ़ जाता है। क्रिकेट में मध्यप्रदेश का नाम रोशन करने वाली क्रांति गौड़ को जल्द ही एक करोड़ रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जाएगी।

### मुश्किलों से टकराने का जज़्बा रखती है बुंदेलखण्ड की बेटी

# बॉल गर्ल से वर्ल्ड कप तक-क्रांति

**भोपाल, देशबन्धु।** बुंदेलखंड की धूल भरी गलियों में जहां लड़कियां खेलों से ज्यादा सपनों में सीमित कर दी जाती हैं, वहीं एक छोटी सी लड़की ने अपने हौंसलों से इतिहास रच दिया है। वो लड़की जो कभी क्रिकेट मैदान में बॉल उठाया करती थी आज क्रिकेट के मैदान में भारत के लिए विकेट चटका रही है।

छतरपुर जिले के छोटे से गांव घुवारा के एक सामान्य परिवार में जन्मी क्रांति गौड़ आर्थिक तंगी और सामाजिक बंदिशों के बीच पली-बढ़ी। इस बेटी का सपना था अपने देश के लिए खेलना। बचपन में जब गांव में टेनिस बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता होती थी तो क्रांति वहां बॉल गर्ल बनकर गेंद उठाया करती थी। किसी ने सोचा नहीं था कि यह लड़की एक दिन भारत की विश्व विजेता टीम का हिस्सा बनेगी।



क्रांति के पिता एक पुलिसकर्मी थे, 2012 में नौकरी छूटने से परिवार पर आर्थिक संकट आ गया। घर की हालत ऐसी थी कि क्रांति को कक्षा आठवीं के बाद पढ़ाई छोड़नी पड़ी, पर उसने हार न मानते हुए बैट और बॉल को अपना भविष्य बना लिया। वर्ष 2017 में क्रांति ने सांई क्रिकेट एकेडमी छतरपुर में कोच राजीव बिल्थारे की देखरेख में ट्रेनिंग शुरू की। कोच ने उसकी प्रतिभा पहचानी, फीस माफ की और खेल सामग्री से लेकर रहने की व्यवस्था तक खुद की।

### गांव की मिट्टी से अंतर्राष्ट्रीय मंच तक

धीरे-धीरे क्रांति ने टेनिस बॉल क्रिकेट से लेकर लेदर बॉल क्रिकेट तक का सफर तय किया। वर्ष 2023-24 में उसने मध्यप्रदेश की सीनियर टीम में जगह बनाई और अगले ही सीजन में अपने शानदार प्रदर्शन से एमपी को पहला घरेलू वनडे खिताब जिताने में अहम भूमिका निभाई। उनकी काबिलियत देखकर डब्ल्यूपीएल -2025 की नीलामी में यूपी वॉरियस 5 टीम ने उन्हें 10 लाख रुपये में खरीदा। इसके बाद उन्होंने भारतीय टीम में जगह बनाई और श्रीलंका में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ अपना वनडे खेला। इंग्लैंड दौरे में उन्होंने इतिहास रचा 6 विकेट मात्र 52 रन लिए और इतिहास रचते हुए भारत को बड़ी जीत दिलाई।

### भारत की विश्व विजेता, मध्यप्रदेश की क्रांति

वर्ष 2025 के आईसीसी महिला वर्ल्ड कप में भारत ने 47 साल बाद विश्व खिताब जीता और इस ऐतिहासिक जीत में क्रांति गौड़ का योगदान निर्णायक रहा। उनके शानदार प्रदर्शन पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 1 करोड़ का पुरस्कार देने की घोषणा की है। क्रांति आज हजारों बेटियों के लिए मिसाल बन चुकी हैं। उनकी कहानी बताती है कि अगर हौसले बुलंद हों तो कोई सपना छोटा नहीं होता। उन्होंने साबित किया कि परिस्थितियां चाहे जैसी हों, मेहनत और विश्वास से असंभव को भी संभव बनाया जा सकता है। यह है मध्यप्रदेश की शेरनी क्रांति गौड़ की कहानी – जिसने अपने जुनून, मेहनत और हिम्मत से न केवल क्रिकेट के मैदान पर इतिहास रचा, बल्कि भारत का परचम पूरी दुनिया में लहराया।


**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2025-26/54 दिनांक 09/10/2025
**भवन नामांतरण**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री पल्लव जैन पिता श्री राजीव कुमार जैन ने भवन क्रं. 908/11 वार्ड जवाहरगंज भूतल 166 व.फु. व्यवसायिक मेजनाइन 150 व.फु. व्या. विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 908/11 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री राजेन्द्र कुमार जैन पिता स्व. छोटे लाल जैन पिन नं. 1000392010, 41401527 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2488 **संभागीय अधिकारी** संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2025-26/52 दिनांक 09/10/2025
**भवन नामांतरण**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री आनंद कुमार जैन पिता स्व. हुकुम चंद जैन ने भवन क्रं. 138/1 स वार्ड जवाहरगंज क्षेत्रफल 648 व.फु. भूतल 648 आवासीय प्रथम तल 648 व.फु. आवा. द्वितीय तल 161 व.फु. आवासीय दान पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 138/1 स पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री चक्रेश कुमार, मुकेश कुमार पिता हुकुम चंद जैन पिन नं. 1000394351, 42001407 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2488 **संभागीय अधिकारी** संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर

## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं SARITA CHAMBYAL is legally wedded spouse of Army no JC-584181F Rank SUB Name AMIT PATHANIA of Unit- 5 JAK RIF Presently residing at Vill- RAHOG, PO- BHANGURI, TEH-DHAR KALAN, DISTT- PATHANKOT, STATE-PUNJAB, PIN- 145022, शपथ पूर्वक कथन करती हूँ कि मेरे पति के आर्मी रिकार्ड में मेरा नाम गलत दर्ज होने के कारण मेरा नाम SARITA CHAMBYAL से SARITA PATHANIA के रुप में परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 04/11/2025 नोटरी जबलपुर मप्र । कृति

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं Army no JC-585041F Rank NB/SUB CLK (SD) Name KOTTAI KARTHIHAI P OF UNIT- RECORDS JAK RIF Presently residing at VILL- SATHANGUDI, PO- SATHANGUDI, TEH-THIRU-MANGALAM, DISTT-MADU-RAI, STATE- TN, PIN- 625706, शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे पिताजी का नाम K PARAMAN से PARA-MAN KARUPPANA DEVAR एवं मेरी माताजी का नाम MEENAKSHI से MEENA PARAMAN परिवर्तन हुआ है इस आशय का शपथ पत्र साथ में संलग्न है। द्वारा शपथ पत्र दिनाँक 04/11/2025 नोटरी जबलपुर मप्र । कृति

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/25-26/
दिनांक 04/11/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्री दीपराज सिंह पिता श्री गुरूदयाल सिंह ने वार्ड क्रमांक 66 वार्ड का नाम रानी लक्ष्मी बाई वार्ड के भवन क्रमांक प्लाट नं. 40 कृष्णा कालोनी भोगाद्वार सम्पत्ति के पिन क्रमांक 46601616 पर दर्ज भूमि का क्षेत्रफल/रकवा 1000 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्री अनिल पटेल पिता आशाराम पटेल का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2488 **संभागीय अधिकारी** संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी संभाग क्रं.11 नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र.- सं.क्र.11/25-26/
दिनांक 04/11/2025
**भवन नामांतरण सूचना**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती अर्चना मिश्रा पत्नी अमरेश मिश्रा ने वार्ड क्रमांक 65 वार्ड का नाम सुभाष चंद्र बैनर्जी वार्ड के भवन क्रमांक 1642/एमआईजी-62 सम्पत्ति के पिन क्रमांक 1000397602 पर दर्ज भूमि प्रथम तल 950 व.फु. पर निम्न दस्तावेज विक्रय पत्र के आधार पर निगम में दर्ज श्रीमती दुर्गा रानी शर्मा पति सुरेन्द्र कुमार शर्मा का नाम हटाये जाने एवं आवेदक के नाम से नाम परिवर्तन किये जाने पर जिस किसी को भी उक्त नाम परिवर्तन पर आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक 11 राजा गोकुलदास धर्मशाला नगर निगम जबलपुर में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2488 **संभागीय अधिकारी** संभाग क्रं.-11 नगर निगम, जबलपुर

**कार्यालय संभागीय अधिकारी सम्भाग क्रमांक 05, नगर निगम, जबलपुर**
पत्र क्र./स. अधि./सं.क्रं. 5/2025-26/53 दिनांक 09/10/2025
**भवन नामांतरण**
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि 1. शंभू कुमार जैन/ स्व. खेमचंद जैन 2. श्रीमती नीलम जैन पति शंभू कुमार जैन ने भवन क्रं. 604 वार्ड जवाहरगंज क्षेत्रफल 1126 व.फु. भूतल 126+1000 आ+व्या. स्वयं मेजनाइन 900 व.फु. व्या. प्रथम तल 1126 व.फु. आ+स्वयं द्वितीय तल 1126 व.फु. आ. स्वयं तृतीय तल 500 व.फु. आ. स्वयं विक्रय पत्र के आधार पर नगर निगम द्वारा मकान नं. 604 पर नामांतरण हेतु पंजीकृत स्वामी श्री विमल कुमार जैन पिता स्व. बेनी प्रसाद जैन पिन नं. 1000393589, 42000788 पर जिस किसी को उक्त में प्रमाण सहित आपत्ति हो तो इस प्रकाशन की तिथि से 15 दिन के अंदर कार्यालय संभाग क्रमांक-05 में प्रमाण सहित आपत्ति प्रस्तुत करें।
र.नं. 2488 **संभागीय अधिकारी** संभाग क्रमांक-05, नगर निगम, जबलपुर

**नाम परिवर्तन सूचना**
मैं बिब्बी बी (BIBBI BEE) पत्नी शेख शरीफ मुशलिम नि. 75 मगरमुहा शहपुरा जबलपुर (म.प्र.) को होकर शपथपूर्वक कथन करती हूं कि
1. यह कि मैं, उक्त पते की निवासी हूं।
2. यह कि मेरा सही नाम बिब्बी बी पत्नी शेख शरीफ मुशलिम जैसा कि मेरे मतदाता परिचय पत्र में दर्ज है।
3. यह कि मेरा नाम मेरे वर्तमान आधार कार्ड में जहुरन बी गलत दर्ज है तथा मैं अपना नाम मेरे आधार कार्ड में जहुरन बी के स्थान पर बिब्बी बी (BIBBI BEE) दर्ज करवाने वास्ते शपथ पत्र नाम परिवर्तन वास्ते प्रस्तुत है। र.नं. 2490

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, A VALLIYAMMAI Mother of 15680022N Rank HAV VELRAJA A, presently Residing at- VILL-AZHAGIAPANDIAPURAM, PO. AZHAGIAPANDIAPURAM,, TEH-THOVALA, DIST-KANNIYAKUMARI, STATE- TAMIL NADU PIN CODE-629851., I have changed my Name from A VALLIYAMMAI to VALLIAMMAI ARUMUGAM and date of birth 01/07/1960 to 01/01/1962 Vide Affidavit No. BV 230066 dated 04/11/2025 before Notary, THOVALA, KANNIYAKUMARI, TAMIL NADU.
INCORRECT NAME A VALLIYAMMAI
INCORRECT DOB - 01/07/1960
CORRECT NAME VALLIAMMAI ARUMUGAM
CORRECT DOB - 01/01/1962
कृति

**CHANGE OF NAME & DOB**
I, V ARUMUGAM Father of 15680022N Rank HAV VELRAJA A, presently Residing at- VILL-AZHAGIAPANDIAPURAM, PO. AZHAGIAPANDIAPURAM,, TEH-THOVALA, DIST-KANNIYAKUMARI, STATE- TAMIL NADU PIN CODE-629851., I have changed my Name from V ARUMUGAM to ARUMUGAM VELLAIHA and date of birth 01/07/1955 to 04/05/1956 Vide Affidavit No. BV 230065 dated 04/11/2025 before Notary, THOVALA, KANNIYAKUMARI, TAMIL NADU.
INCORRECT NAME V ARUMUGAM
INCORRECT DOB - 01/07/1955
CORRECT NAME ARUMUGAM VELLAIHA
CORRECT DOB - 04/05/1956
कृति


# वैष्णवी सरियाम को बालिका विज्ञान पुरस्कार



**भोपाल, देशबन्धु।** छिन्दवाड़ा जिले की जनजातीय बेटी कु. वैष्णवी सरियाम ने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा वर्ष 2024-25 में आयोजित कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा में विज्ञान संकाय के विषयों में पूरे मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान हासिल कर जिले का नाम गौरवान्वित किया है। इस उपलब्धि के लिए उन्हें जनजातीय कार्य विभाग द्वारा मेधावी छात्रा पुरस्कार योजना के अंतर्गत %बालिका विज्ञान पुरस्कार से सम्मानित करते हुए, 50 हजार रूपये की प्रोत्साहन राशि प्रदान की गई है। मध्यप्रदेश शासन के जनजातीय कार्य विभाग के द्वारा यह पुरस्कार उन 10 जनजातीय वर्ग की बालिकाओं को दिया जाता है, जिन्होंने मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं की परीक्षा में विज्ञान संकाय के विषयों (भौतिक, रसायन, जीवविज्ञान एवं गणित) में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त किए हों और प्रदेश में सर्वोच्च अंक अर्जित किए हों।

जबलपुर, बुधवार 05 नवम्बर 2025
संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

## भाजपा-जदयू ने दिखाई चुनावी रंगदारी

बिहार चुनावों में इस बात का अनुमान पहले से था कि जीत हासिल करने के लिए बदजुबानी के नए स्तर कायम होंगे। भाजपा और खासकर नरेन्द्र मोदी इसमें अपना ही बनाया पहले का रिकार्ड तोड़ेंगे। आम चुनाव 2024 में नरेन्द्र मोदी ने जब कहा था कि कांग्रेस वाले आपका मंगलसूत्र चोरी करके ले जाएंगे, तो सब कुछ पता होते हुए भी आश्चर्यमिश्रित दुख हुआ था कि कोई प्रधानमंत्री इस तरह की भाषा कैसे बोल सकता है, ऐसे ऊटपटांग बयान कैसे दे सकता है। लेकिन उस चुनाव में कई बार ऐसे बयान सुनने पड़े। फिर महाराष्ट्र, हरियाणा में यह सिलसिला बढ़ा और अब बिहार चुनाव में जहां इस बार महागठबंधन एनडीए को कड़ी टक्कर दे रहा है, प्रधानमंत्री मोदी कट्टे वाली भाषा पर उतर आए हैं। हम नहीं जानते कि प्रधानमंत्री के सलाहकार कौन हैं, कौन उनके भाषण लिखता है या उसे अंतिम रूप देता है या प्रधानमंत्री जनता का मूड देखकर तात्कालिक भाषण देते हैं, लेकिन एक बात तय है कि वे जनता के स्तर को निचला मानकर ही ऐसे भाषण देते हैं। भाषा की सभ्यता, तहज़ीब का समाज में बड़ी तेजी से क्षरण हुआ है। इसके लिए अब तक बी ग्रेड की फिल्मों, उपन्यासों को जिम्मेदार ठहराया जाता रहा। ओटीटी प्लेटफार्म के प्रचलन के बाद भाषायी संस्कार पूरी तरह से गुम होने लगे। जिन अपशब्दों को सबके सामने बोलने-कहने में लोग झिझकते थे, उन्हें टीवी पर देखकर आम बोलचाल का हिस्सा बना लिया गया। ऐसे में राजनेताओं की और जो लोग सत्ता में बैठे हैं, उनकी जिम्मेदारी कई गुना ज्यादा बढ़ जाती है कि वे भाषायी शिष्टाचार की न केवल हिफाज़त करें, बल्कि उसे बढ़ाएं भी। खुद ऐसी भाषा बोलें कि जनता तक अच्छा संदेश जाए। सस्ती लोकप्रियता हासिल करने वाले अक्सर अपने बचाव में तर्क देते हैं कि जनता जो देखना-सुनना चाहती है, हम वही दिखाते हैं। लेकिन यह तर्क सत्तारुढ़ नेताओं पर लागू नहीं हो सकता। बल्कि अगर वे ऐसा करें तो उन्हें कटघरे में खड़ा करने की जरूरत है, क्योंकि वे लोकशिक्षण की अपनी जिम्मेदारी से बच रहे हैं। बिहार चुनाव में जब नरेन्द्र मोदी कहते हैं कि राजद ने कांग्रेस की कनपटी पर कट्टा रखकर मुख्यमंत्री पद लिया है, तो वे अपनी जिम्मेदारी से मुकर ही रहे हैं।

पाठक जानते हैं कि कुछ दिनों पहले ही महागठबंधन ने तेजस्वी यादव को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित किया, जबकि इसके कयास काफी दिनों से लग रहे थे। कौन सा गठबंधन किस तरह आगे बढ़ता है, यह उसका अपना मसला है। विरोधी गठबंधन उस पर सवाल उठा सकता है। लेकिन कट्टे वाली भाषा बोलकर प्रधानमंत्री राजनैतिक शिष्टाचार में एक पायदान और नीचे उतर गए। भाजपा में उनका अनुसरण करने वाले नेता भरे पड़े हैं। इसलिए असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वासरमा ने कहा कि राहुल गांधी दुर्भाग्य लेकर आते हैं। वो जहां जाते हैं हार मिलती है। सौभाग्य-दुर्भाग्य की बात करना अंधविश्वास है, जो संवैधानिक भावना के खिलाफ है। वहीं अपने विरोधी के लिए ऐसा कहना भी सर्वथा अनुचित ही है। केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने राहुल गांधी के पोखर में कूदकर और मछली पकड़ने पर कहा कि मलेशिया के बीच (समुद्री किनारे) से उनका मन भर गया जो लंगूर की तरह पानी में कूद गए। देश में नेता प्रतिपक्ष को लंगूर बताकर मंत्री महोदय कुछ देर की सुर्खी बटोर सकते हैं, लेकिन आखिर में यह देश की छवि पर दाग लगाती है। राहुल गांधी, तेजस्वी यादव के लिए ऐसे अपशब्दों की भरमार भाजपा नेताओं के पास है, जिनका इस्तेमाल वे अक्सर करते हैं। लेकिन वहीं सवाल उठता है कि क्या ये नेता बिहार की जनता के विवेक को इतना कम करके आंकते हैं कि वह निम्नस्तरीय भाषा सुनकर प्रभावित होगी। क्या अपने विरोधियों को मात देने के लिए कोई नैतिक तरीका या बात भाजपा के पास नहीं बची है। और अब शायद जदयू का भी वही हाल हो गया है।

एक वक्त में शरद यादव और नीतीश कुमार के नेतृत्व में जद यू सिद्धांतों की राजनीति करती थी। लेकिन अब केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता ललन सिंह ने मोकामा में कहा कि, 'कुछ लोग हैं, उन्हें चुनाव के दिन घर से बाहर नहीं निकलने देना है। अगर वे ज्यादा गिड़गिड़ाएं तो उन्हें अपने साथ ले जाइए और वोट देने के बाद घर वापस लाकर छोड़ दीजिए। अभी कमान संभालिए। चुनाव के लिए अब समय नहीं बचा है।' बता दें कि जनसुराज समर्थक दुलारचंद यादव की हत्या के बाद मोकामा चुनावी उथल-पुथल का मैदान बन गया है। इस हत्याकांड में जदयू के प्रत्याशी अनंत सिंह को आरोपी बनाया गया और विपक्ष की मांग पर अनंत सिंह को गिरफ्तार किया गया। इसके बाद से ललन सिंह ने मोकामा की कमान संभाल ली है। अनंत सिंह की उम्मीदवारी तो रद्द नहीं हुई, बल्कि ललन सिंह अनंत सिंह का बचाव कर रहे हैं कि उन्हें फंसाया गया है। उन्होंने सारे लोगों ने अनंत सिंह बनने की अपील की और अब सीधे-सीधे अपने विरोधी मतदाताओं को घर पर बंद रखने की धमकी दे रहे हैं। विपक्ष जिस वोट चोरी का डर पहले दिन से बिहार में दिखा रहा है, वह सच होता दिख रहा है। ललन सिंह के बयान वाले वीडियो को कांग्रेस, आरजेडी सभी ने पोस्ट किया और चुनाव आयोग से सवाल किए कि क्या वह इसमें कोई कार्रवाई करेगा। तब जाकर चुनाव आयोग ने ललन सिंह को नोटिस भेजा है और 24 घंटे में जवाब देने कहा है। लेकिन यहां चुनाव आयोग का ढीला-ढाला रवैया बता रहा है कि इसमें कोई बड़ा एक्शन नहीं लिया जाएगा। जो बात विपक्षी दलों ने पहले देख ली, वह चुनाव आयोग को नजर क्यों नहीं आई।

भाजपा-जदयू की चुनावी रंगदारी को क्या चुनाव आयोग रोक पाएगा, यह गंभीर सवाल अब उठ रहा है।

# आसान नहीं बिहार का मैदान भाजपा के लिए

बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के लिए प्रचार खत्म हो गया है और गुरुवार, 6 नवंबर को 121 सीटों पर मतदान होगा। करीब तीन हफ्ते तक चले चुनाव प्रचार के दौरान मुख्यधारा के मीडिया, खासकर टेलीविजन चैनलों की रिपोर्टिंग और इन चैनलों के लिए कथित ओपिनियन पोल करने वाली एजेंसियों के अनुमानों को मानें तो बिहार में एक बार फिर भारी बहुमत से एनडीए की सरकार बनने जा रही है। वैसे मामला इतना आसान नहीं है क्योंकि जो पेशेवर पत्रकार बिहार जाकर वहां स्वतंत्र रूप से राजनीतिक हालात का जायजा ले रहे हैं, उनकी रिपोर्ट बताती है कि ज़मीनी हकीकत टीवी चैनलों की रिपोर्टिंग और सर्वे एजेंसियों के अनुमानों से बिल्कुल अलग है।

पूरे चुनाव अभियान के दौरान भारतीय जनता पार्टी के लिए ढिंढोरची की भूमिका निभाने वाला मीडिया बताता रहा है कि महागठबंधन बिखराव का शिकार है और उसकी पार्टियों के बीच सीटों का बंटवारा ठीक से नहीं हो पा रहा है। चुनाव की घोषणा के बाद जब एक सप्ताह तक राहुल गांधी बिहार नहीं पहुंचे तो बताया गया कि तेजस्वी यादव से मतभेदों के चलते राहुल ने बिहार के चुनाव से अपने को अलग कर लिया है, जिसकी वजह से उनकी 'वोटर अधिकार यात्रा' के दौरान लोगों में महागठबंधन को लेकर जो उत्साह था, वह अब नदारद है। जब कांग्रेस की ओर से तेजस्वी को महागठबंधन की साझा प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्यमंत्री पद का और विकासशील इंसान पार्टी (वीआईपी) के नेता मुकेश सहनी को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित कर दिया गया तो सवाल खड़ा किया गया कि किसी मुस्लिम को उप मुख्यमंत्री पद का उम्मीदवार क्यों नहीं घोषित किया गया।

यह सही है कि महागठबंधन की पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींच-तान रही और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में भी कांग्रेस ने अनावश्यक देरी की, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ये दोनों ही काम महागठबंधन के नेता चुनाव की घोषणा होने से पहले भी कर सकते थे। हालांकि मीडिया तब भी उसके खिलाफ माहौल बनाने के लिए किन्हीं और मुद्दों का सहारा लेता।बहरहाल मीडिया ने महागठबंधन के खिलाफ माहौल बनाने में अपनी तरफ से कोई कसर नहीं छोड़ी, बल्कि ऐसा करने में उसने एनडीए की पार्टियों के प्रवक्ताओं और अफवाहें फैलाने के लिए कुख्यात भाजपा के आईटी सेल को भी पीछे छोड़ दिया, लेकिन अभी तक मीडिया में एनडीए की पार्टियों में मचे घमासान को लेकर कोई चर्चा देखने-सुनने को नहीं मिली; और दूसरे दौर का मतदान खत्म होने तक भी नहीं मिलेगी।

हकीकत यह है कि महागठबंधन में मची खींच-तान तो देर से ही सही, मगर खत्म हो गई और उसकी सभी पार्टियां एकजुट होकर चुनाव लड़ रही हैं, जबकि दूसरी ओर एनडीए के घटक दलों के बीच जैसे-तैसे सीटों का बंटवारा हो जाने के बाद अभी तक परस्पर अविश्वास बना हुआ है। वे पार्टियां और उनके नेता अब चुनाव मैदान में भी एक-दूसरे को निबटाने और पुराना हिसाब चुकता करने में लगे हुए हैं। हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है जहां भाजपा आज तक अपना मुख्यमंत्री नहीं बना सकी है। इस बार वह हर हाल में अपनी यह हसरत पूरी करना चाहती है, इसलिए उसकी पूरी कोशिश है कि जनता दल (यू) किसी भी सूरत में 50 से ज्यादा सीटें न जीत पाए। पिछली बार 2020 में भी भाजपा 74 सीटों के साथ एनडीए में सबसे बड़ी पार्टी थी, जबकि जनता दल (यू) को महज 43 सीटें ही मिली थी। इसके बावजूद भाजपा को मजबूरी में नीतीश को मुख्यमंत्री बनाना पड़ा था। इस बार वह हर हाल में नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद से दूर रखना चाहती है।


अनिल जैन

> महागठबंधन की पार्टियों में सीटों के बंटवारे को लेकर काफी खींच-तान रही और तेजस्वी को मुख्यमंत्री का चेहरा घोषित करने में भी कांग्रेस ने अनावश्यक देरी की, जिसका लोगों में नकारात्मक संदेश गया। ये दोनों ही काम महागठबंधन के नेता चुनाव की घोषणा होने से पहले भी कर सकते थे। हालांकि मीडिया तब भी उसके खिलाफ माहौल बनाने के लिए किन्हीं और मुद्दों का सहारा लेता।

यह बात नीतीश कुमार भी अच्छी तरह समझ रहे हैं। इसीलिए वे चुनाव प्रचार में भाजपा से लगभग दूरी बनाए हुए हैं और सिर्फ अपनी पार्टी के उम्मीदवारों के लिए ही प्रचार कर रहे हैं। यही नहीं, उनकी पार्टी चिराग पासवान को सबक सिखाने के इंतजाम में भी जुटी है। पिछली बार चिराग ने एनडीए से अलग होकर चुनाव लड़ा था कई सीटों पर जनता दल (यू) को हराने में अहम भूमिका निभाई थी। माना जाता है कि ऐसा उन्होंने भाजपा के कहने पर किया था, सो नीतीश कुमार इस बार चिराग की पार्टी को ज्यादा से ज्यादा सीटों पर हरवा कर पुराना हिसाब चुकता करना चाहते हैं। उधर चिराग पासवान भी यही काम नीतीश कुमार और जीतनराम मांझी के साथ करने में जुटे हैं।

इस सबके अलावा भाजपा और जनता दल (यू) में आंतरिक कलह भी कम नहीं है। भाजपा में कई पुराने नेता सम्राट चौधरी को हारते हुए देखना चाह रहे हैं, तो वहीं जेडीयू में ललन सिंह और संजय झा की चाहत है कि विजय चौधरी और विजेंद्र यादव किसी सूरत में जीत न पाएं। मगर इन सब बातों को भाजपा के प्रचारक की भूमिका निभा रहा मीडिया देखते-समझते हुए भी नजरंदाज कर रहा है। इस पूरे सूरत-ए-हाल को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी अच्छी तरह समझ रहे हैं, इसलिए हर बार की तरह उन्होंने इस बार खुद को दांव पर नहीं लगाया है। उनके चुनावी भाषणों से 'यह मोदी की गारंटी है' जैसे जुमले नदारद हैं। अलबत्ता स्तरहीन कटाक्षों और संवादों के मामले में वे अपना ही रिकॉर्ड तोड़कर हमेशा की तरह नया रिकॉर्ड बनाते दिख रहे हैं। ऐसा करने में अमित शाह, योगी आदित्यनाथ सहित तमाम नेता भी पीछे नहीं हैं। चुनाव आयोग हमेशा की तरह एनडीए के सहयोगी दल की भूमिका में काम करते हुए मूकदर्शक बना हुआ है।

हिंदी भाषी राज्यों में बिहार ही एकमात्र ऐसा राज्य है, जहां चुनाव में सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के मुद्दे ज्यादा असर नहीं दिखा पाते हैं। सिर्फ 2014 का लोकसभा चुनाव अपवाद था, जिसमें भाजपा ने अकेले दम पर अभूतपूर्व जीत हासिल की थी। हालांकि उसकी भी अहम वजह यह थी कि नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ी थीं। फिर भी भाजपा को वह जीत सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की बदौलत नहीं बल्कि नरेन्द्र मोदी द्वारा पेश किए गए विकास के गुजरात मॉडल और राष्ट्रवाद के मुद्दे पर मिली थी। उस चुनाव के डेढ़ साल बाद ही बिहार विधानसभा के चुनाव हुए थे, जिसमें लालू प्रसाद और नीतीश कुमार मिल कर लड़े। कांग्रेस भी उनके गठबंधन में शरीक थी। भाजपा के चुनाव अभियान की कमान पार्टी के अध्यक्ष बन चुके अमित शाह ने संभाली थी। उस चुनाव में मोदी और शाह ने सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के खूब प्रयास किए थे। उन्होंने सभाओं में यहां तक कहा था कि, 'अगर भाजपा हार गई तो पाकिस्तान में पटाखे फूटेंगे।' फिर भी भाजपा को करारी हार का सामना करना पड़ा था। उस चुनाव में भाजपा के साथ लड़ीं रामविलास पासवान, उपेंद्र कुशवाहा और जीतन राम मांझी की पार्टियों का तो सफाया ही हो गया था। उसके बाद विधानसभा का एक और लोकसभा के दो चुनाव भाजपा नीतीश कुमार के साथ ही लड़ी और किसी भी चुनाव में उसे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण की जरुरत नहीं पड़ी। एनडीए की जीत सुनिश्चित करने के लिए नीतीश कुमार का नाम ही काफी था।

इस बार भी नीतीश भाजपा के साथ हैं लेकिन अमित शाह 2015 के चुनाव की तर्ज पर सांप्रदायिक ध्रुवीकरण के प्रयास में लगे हैं। जाहिर है कि भाजपा नीतीश कुमार के चेहरे का लाभ तो उठाना चाहती है लेकिन चुनाव अपने एजेंडे पर ही लड़ना चाहती है ताकि चुनाव के बाद वह मुख्यमंत्री पद से नीतीश को दूर रख सके। हालांकि नीतीश के चेहरे पर चुनाव नहीं लड़ने का एनडीए को नुकसान हो सकता है।

लगता है कि भाजपा को उस नुकसान का अहसास है और उसकी भरपाई के लिए ही वह सांप्रदायिक ध्रुवीकरण का एजेंडा चला रही है। अगर ऐसा नहीं होता है तो 20 साल के बिहार सरकार के काम-काज और 11 साल के केंद्र सरकार के काम-काज पर वोट मांगा जाता और आगे के विकास का रोडमैप बिहार की जनता के सामने रखा जाता। लेकिन अमित शाह तीखे सांप्रदायिक ध्रुवीकरण कराने वाले भाषण दे रहे हैं, जिसका नुकसान भी हो सकता है। वे मर चुके शहाबुद्दीन का जिक्र जगह-जगह अपने भाषणों में कर रहे हैं, जबकि हकीकत यह है कि शहाबुद्दीन के जीवनकाल में ही नीतीश कुमार ने ऐसी स्थिति कर दी थी कि लोग उनसे नहीं डरते थे। खगड़िया की सभा में अमित शाह ने कहा कि सैकड़ों बख्तियार खिलजी आ जाएं तब भी नालंदा को नहीं जला पाएंगे। हर सभा में वे घुसपैठियों को बाहर निकालने की बात करते हैं, जबकि इसका आंकड़ा कोई नहीं दे पा रहा है कि बिहार में एसआईआर होने के बाद कितने घुसपैठिए मिले।

## तेजस्वी के खिलाफ धारणा की लड़ाई हार रहे हैं मुख्यमंत्री नीतीश कुमार

■ कल्याणी शंकर

आगामी 2025 बिहार विधानसभा चुनाव में कड़ी प्रतिस्पर्धा होने की उम्मीद है, जिसका सभी संबंधित दलों पर महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ेगा। जनमत सर्वेक्षण सत्तारूढ़ एनडीए (राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन) के पक्ष में हैं, लेकिन मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के खिलाफ सत्ता-विरोधी भावनाएं भी प्रबल हैं।

भाजपा नेता पहले से ही जीत का दावा कर रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोशल मीडिया एक्स पर घोषणा की है कि भाजपा-एनडीए बिहार में व्यापक जीत दर्ज करेगी।

राजनीतिक विश्लेषकों का अनुमान है कि ये सर्वेक्षण पार्टियों और उनके नेताओं को प्रभावित करते हैं। ये नेतृत्व, जातिगत गतिशीलता और मतदाताओं की धारणाओं पर भी निर्भर करते हैं। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेतृत्व वाला और कांग्रेस, वाम दलों और छोटे दलों के साथ गठबंधन करने वाला इंडिया ब्लॉक, दो दशकों के एनडीए शासन को समाप्त करना चाहता है। मजबूत नेतृत्व और संगठन के साथ, मतदाताओं का मूड आगे एक उतार-चढ़ाव भरा चुनाव होने का संकेत देता है।

स्थानीय विधायकों में असंतोष, ग्रामीण क्षेत्रों में विकास और रोज़गार सृजन की कमी के साथ, सत्तारूढ़ गठबंधन के समर्थन को कमज़ोर कर रहा है। हालांकि एनडीए को उच्च जातियों और वृद्ध मतदाताओं का समर्थन प्राप्त है, लेकिन युवाओं और ओबीसी (अन्य पिछड़ा वर्ग) समूहों को जोड़ने में इसकी असमर्थता पार्टी के लिए चुनौतियां पेश करती है।

> नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोज़गार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोज़गार सृजन पहल शामिल हैं।

चुनाव के नतीजे राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के स्टार प्रचारक नेताओं से काफ़ी प्रभावित होते हैं। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को मतदाताओं, खासकर महिलाओं का भरपूर समर्थन प्राप्त है, जो मुफ़्त बिजली, स्वच्छ पानी और एक करोड़ रोज़गार सृजित करने की योजना जैसी उनकी पहलों की सराहना करती हैं। इसके अतिरिक्त, उन्होंने 25 लाख महिलाओं की सहायता के लिए एक महिला कल्याण कार्यक्रम के तहत प्रत्येक को 10,000 रुपये आवंटित किए हैं।

सी वोटर सर्वेक्षण में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की लोकप्रियता में उतार-चढ़ाव देखा गया, परन्तु उत्तरदाताओं ने उन्हें अपना पसंदीदा मुख्यमंत्री चुना। एक आश्चर्यजनक दावेदार जन सुराज पार्टी के नेता प्रशांत किशोर थे, जो 16 प्रतिशत वोटों के साथ एक पसंदीदा उम्मीदवार के रूप में उभरे।

एनडीए का बिहार भर में एक मज़बूत नेटवर्क है, जिसमें भाजपा (भारतीय जनता पार्टी) और जनता दल (यूनाइटेड) जद(यू) दोनों के कार्यकर्ता शामिल हैं, साथ ही आरएसएस (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) समूहों का भी समर्थन प्राप्त है। प्रधानमंत्री द्वारा समर्थित हालिया विकास परियोजनाओं ने एनडीए के अभियान को मज़बूत करने में मदद की है।

भाजपा ने जद(यू) का समर्थन किया और भाजपा के शीर्ष नेता एनडीए के लिए प्रचार कर रहे हैं, और वित्तपोषण कोई समस्या नहीं है।

हालांकि, एनडीए स्थानीय स्तर पर संघर्ष कर रहा है, जहां उसे अपने विरोधियों जितनी विश्वसनीयता और ज़मीनी समर्थन का अभाव है।

राजद के मुख्यमंत्री पद के उम्मीदवार तेजस्वी यादव को एक बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है, जबकि उनके पास लगभग 30प्रतिशत मुस्लिम-यादव मतदाता हैं। नवीनतम सी-वोटर सर्वेक्षण से संकेत मिलता है कि वह बिहार में मुख्यमंत्री पद के लिए शीर्ष विकल्प बने हुए हैं। लालू यादव के पुत्र तेजस्वी युवाओं के बीच लोकप्रिय हैं और उन्होंने मतदाताओं से कई लोकलुभावन वायदे किए हैं। इनमें पेंशन और स्वास्थ्य सेवा जैसे सामाजिक कल्याण लाभों में वृद्धि, साथ ही सरकारी रोज़गार अभियानों और छोटे व्यवसायों को समर्थन के माध्यम से रोज़गार सृजन पहल शामिल हैं।

तेजस्वी राजद का नेतृत्व करते हैं, लेकिन उनके पिता लालू प्रसाद यादव और परिवार के अन्य सदस्यों का अभी भी महत्वपूर्ण प्रभाव है। पारिवारिक विवाद अक्सर तेजस्वी को पार्टी की रणनीति के बजाय आंतरिक कलह को सुलझाने पर ध्यान केंद्रित करने के लिए मजबूर करते हैं। परिवार के कुछ सदस्य कानूनी मुद्दों का सामना कर रहे हैं, जिनमें ज़मीन के बदले नौकरी घोटाले की ईडी जांच भी शामिल है।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी राजद के साथ गठबंधन उम्मीदवारों के लिए प्रचार कर रहे हैं। अब वह कांग्रेस के वफादारों का समर्थन जुटाने के लिए रैलियां और रोड शो करने की योजना बना रहे हैं।

उनकी बहन प्रियंका गांधी वाड्रा भी राज्य में सक्रिय रूप से प्रचार कर रही हैं। हालांकि, पार्टी को मजबूत स्थानीय नेताओं की कमी के कारण संघर्ष करना पड़ रहा है। कांग्रेस के लगातार खराब प्रदर्शन को गठबंधन में एक कमज़ोर कड़ी के रूप में देखा जा रहा है। 1995 के बिहार विधानसभा चुनावों के बाद से, कांग्रेस किसी भी चुनाव में 30 से ज़्यादा सीटें जीतने में कामयाब नहीं हुई है। इस बार, कांग्रेस ने 61 उम्मीदवार उतारे हैं, जिनमें से 56 सीटों पर भाजपा और जद(यू) से उसका बीच सीधा मुकाबला है- ये सीटें मुख्यत: एनडीए के नियंत्रण में हैं।

भाजपा मुख्यत: शहरी और अर्ध-शहरी क्षेत्रों में सक्रिय है, जहां जनसंख्या लगभग 30प्रतिशत है। ऐतिहासिक और सामाजिक कारकों के कारण, उच्च जातियों का प्रभुत्व पिछड़े और हाशिए पर पड़े समुदायों तक उसकी पहुंच को सीमित करता है, जो बिहार जैसे राज्य में एक बड़ी ओबीसी और दलित आबादी के लिए एक चुनौती हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित भाजपा के कई नेता बिहार में प्रचार कर रहे हैं।

एनडीए नीतीश कुमार के कल्याणकारी अनुभवों पर ज़ोर देता है, जबकि इंडिया ब्लॉक युवा नेतृत्व और मतदाता भागीदारी बढ़ाने पर ज़ोर देता है। युवा वोट और कुल मतदान प्रतिशत बिहार के भविष्य को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

वोटवाइब के नवीनतम सर्वेक्षण में कड़ी टक्कर दिखाई दे रही है, जिसमें महागठबंधन को 34.7प्रतिशत और एनडीए को 34.4प्रतिशत समर्थन प्राप्त है। जन सुराज को 12.3प्रतिशत समर्थन प्राप्त है, जबकि 8.4प्रतिशत लोगों को त्रिशंकु विधानसभा की आशंका है।

यह चुनाव महत्वपूर्ण है क्योंकि इसके परिणाम का स्थानीय और राष्ट्रीय स्तर पर कई नेताओं के भविष्य पर गहरा असर पड़ेगा। अगर एनडीए 2025 के बिहार चुनावों में फिर से जीतता है, तो इससे भाजपा को 2026 के कई विधानसभा चुनाव लड़ने के लिए पर्याप्त बल मिलेगा।

इस समय नीतीश कुमार की हार उनके राजनीतिक करियर का अंत हो सकती है।

राहुल और प्रियंका गांधी को भी इस बार इंडिया ब्लॉक की जीत की अत्यंत आवश्यकता है। ये नतीजे चिराग पासवान, प्रशांत किशोर और अन्य छोटी पार्टियों के लिए भी महत्वपूर्ण हैं।



## ललित सुरजन की कलम से

### स्वच्छ प्रशासन की चिंता

*'यूं देश में ऐसे अफसरों की कमी नहीं है, जिन्होंने अपने सरकारी कार्यकाल के अनुभव लिखे हैं। इनमें सबसे पहला नाम तो आर.एस. वी.पी. नरोन्हा का है जो मध्यप्रदेश के मुख्य सचिव थे। सत्तर के दशक में प्रकाशित उनकी आत्मकथा का शीर्षक है- 'अ टेल टोल्ड बाइ एन इडियट।' इसमें उन्होंने बेहद रोचक शैली में निर्वाचित सरकार तथा अफसरशाही के आपसी व्यवहार को चित्रित किया है। श्री नरोन्हा की ख्याति एक बेहद सुलझे हुए ईमानदार, कर्मठ व कुशल अफसर की थी। वे चीफ सेक्रेटरी थे तब लूना या ऐसी किसी मोपेड से अपने घर से वल्लभ भवन आया करते थे। कहना होगा कि अपने समय में ऐसे गुणों वाले वे अकेले अधिकारी नहीं थे। यह बात और है कि वे अपने अनुभवों को लिपिबध्द कर गए।''मध्यप्रदेश में ही उनके बाद एक और मुख्य सचिव हुए श्री सुशीलचंद्र वर्मा। वे 1960 की शुरुआत में रायपुर में कलेक्टर थे। श्री वर्मा ने 1984-85 के आसपास 'एक कलेक्टर की डायरी' शीर्षक से अपने अनुभव लिखे जो उन दिनों देशबन्धु में धारावाहिक रूप से प्रकाशित भी हुए। श्री वर्मा की शैली भी बहुत रोचक और किस्सागोई थी। नरोन्हाजी की ही तरह वर्माजी ने भी रेखांकित किया कि अगर अधिकारी ठान ले तो वह भय अथवा राग से मुक्त होकर कैसे काम कर सकता है, और साथ ही साथ अपने अधीनस्थों को भी स्वच्छ वातावरण में काम करने के लिए प्रेरणा दे सकता है।'*

**(देशबन्धु में 7 नवम्बर 2013 को प्रकाशित)**

https://lalitsurjan.blogspot.com/2013/11/blog-post.html

## प्रकाश पर्व

### कुल तारण गुरु नानक आया

गीता में कहा गया है जब-जब धरा पर धर्म का नाश होने लगता है और पाप कर्म बढ़ जाता है तब-तब प्रभु अवतार धारण कर पापियों का नाश करने धरा पर आते हैं। ऐसी ही हालात इस देश की हो गई थी जब गुरु नानक देव जी का इस धरा पर आगमन हुआ था। भाई गुरुदास जी केअनुसार, राजे सिंह मुकदम के चमचे अधिकारीगण प्रजा को कष्ट पहुंचा रहे थे उसी समय नानक जी का धरा पर आना हुआ-

सुणी पुकार दातार प्रभु गुरु नानक जगमाहि पठाइया।

गुरु नानक देव जी के आगमन पर संसार में पाप की चादर फैली हुई थी वह हट गई और हर तरफ ज्ञान रूपी प्रकाश फैलने लगा-

सतगुरु नानक प्रगटिया मिट्टी धुंध जग चाणन होया।
जिओ कर सूरज निकलिया तारे छपे अंधेर पलोया।
गुरमुख कलविच प्रगट होआ।।

गुरु नानक देव का जन्म माता तृप्ता एवं पिता मेहता कालू कल्याणचंद के घर ननकाना साहिब (जो अब पाकिस्तान में है) में राए भोऐ की तलवंडी में कार्तिक पूर्णिमा को सन् 1469 में हुआ था। आपने अरबी, फारसी गुरमुखी ऊर्दू की पढ़ाई बचपन में कर ली थी। आप सभी काम कर लेते थे। गाय-भैंस चराना, खेती बाड़ी करना। आपके जीजा जयराम ने सुलतानपुर लोदी के नवाब दौलत खां के यहां नौकरी में लगा दिया पर वहां आपका मन निरंकार से ही जुड़ा रहा। एक बार आप के पिताजी ने 20 रुपए देकर कोई सच्चा सौदा करने भेजा। गुरुदेव को रास्ते में कुछ साधु मिले जो भूखे थे उनको भोजन हेतु 20 रुपए की खाने की सामग्री लाकर दान कर दिया यह सोचकर कि इससे सच्चा सौदा और क्या हो सकता है? इस कारण उन्हें पिता की डांट खानी पड़ी। आपने मोदी खाने की नौकरी छोड़ दी और जगह-जगह यात्राएं कर समाज में फैली कुरीतियों को दूर करने का प्रयास किया। प्रभु परमात्मा का नाम सिमरन कराया। धर्म प्रचार हेतु कई जगह की यात्रा भी की।

आपका धर्म प्रचार करने का अंदाज भी निराला था। हरिद्वार में गंगा जी में पश्चिम दिशा में जल चढ़ाया और लोगों के पूछने पर आपने कहा कि मैं पंजाब में अपने खेतों में पानी डाल रहा हूं। लोगों ने हँसते हुए पूछा कि वहां पानी कैसे पहुंचेगा?

तब गुरुदेव ने कहा- जिस तरह पूर्व दिशा में सूर्य को हजारों मील दूर जल चढ़ाने से पहुंच सकता है उसी तरह मेरे पश्चिम में स्थित खेतों में जल चढ़ाने से पहुंचेगा उसी तरह। एक बार मक्का मदीना में काबे की तरफ पैर रखकर सो गए। काजी ने जब यह देखा तो पूछा कौन काफिर इस तरह सो रहा है। तब गुरुदेव ने कहा थका हुआ था सो उधर पैर रखकर सो गया। अब आप जिस तरफ खुदा न हो उधर मेरे पैर घुमा दीजिए। काजी ने गुस्से में गुरुदेव के पैर पकड़ कर चारों ओर घुमाना शुरु किया वे यह देखकर हैरान रह गए जिस तरफ आपके पैर रखता उधर ही काबा दिखाई देता। आपकी शिक्षा थी कि नाम जपो ते वंड छको।

घालि खाये किछ हथों देए नानक राह पछाजै से।

इस तरह आपने यह भी शिक्षा दी कि प्रभु परमात्मा की भक्ति करने हेतु वन कंदराओं में जाने की जरूरत नहीं है वरन गृहस्थ में रहकर अपने परिवार का उदर पोषण करना है और मन निरंकार के साथ जोड़े रखना है। इस बात को नामदेव ने इस प्रकार कहा है-

नामा कहै त्रिलोचना मुख ते नाम सम्भाल।
हाथ पांव से काम सब चित निरंजन नाल।।

गुरु नानक शाह फकीर हिन्दुओं के गुरु और मुसलमानों के पीर थे। आपने जीवन के आखिरी 18 साल करतारपुर में रहकर खेती बाड़ी भी की। यहीं पर भाई लहणा आकर मिले थे और उनकी सेवा करते उनकी हर आज्ञा का पालन करते थे इसी से प्रसन्न होकर उनको अपने अंग से लगा कर अंगद देव बना दिया। उन्हें शिक्षाएं देकर गुरता गद्दी देकर दूसरा नानक बना कर इस संसार से विदाई ली। आज उनका प्रकाश पर्व है।

-इंदर सिंह आहुजा

## आपके पत्र

### आंध्रप्रदेश के व्यंकटेश्वर मंदिर में भगदड़ से श्रद्धालुओं की मौत

आंध्र प्रदेश के श्रीकाकुलम जिले में शनिवार को बड़ा हादसा हो गया। कासीबुग्गा वेंकटेश्वर स्वामी मंदिर में भगदड़ मचने से कम से कम 12 श्रद्धालुओं की मौत हो गई और कई लोग घायल हुए। हादसा उस समय हुआ जब एकादशी की मौके पर हजारों श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। हिन्दू पर्व पर दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं के साथ घटना होती है और बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की मौतें होती हैं। यह पहली और आखिरी घटना नहीं है हिन्दुओं के त्योहार पर मंदिर में भगदड़ मचने की घटना एक इत्तेफाक समझकर विस्मृत की जाती है। लेकिन ऐसी घटनाओं का जख्म दशकों तक नहीं भुलाया जा सकता । आंध्रप्रदेश के राज्य सरकार के मंत्री जिम्मेदारी से बचते नजर आए उन्होंने कहा कि यह मंदिर निजी स्वामित्व वाला है और सरकार के एंडोमेंट्स विभाग के अधीन नहीं आता। उन्होंने बताया कि मंदिर की क्षमता बहुत सीमित थी, लेकिन करीब 25 हजार श्रद्धालु एक साथ पहुंच गए। मंदिर प्रशासन ने न तो कोई विशेष व्यवस्था की और न ही सरकार को सूचना दी। गृह मंत्री ने कहा कि इस बार एकादशी और कार्तिक मास का शनिवार होने से भीड़ सामान्य से कहीं ज्यादा थी। इस तरह के जवाब तथा सरकार अपनी जवाबदेही से मुंह मोड़ती नजर आ रही है। दरअसल, ऐसी घटनाओं पर राज्य और जिला प्रशासन ने हाथ खड़े कर दिए हैं। ऐसी घटनाएं पहले भी हो चुकी हैं। 2024 में हाथरस में हुई भगदड़ सबसे घातक थी, इसमें 121 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। तिरुपति मंदिर उत्सव के दौरान छह लोगों की मौत हो गई। मुम्बई में बांद्रा टर्मिनल रेलवे स्टेशन में भगदड़ से करीब नौ लोगों की मौत हो गई।

हरिद्वार मनसा देवी मंदिर में 27 जुलाई को भयंकर भीड़ जमा होने के बाद भगदड़ मची, जिसमें 6 लोगों की मौत हुई और कई लोग घायल हो गए। किसी ने करंट फैलने की अफवाह फैलाई थी, जिसके चलते ये हादसा हुआ। गोवा के शिरगांव गांव में श्री लाईराई देवी मंदिर के वार्षिक उत्सव के दौरान अचानक भगदड़ मच गई, इस हादसे में छह श्रद्धालुओं की मौत हो गई और करीब 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे। प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ के दौरान देर रात धक्का-मुक्की शुरू हुई और भगदड़ मच गई। इस दौरान नीचे जमीन पर सोए लोगों को भीड़ ने कुचल दिया। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक इस हादसे में 30 लोगों की मौत हो गई और 60 घायल हो गए।

इंदौर के एक मंदिर में रामनवमी के मौके पर एक हवन का आयोजन किया गया था, इस दौरान भारी भीड़ जुटी थी और एक प्राचीन बावड़ी (कुएं) के ऊपर बना स्लैब नीचे गिर गया। इस हादसे में करीब 36 लोगों की मौत हो गई। आंध्र प्रदेश के राजामंडी शहर में गोदावरी नदी के किनारे 'पुष्करम' उत्सव के दौरान भारी भीड़ जुट गई और भगदड़ में 27 श्रद्धालुओं की मौत हो गई। ऐसे अवसरों पर सावधानी आवश्यक है, शासन प्रशासन की ओर से भीड़ को नियंत्रित करने के उपाय करने चाहिए तथा जनता को भी संयम बरतना चाहिए ताकि जानमाल को नुकसान न हो।

**कांतिकुमार मांडोत, सूरत**

# स्वामी नारायण मंदिर में गुरु पूजन विधि में शामिल हुये मुख्यमंत्री डॉ. यादव








## अबू धाबी में मंदिर का निर्माण का सबसे बड़ा चमत्कार

अबू धाबी में मंदिर का निर्माण का सबसे बड़ा चमत्कार ही है, जहां कुछ साल पहले आप आरती भी नहीं कर सकते थे, वहां पर जमीन बन कर देते हैं मंदिर निर्माण के लिए अनूकूल स्थिति बनाते हैं। यह कहना है तारक मेहता फेम दिलीप जोशी यानी जेठालाल का। तिलहरी में आयोजित कार्यक्रम में उन्होंने कहा कि जीवन में गुरु का होना बहुत जरूरी, जो वहीं सीखने मिलता है जो कहीं और नहीं मिल सकता। उन्होंने कहा कि अंतर आत्मा को शुद्ध करता है संत समागम। इसके लिए विदेश में मनोचिकित्सकों को भुगतान करना पड़ता है, लेकिन हमें यह देश में निःशुल्क मिलता है। उन्होंने कहा कि युवा व्यसन से बचें। युवावस्था में लगता है कि ऐसा कर देंगे, वैसा कर देंगे, लेकिन उम्र बढ़ने पर समझ में आता है क्या गलत कर दिया है।

## डुमना विमानतल पर मुख्यमंत्री का स्वागत

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव का डुमना विमानतल पहुंचने पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह एवं महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक नीरज सिंह, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर रत्नेश सोनकर, भाजपा की जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) राजकुमार पटेल, पूर्व विधायक नीलेश अवस्थी एवं जनप्रतिनिधियों द्वारा आत्मीय स्वागत किया गया।

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मंगलवार शाम जबलपुर प्रवास के दौरान रसल चौक के समीप स्थित श्री स्वामी नारायण मंदिर पहुंचे और यहां गुरु पूजन विधि में शामिल हुये। मुख्यमंत्री ने परब्रह्म भगवान स्वामी नारायण के छठें आध्यात्मिक अनुगामी ब्रह्मस्वरूप महंत स्वामी महाराज के चित्र पर पुष्प अर्पित किये और तिलक लगाया। इस अवसर पर लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, प्रदेश भाजपा के कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा के नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, भाजपा के ग्रामीण अध्यक्ष राजकुमार पटेल भी मौजूद थे।

# रात में सड़क किनारे खड़े वाहन बन रहे हादसों का कारण

## कांचघर की ओर जाने वाले राहगीरों को नहीं दिख रहा मोड़

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के बेतरतीब यातायात को और अधिक खराब करने में वाहन चालक भी कोई कसर नहीं छोड़ रहे हैं। एक ओर आवारा मवेशियों के कारण सुबह से शाम तक बाधित होता है। तो वहीं दूसरी ओर रात के समय घर के सामने मुख्य सड़कों पर लोग अपने भारी वाहन और माल वाहक मुख्य सड़क के किनारे खड़ा कर रहे हैं। जिससे गंभीर हादसों का खतरा बना हुआ है। ऐसा ही घमापुर से कांचघर की ओर जाने वाले मुख्य मार्ग में बीती रात देखने को मिला। जहां कार, ऑटों, मालवाहक व अन्य वाहन सड़क किनारे खड़े दिखाई दिये। शीतलामाई से कुछ ही दूरी पर कुचबंधिया मोहल्ला पुर नाले के ऊपर मोड़ पर इस कदर वाहन खड़े किये जा रहे हैं मानों वाहन स्टैण्ड हो। लेकिन सड़क किनारे अंधेरे में खड़े ये वाहन सड़क दुर्घटना का कारण बने हुये।



**अंधेरे में नहीं दिखते वाहन**–कुचबंधिया मोहल्ला के सामने पुल पर अंधेरे में खड़े वाहन मोड़ पर आधी रोड पर खड़े किये जा रहे हैं। जो कबाड़ से भरे हुये होते हैं। शीतलामाई से कांचघर जाने वाले वाहन चालकों मोड़ दिखती ही नहीं। जिसके कारण खड़े वाहनों से चालक सीधे भिड़ जाते हैं और घायल हो रहे हैं।

**क्षेत्रीयजनों ने किया विरोध**–इन बेतरतीब वाहनों के खड़े करने पर आसपास के स्थानीय लोगों ने जब वाहन मालिकों को मना किया तो उन्होंने वाहन हटाने के लिये साफ मना कर दिया। साथ ही विवाद भी करने लगे। लेकिन वाहन नहीं हटाये और रोजाना ही उसी जगह पर वाहन खड़े किये जा रहे हैं। जिससे कभी भी गंभीर हादसा होने की संभावना बनी हुई है। शीतलामाई ही नहीं पूरे शहरभर में सड़क किनारे खड़े ऐसे वाहन एक अंजाने से खतरे को दावत दे रहे हैं।

# पुलिस कर्मियों को मिलेगी पक्की छत, 200 से अधिक आरक्षकों के आवास तैयार

**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस विभाग में कार्यरत आरक्षकों के लिए बड़ी राहत की खबर है। जर्जर क्वार्टरों में रहने को मजबूर आरक्षकों को अब पक्के और आधुनिक मकान मिलने वाले हैं। मुख्यमंत्री पुलिस आवास योजना के तहत जबलपुर में 200 से अधिक सिपाहियों के लिए आवासों का निर्माण तेजी से जारी है। कई स्थानों पर निर्माण कार्य अंतिम चरण में है.

**पहले चरण में 168 आवास तैयार**–मप्र हाउसिंग सोसायटी द्वारा बनाए जा रहे इन आवासों में प्रथम चरण में 6वीं बटालियन में राजपत्रित अधिकारियों के लिए 48, अराजपत्रित अधिकारियों के लिए 24 और आरक्षकों के लिए 96 आवास तैयार किए जा चुके हैं।

**दूसरे और तीसरे चरण में और आवास बन रहे**– दूसरे चरण में 24 अराजपत्रित और 96 आरक्षक आवास तथा तीसरे चरण में सिविल लाइंस थाना परिसर में 112 आरक्षक और लार्डगंज थाना परिसर में 56 आवास पुलिस को सौंपे जा चुके हैं। वहीं, अब घमापुर थाना में 96, हनुमानताल में 30 आवासों का काम प्रगति पर है।

## मल्टीस्टोरी भवनों की तैयारी

योजना के अगले चरण में रांझी स्थित 6वीं वाहिनी परिसर में 150 बहुमंजिला आरक्षक आवास बनाए जाएंगे। इसके अलावा विजय नगर, गोरखपुर, कोतवाली, लार्डगंज और बरेला थाना परिसरों में भी दर्जनों नए आरक्षक आवास तैयार किए जा रहे हैं। नई आवास योजना के तहत अब क्वार्टर पुराने 600 वर्गफीट के बजाय लगभग 700 वर्गफीट के बनाए जा रहे हैं, जिससे पुलिस कर्मियों और उनके परिवारों को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी।

# गौशालाओं के रखरखाव के लिये हिन्दू सेवा परिषद का प्रतिनिधिमंडल ने निगम अधिकारियों से की चर्चा



**जबलपुर, देशबन्धु।** हिंदू सेवा परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम में अधिकारियों से बैठक कर गौ संरक्षण के विषय पर विस्तृत चर्चा की तथा ज्ञापन सौंपा। बैठक के दौरान परिषद ने नगर क्षेत्र में व्याप्त गौ माताओं की उपेक्षा, उपचार की कमी एवं आश्रय व्यवस्था की दुर्दशा पर चिंता व्यक्त की। प्रतिनिधिमंडल ने नगर निगम से मांग की, कि गौ माता के लिए विशेष वाहनों की सुविधा, नियमित चिकित्सा व्यवस्था, स्थायी गौशाला निर्माण एवं गौशालाओं के समुचित रखरखाव की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएं।

हिन्दू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी ने बताया है कि परिषद जबलपुर में गौ माता को लेकर निरंतर कार्य कर रहा है नगर निगम द्वारा संचालित गौ शाला का अब निरीक्षण भी किया जायेगा एवं कमियां मिलने ठोस कदम भी उठाया जाएगा। अधिकारियों ने परिषद को आश्वासन दिया कि इन सभी विषयों पर शीघ्र कार्रवाई की जाएगी, 5 नए पशु वाहन खरीदी तथा व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार सुनिश्चित किया जाएगा। इस अवसर पर गौरव साहू, उत्कर्ष रावत, अक्षय झा, जितेंद्र चिमनानी, धीरज ज्ञानचंदानी, निखिल कनौजिया, अभिषेक अहिरवार एवं सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## सार-समाचार

### सैम सीनियर सिटीजन क्लब में महापौर सुनाएंगे दुबई के स्मरण



**जबलपुर, देशबन्धु।** सैम सीनियर सिटीजन क्लब में आज सोमवार को सायंकाल 4 बजे महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू जबलपुर के विकास को लेकर आज दुबई के संस्करण सुनाएंगे। साथ ही अभी रिलीज हुई फिल्म द ताज स्टोरी के चर्चित अभिनेता बी के तिवारी अपनी फिल्म के अनुभव साझा करेंगे। संयोजक जादूगर एस के निगम ने उपस्थिति की अपील की है।

### भगवान झूलेलाल पर अभद्र भाषा का उपयोग करने वाले पर कार्रवाई हो : डॉ. तिवारी



**जबलपुर, देशबन्धु।** इंडियन पीपुल्स अधिकार पार्टी के संस्थापक एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. पुरुषोत्तम तिवारी ने छत्तीसगढ़ में सिंधी समाज और अमित बघेल के बीच उत्पन्न विवाद पर गहरी चिंता व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज की भावनाओं का सम्मान होना चाहिए और समाज के आराध्य देव झूलेलाल भगवान पर अभद्र टिप्पणी करने वालों पर शीघ्र कार्रवाई की जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सिंधी समाज भारत की सांस्कृतिक धारा का अभिन्न हिस्सा है।

स्वतंत्रता संग्राम से लेकर राष्ट्र निर्माण तक सिंधी समाज ने सदैव एकता, सद्भाव और राष्ट्रभक्ति का उदाहरण प्रस्तुत किया है। किसी भी समाज, धर्म या आराध्य देवता के प्रति असम्मानजनक टिप्पणी न केवल सामाजिक सौहार्द को ठेस पहुंचाती है, बल्कि भारतीय संस्कृति के मूल्यों के भी विरुद्ध है। ये अत्यंत निंदनीय है।

### कुर्तूल एन कुरैशी ने एग्रीकल्चर विवि हिसार से की पीएचडी



**जबलपुर, देशबन्धु ।** मत्स्य शिक्षा जगत में उल्लेखनीय योगदान देने वाले चौधरी चरण सिंह हरियाणा एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी हिसार से जबलपुर की कुर्तूल एन कुरैशी ने अपनी सतत मेहनत और शोधपरक दृष्टिकोण के बल पर पीएचडी.की उपाधि प्राप्त कर एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है। हिसार विवि ने उनके शोध कार्य को मान्यता देते हुए उन्हें सम्मानित किया है।

डॉ. कुर्तूल सेंट्रल इंस्टीट्यूट आफ ट्रेकिश वॉटर एक्याकल्चर में सेवारत हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि डॉ कुर्तूल के शोध से मतस्य शैक्षणिक समुदाय के लिए उपयोगी होगा, बल्कि संबंधित विषय क्षेत्र में आगे होने वाले अध्ययन के लिए भी मार्गदर्शक बनेगा।

डॉ. कुर्तूल अपनी इस उपलब्धि का श्रेय गुरुजनों के मार्गदर्शन, परमात्मा की अपार कृपा और अपने माता कशाना नुजहत और पिता मेराज अहमद कुरैशी जी के सहयोग को दिया। डॉ. कुर्तूल एन कुरैशी ने भविष्य में अपने शोध कार्यों को और विस्तार देने तथा शिक्षा के क्षेत्र में नवाचार को प्रोत्साहित करने की बात कही।

# स्ट्रीट डॉग के नियंत्रण पर सेंट्रल कमेटी गठित

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर में आवारा कुत्तों के हो रहे कहर पर नियत्रंण करने के लिये नगर-निगम ने 21 सदसयीय सेंट्रल कमेटी गठित कर दी है। आगे वार्ड समितियां भी एक माह के अंदर गठित की जाएगी। उक्त निर्देश महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने दी। उन्होंने आगे बताया कि संबंधित अधिकारियों को आज ही कठौंदा जाकर वहां के डॉग हाउस की क्षमता बढाने हेतु रिपोर्ट पेश करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने बताया कि जल्द से जल्द टेंडर जारी कर इस डॉग हाउस का विस्तार करने हेतु निर्देश दिये जायेगें जिससे एक माह के भीतर इस संबंध में काम पूरा किया जायेगा। उन्होंने आवारा कुत्तों की नसबंदी तथा टीकाकरण हेतु स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देश जारी किये तथा रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा।



**ठोस कार्रवाई नहीं होने पर होगा आंदोलन** – इधर डॉ. पी.जी. नाजपांडे ने बताया कि 12 सितंबर को महापौर ने आवारा कुत्तों को संबंध में बैठक आयोजित की थी जिसमें सेंट्रल कमेटी, वार्ड कमेंटियां तथा कठौंदा डॉग हाउस की क्षमता बढाने हेतु निर्णय लिया गया था। लेकिन 2 माह बीतने के बावजूद भी इन निर्णयों पर कार्यवाही नहीं की गई। उन्होंने ने बताया कि 3 नंवबर म.प्र. शासन द्वारा सुप्रीम कोर्ट में शपथ पत्र प्रस्तुत किया गया है जिसमें जबलपुर का उल्लेख किया गया है। उपस्थित थे।

# कृषि विश्वविद्यालय में एनएसयूआई ने किया प्रदर्शन



**जबलपुर, देशबन्धु।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालयमें छात्रावास सुविधा, शुल्क वृद्धि, परीक्षा परिणामों में देरी और पारदर्शिता से जुड़ी गंभीर समस्याओं के विरोध में मंगलवार को एनएसयूआई जिलाध्यक्ष सचिन रजक के नेतृत्व में छात्रों ने विश्वविद्यालय परिसर में प्रदर्शन किया। यह आंदोलन छात्र अधिकारों की गरिमा के साथ संपन्न हुआ।

छात्रों ने रैली निकालते हुए प्रशासन की लापरवाही के खिलाफ नारे लगाए और स्पष्ट शब्दों में कहा कि छात्र हितों से खिलवाड़ अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान छात्रों ने कुलगुरु को एक विस्तृत ज्ञापन सौंपकर अपनी मांगों पर त्वरित कार्यवाही की मांग की। यह आश्वासन छात्रों के लिए तत्काल राहत का संकेत है। हालांकि एनएसयूआई ने स्पष्ट किया कि यदि मांगों पर समयबद्ध एवं वास्तविक कार्यवाही नहीं होती है, तो संघर्ष को और तेज किया जाएगा। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष सचिन रजक, उपाध्यक्ष अनुज यादव, दीपक यादव,अभय पटेल, शशांक मिश्रा, पवन साहू, राम पटेल, अभिषेल झा, शुभम विश्वकर्मा, सत्यम तिवारी, सनी विश्वकर्मा, आयुष पाल, दिव्यन्श दुबे सहित भारी संख्या मे छात्र उपस्थित थे।

# मध्यप्रदेश पुलिस द्वारा मुस्कान विशेष अभियान पर वर्कशॉप का आयोजन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री मध्यप्रदेश शासन की मंशानुरूप पुलिस मुख्यालय द्वारा चलाए जा रहे मुस्कान विशेष अभियान के अन्तर्गत गोहलपुर संभाग सीएसपी मधुर पटेरिया थाना स्टाफ सहित संध्या तिवारी द्वारा यश नर्सरी हायर सेकेण्डरी स्कूल गोहलपुर में बच्चों को पास्को एक्ट, गुड टच-बैड टच, साइबर क्राइम महिला अपराध, लैंगिक अपराध, नशाखोरी, यातायात से संबंधित विविध जानकारी को कक्षा 5-12 तक के बच्चों को एक वर्कशॉप के माध्यम से बेहतर तरिके से उपस्थित अधिकारियों द्वारा बच्चों स्टाफ को बताया गया। साथ ही बच्चों के द्वारा कानून संबंधी जानकारी ली गई। उन्होंने अपनी जिज्ञासा भरे प्रश्न का उत्तर प्राप्त किया।



इस अवसर पर अधिकारी द्वारा बताया गया कि किस प्रकार अनजाने में ही बच्चे अपराधियों के चंगुल में फंसकर ब्लेकमेलिंग और अन्य घटनाओं का शिकार हो जाते हैं कई बार बच्चे बुरी संगत से अनायास ही अपराधियों के सहयोगी बन अपराधी बन जाते हैं।आपने बताया कि समस्या के समय माता पिता और शिक्षक ही आपके सच्चे सलाहकार हैं इनसे किसी भी प्रकार की समस्या होने पर बेझिझक मार्गदर्शन प्राप्त करें। हम उम्र के साथियों के साथ रहें वाहन चलाते समय विविध सावधानियां अपनाएं जिसमें मोबाइल, हेलमेट के उपयोग संबंधी निर्देश विशेष हैं। समस्या होने पर आवश्यक हेल्पलाइन नंबर बच्चों को बतायें गये। इस अवसर पर संस्था डायरेक्टर डॉ. विजयकांत तिवारी, रिटायर्ड पुलिस अधिकारी रविशंकर तिवारी एवं विद्यालय प्राचार्य सहित समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

# इंश्योरेंस का झांसा देकर 5.5 लाख लेकर फरार हुआ एजेंट



**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी, रक्षा कॉलोनी निवासी एक इंश्योरेंस क्लेम के आश्वासन पर 5.5 लाख रुपए देने वाले चैतन्य चोपड़ा ने आरोप लगाया है कि एजेंट अमित कुमार लंब ने धोखाधड़ी की है। चैतन्य चोपड़ा, जो दोनों पैरों से विकलांग हैं, पिछले चार महीने से थानों के चक्कर काटने को मजबूर हैं।

जानकारी के अनुसार 16 फरवरी 2025 को रात 10:30 बजे चैतन्य चोपड़ा अपनी दुकान बंद करके तिलहरी स्थित अपने घर जा रहे थे, तभी गोराबाजार थाना क्षेत्र के डी मार्ट के पास उनका सड़क हादसा हुआ। हादसे में उनके ऊपर से एक ट्रक गुजर गया और उनके दोनों पैर गंभीर रूप से घायल हो गए थे। इसके बाद उनके दोनों पांव नहीं जुड़ पाए, आज उनकी यह स्थिति है कि वह अपने दोनों पांव के बिना ही जीवन जी रहे हैं।

चोपड़ा का अवीवा इंश्योरेंस कंपनी में 2014 से विगत 11 वर्षों से इंश्योरेंस चल रहा था, और उसका क्लेम एजेंट अमित कुमार लंब द्वारा किया गया था। हादसे की जानकारी मिलने पर अमित ने चैतन्य के पास पहुंचकर इंश्योरेंस क्लेम का पैसा दिलाने का भरोसा दिलाया और उनसे 5.5 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद अमित लंब लापता हो गए और अब तक इंश्योरेंस क्लेम भी नहीं दिलाया गया। मंगलवार को जनसुनवाई में एसपी ऑफिस में फरियादी चैतन्य चोपड़ा अपने परिवार के साथ एवं सुरेश कुमार जैन (शाहपुरा निवासी) के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।

उनका आरोप है कि अमित कुमार लंब ने सुरेश जैन के साथ भी 9 लाख रुपए की धोखाधड़ी की है। यह मामला पहले से थाना शहपुरा और थाना ओमती में लंबित है और आज तक इस पर किसी भी तरीके की कोई कार्रवाई नहीं की गई एवं आरोपी पर फिर तक दर्ज नहीं की है। बताया जा रहा है कि अमित कुमार लंब के खिलाफ सतना जिले में भी शिकायत दर्ज है। रांझी थाने में अब तक उनकी शिकायत के बाद भी आरोपी पर कार्रवाई नहीं हो रही।

# रेंजरों का बढ़ सकता है वेतन, वन विभाग में लागू हों सकते हैं नए नियम

**जबलपुर, देशबन्धु।** शहर के साथ ही प्रदेश रेंजरों के वेतन और अधिकारों को लेकर नए नियम लागू किए जा सकते है। इस बदलाव से प्रदेश के 1192 रेंजरों को फायदा होगा। वन विभाग वर्ष 2026 के आखिर तक इस विषय में नए नियम लागू करने के विचार में हैं। रेंजर वर्तमान में पुलिस थाने के प्रभारियों के समकक्ष होते हुए भी कम वेतन प्राप्त करते हैं। रेंजरों के वेतन में बढ़ोतरी और ग्रेड-पे में सुधार की मांग लंबे समय से की जा रही थी। अब सरकार इस दिशा में ठोस कदम उठा रही है और जल्द ही इन नए नियमों को लागू करने की योजना है।

**रेंजरों के वेतन में बढ़ोतरी के कारण**– मध्यप्रदेश में वन विभाग के रेंजरों की सैलरी में वृद्धि की योजना बनाई गई है। वर्तमान में रेंजरों का वेतन पुलिस थाने के प्रभारियों और तहसीलदारों के बराबर होने के बावजूद कम है। रेंजरों का वेतन केवल 36,200 रुपए प्रति माह होता है, जबकि उन्हें 58 प्रतिशत महंगाई भत्ता मिलता है, जिससे उनकी कुल सैलरी लगभग 57 हजार रुपए होती है। रेंजरों की सैलरी में बढ़ोतरी से उन्हें 10,400 रुपए तक का अतिरिक्त लाभ मिलेगा, जो उनके लिए एक बड़ा और महत्वपूर्ण सुधार होगा।

**वित्त विभाग से ली जाएगी अनुमति**– वन विभाग ने रेंजरों के वेतन में सुधार के लिए नए नियमों का मसौदा तैयार करना शुरू कर दिया है। यह मसौदा चार माह में तैयार होगा, इसके बाद मप्र वित्त विभाग से अनुमति ली जाएगी। मंजूरी मिलने के बाद, मसौदा मुख्य सचिव को भेजा जाएगा और फिर कैबिनेट में लाया जाएगा। इन बदलावों के लागू होने से रेंजरों का वेतन बढ़कर 47,600 रुपए प्रति माह हो सकता है।

**रेंजरों के अधिकारों में बदलाव**– रेंजरों को तहसीलदार के बराबर अधिकार होते हैं, लेकिन उनका वेतन इससे काफी कम है। सरकार अब इन अधिकारों में भी सुधार करने की योजना बना रही है।

संत किसी एक जाति समाज के लिए नहीं बल्कि सर्व समाज के कल्याण को दिशा देने के लिए अवतरित होते है

## महर्षि सुदर्शन जयंती पर समरसता सेवा संगठन द्वारा विचार गोष्ठी एवं पौधारोपण

**जबलपुर, देशबनधु।** संतो, ऋषियों, महापुरुषों ने किसी समाज विशेष के लिए अवतार नहीं लिया, ऐसे संत अपनी जातियों को पल्ल्वीत पुषपित करने इस धरती पर नहीं आये थे उन्होंने सर्व समाज के कल्याण के लिया अवतार लिया था इसीलिए उन्हें अपनी अपनी जातियों में बांध कर मत रखिये यह बात महर्षि सुदर्शन जयंती के अवसर पर समरसता सेवा संगठन द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये मुख्य वक्ता अनिमेष अटल ने कही।



समरसता सेवा संगठन ने महर्षि सुदर्शन जयंती के अवसर पर मुख्य अतिथि वरिष्ठ समाजसेवी पं अशोक मनोध्या, मुख्य वक्ता आध्यात्मिक चिंतक एवं राष्ट्रवादी विचारक अनिमेष अटल, विशिष्ट अतिथि माध्यमिक शिक्षा मंडल उपाध्यक्ष श्रीनिवास राव, समरसता सेवा संगठन अध्यक्ष संदीप जैन, सचिव उज्जवल पचौरी की उपस्थिति में विचार गोष्ठी का आयोजन अग्रवाल धर्मशाला गौरीघाट में किया गया। मुख्य अतिथि पं. अशोक मनोध्या ने विचार गोष्ठी को सम्बोधित करते हुये कहा समरसता सेवा संगठन अपने कार्यों के माध्यम से उस कार्य को कर रहा है जिसकी आज देश को आवश्यकता है। अनिमेष अटल ने कहा संतों, ऋषियों, महापुरुषों ने किसी समाज विशेष के लिए अवतार नहीं लिया, ऐसे संत अपनी जातियों को पल्ल्वीत पुषपित करने इस धरती पर नहीं आये थे इसीलिए उन्हें अपनी अपनी जातियों में बांध कर मत रखिये साथ ही कभी किसी संत या महापुरुष ने अपने वाणी और विचारों से समाज को तोड़ने नहीं कहा, हमें भी इस जाति बिरादरी के बंधन से मुक्त होने की आवश्कता हैं ।

इस अवसर पर लोकराम कोरी, जगदीश चोहटेल, अशोक कटारे, श्याम नारायण बिरहा, मुकेश बिरहा, अजय अरखेल, राजेश नेमा, परसादी लाल बिरहा, अनिल तिवारी, पार्षद अविनाश चमकेल, जागेश समुंद्रे, अभिनव यादव, शरीन बाबा, संतोष झारिया, दीपक नाहर, सूरज समुंद्रे, अशोक कहारे, संजय हरिराम बिरहा, अजय अधिकार, राकेश समुंद्रे, श्याम सोनी, टिकेंद्र यादव, पप्पू गिरहा उपस्थित थे।

## परिवार, समाज को संगठित करने का उपदेश है रामचरित मानस

दीपोत्सव में 5100 सौ दीपों से जगमगाया भक्ति धाम

**जबलपुर, देशबन्धु।** रामचरित मानस में सेवा की शिक्षा है। राम के नाम पर अधिकार स्थापित करने के लिए नियमित रूप से परिवार में मानस का पाठ होना चाहिए।



परिवार को संगठित करने का पाठ मानस में है। नारी पूजनीय है भगवान श्री राम ने नारी को पूजा है । भारतीय वैदिक ऋचाओं में नारी की आराधना है। राम केवल नाम नहीं संपूर्ण सृष्टि का सार है। राम ने संपूर्ण लीलाओं में समाज के सभी वर्गो को पग पग चलकर संगठित किया है,उक्त उद्गार भक्ति धाम गौरी घाट मे श्रीराम कथा में पंचम दिवस परम पूज्य स्वामी अशोकानंद जी महाराज ने भक्तिधाम गौरीघाट में कहे।

आज पूजन अर्चन महाआरती सुनील भागचंदानी, संदीप जैन गुड्डा,जेठानंद खत्री, विजय पंजवानी, हरि करिश्मा शर्मा,जमनादास खत्री, प्रहलाद लालवानी , विध्येश भापकर,प्रिंस पंजवानी, वेदांत शर्मा, जय वाशानी, उमेश पारवानी उपस्थित बड़ी संख्या में श्रद्धालु भक्तों से शास्त्रोक्त विधि व्दारा आचार्य श्री रामफल शास्त्री, पं आशीष लालू महाराज, पुष्पराज तिवारी ने पूजन अर्चन कराया। भगवान श्री राम के अयोध्या नगर आगमन पर 5100 दीपों को प्रज्ज्वलित कर दीपोत्सव का आयोजन किया गया।

## नेशनल एडवेंचर कैम्प में रादुविवि के सात वॉलेन्टियर्स करेंगे मप्र का प्रतिनिधित्व

संस्कारधानी से दल हुआ रवाना, 5 से 14 नवम्बर मनाली में होगा आयोजन



**जबलपुर, देशबन्धु।** ऊंची पहाड़ियों और बर्फीली वादियों में एनएसएस के वॉलेन्टियर्स राफ्टिंग और ट्रेकिंग करेंगे। इसके चलते मनाली के अटल बिहारी वाजपेयी माउंटेनियरिंग इंस्टीट्यूट में लगने वाले राष्ट्रीय साहसिक शिविर में संस्कारधानी के वॉलेन्टियर्स कमाल दिखाएंगे। मनाली में 5 से 14 नवम्बर तक लगने वाले इस कैम्प के लिए रानी दुर्गावती विवि से दल रवाना हुआ। दल में 7 स्वयं सेवक व एक कार्यकम अधिकारी शामिल है। टीम को कुलपति प्रो. राजेश कुमार वर्मा, कुलसचिव डॉ. आरके बघेल, कार्यक्रम समन्वयक डॉ. शोभराम मेहरा, कार्यक्रम अधिकारी डॉ. देवांशु गौतम ने रवाना किया।

**यह बढ़ाएंगे प्रदेश का गौरव-** टीम में कार्यक्रम अधिकारी डॉ. प्रज्ञा दुबे व वॉलेन्टियर्स में शिवांगी मिश्रा, सृष्टि सिंह, रीना नागपुरे, भारती बर्मन, राहुल आर्मो, दिनेश अग्रवाल, शिवम सोंधिया शामिल हैं। नेशनल कैम्प में कैडेट्स रिवर राफ्टिंग, माउंटेन क्लाइम्बिंग, वॉटर स्पोर्ट्स, फारेस्ट ट्रैकिंग एवं अन्य एडवेंचर गतिविधियों का प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे।

## रैली में स्टूडेंट्स ने दिया एकता का संदेश



**जबलपुर, देशबन्धु।** आर्मी पब्लिक स्कूल क्र. 2 जैकआरआरसी में राष्ट्रीय एकता दिवस मनाया गया। दिवस के मौके पर रैली निकाली गई। प्राचार्य शीला पाण्डे ने हरी झंडी दिखाकर रैली रवाना की। रैली में कक्षा 4 से 12वीं तक के 600 स्टूडेंट्स ने 4 किमी की दौर पूरी की। इस दौरान सभी ने एक भारत, श्रेष्ठ भारत और रन फॉर यूनिटी के नारे लगाए। पुरस्कार वितरण से छात्रों का हौसला बढ़ाया। प्रतियोगिता में प्रथम विपलेश्वर, द्वितीय रिहान तथा तृतीय समर थे। छात्राओं में प्रथम समाद्रिता, द्वितीय गिरीजा और तृतीय वैष्णवी रहीं। अंडर 14 में प्रथम आदर्श, द्वितीय अर्णव, तृतीय सुधांशु, छात्राओं में कृतिका, परी, निधि तृतीय ने स्थान पाया। अंडर 19 में प्रथम ऋतिक, द्वितीय अरमान, तृतीय जिज्ञासु, छात्राओं में स्वाति, तृषा, श्रद्धा रहीं। स्पोर्ट्स टीचर यदुराज शर्मा का संयोजन रहा।

## तीन ताल में तराना रहा खूब, नृत्य व संगीत में किया नर्मदा प्रेम का बखान

विवेचना थिएटर ग्रुप का विवेचना कला महोत्सव में कथक की मनमोहक प्रस्तुति



**जबलपुर, देशबन्धु।** विवेचना थिएटर ग्रुप व उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केन्द्र प्रयागराज के तत्वावधान में विवेचना कला महोत्सव में नृत्यांगना शालिनी खरे व शिष्याओं ने कथक की प्रस्तुति दी। प्रस्तुति की शुरुआत गणेश वंदना से हुई। इसमें कलाकारों ने गणेश जी के बारह नामों को गणेश रक्षा श्रोत में दर्शाया। इसके बाद विष्णु वंदना प्रस्तुत की। तीन ताल में तराना, मां नर्मदा की गाथा कथक शैली में मंचित की गई। इसके साथ ही शुद्ध कथक शैली में तोडे, तुकड़े, तिहाई, द्रौपदी चीर हरन गत भाव में प्रस्तुत किया। इसी क्रम में घूमर, राधा कृष्ण रास की प्रस्तुति मनमोहक रही। इस मौके पर विवेचना के हिमांशु राय, बांके बिहारी ब्यौहार, अजय धाबर्डे व बद्रीश पांडे मौजूद थे।

**नर्मदा मैय्या ऐसी मिली रे...** समारोह में नाट्य लोक सांस्कृतिक एवं सामाजिक संस्था के जानकी बैंड ने संस्था निर्देशक दविन्दर सिंह ग्रोवर व संगीत निर्देशिका डॉ. शिप्रा सुल्लेरे के संयोजन में विविध लोक एवं काव्य रचनाओं पर आधारित गीतों की श्रृंखला प्रस्तुत की गई।

इस दौरान नर्मदा मैया ऐसी तो मिली रे..., शहीदों की चिताओं पर, उड़ जाएगा हंस अकेला..., मत्थे ते चमकन वाल... की प्रस्तुति दी। दल में मुस्कान धोपे, उन्नति तिवारी, चेतना बैन, एशिता तिवारी, आरती दुबे, अदिति पटेल, परीक्षा सिंह राजपूत, चांदनी सेन एवं आयुष बर्मन शामिल थे।

### दैनिक राशिफल

बुधवार 05 नवम्बर 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2082, शक संवत 1947 हिजरी 1446। कार्तिक शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा, नक्षत्र- अश्वनी।

मेष - कम समय में अधिक लाभ पाने के विचार में आप फंस सकते हैं। कोर्ट-कचहरी के विषय में न पड़ने की सलाह आपको दी जाती है। स्थायी संपत्ति के काम भी टालना होंगे।

वृषभ - गृह एवं संतान सम्बंधी शुभ समाचार आप को मिलेंगे। पुराने और बचपन के दोस्तों से मुलाकात हो सकती है। कोई नए दोस्त मिल सकते हैं। व्यापार में किसी तरह का लाभ होगा।

मिथुन - आज का आपका दिन लाभकारी है। पारिवारिक और प्रोफेशनल दोनों ही क्षेत्रों में आपकी प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। घर-परिवार में आनंद का वातावरण आप को खुश रखेगा। क-578-138

कर्क - आज के दिन बौद्धिक काम, नए सृजन और साहित्यिक गतिविधि में आप उलझे रहेंगे। नए काम की शुरुआत कर सकते हैं। किसी धार्मिक यात्रा का आयोजन हो सकता है।

सिंह - आज कोई नया काम शुरू कर सकते हैं। पिता से आपको लाभ होगा। ज्योतिष और आध्यात्मिक विषयों में आपकी रुचि बनी रहेगी। अपनी वाणी और व्यवहार को संयमित रखना आपके ही हित में रहेगा।

कन्या - सुबह का समय दोस्तों के साथ घूमने-फिरने, खान-पान एवं मनोरंजन में बीत सकता है। पार्टनरशिप काम में ध्यान रखें।

तुला - आज दृढ़ मनोबल और आत्मविश्वास के साथ हर काम को आसानी से बना पाएंगे। गृहस्थ जीवन में सुख और शांति बनी रहेगी।

वृश्चिक - मानसिक रूप से आप में भावुकता की मात्रा अधिक रहेगी। किसी बात को लेकर ज्यादा विचलित ना हो। विद्यार्थी आज अभ्यास और कॅरियर के मामले में सफलता प्राप्त कर सकेंगे।

धनु - पारिवारिक शांति बनाए रखने के लिए निरर्थक वाद-विवाद न करें। माता का स्वास्थ्य खराब रहेगा। धन-प्रतिष्ठा में हानि हो सकती है।

मकर - आज कोई महत्वपूर्ण डिसीजन आप ले पाएंगे। मित्रों और प्रियपात्र के साथ मुलाकात सुखद होगी। कोई छोटी यात्रा का आयोजन हो सकता है। ।

कुंभ - आज क्रोध और वाणी पर संयम बरतें। नकारात्मक विचार से आपका मन दुखी हो सकता है। खान-पान में भी संयम बरतें। दोपहर के बाद आप वैचारिक स्थिरता के साथ सभी कार्यों को आसानी से पूरा कर पाएंगे।

मीन - आज आपके घर में धार्मिक कार्य होंगे। परिवार में आनंदमय वातावरण रहेगा। काम में सफलता मिलेगी। शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखें। नए काम के लिए दिन शुभ है। मॉ-122-700

1,4,8,9,14,15,40,41,88,48,91,06

## संगिनी सेवा संगठन का दिवाली मिलन समारोह



**जबलपुर, देशबन्धु।** संगिनी सेवा संगठन का दिवाली मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में महिलाओं ने ट्रेडिशनल आउटफिट्स में सेलिब्रेशन किया। इसके साथ ही जमकर पटाखे जलाए। कार्यक्रम में थीम के अकॉर्डिंग हाउजी खेली गई। वहीं दिवाली बेस्ड पर तम्बोला भी खेला गया। इस मौके पर निधि गुप्ता, अध्यक्ष ज्योति राय, सचिव प्रभा भारद्वाज, कोषाध्यक्ष मीनल शाह, अनुभूति बादशा, आभा जैन, अंजु अग्रवाल, सोना, कविता खंडारे, किरण माणिक, किरण सराफ, ममता तिवारी मौजूद रहीं।

## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा महाकुंभ भेड़ाघाट में आयोजित

**जबलपुर, देशबन्धु।** सैकड़ो वर्षो से निकल रही नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा हरे कृष्णा आश्रम भेड़ाघाट से परिक्रमा शहर के सभी पूज्य संत महात्माओं के सानिध्य में की जाएगी




किन्नर अखाड़ा की महामंडलेश्वर पुष्पानंद गिरी महाराज शहीद परिवार श्रीमंत प्रभाकर नरसिंह राव राजे का आज आगमन हुआ उन्होंने ने कहा हिंदुस्तान शहीदों की भूमि है इसकी संस्कृति कभी नहीं मिटेगी बहुत जल्द भारत हिंदू राष्ट्र बनेगा किन्नर समाज को भगवान श्री राम का आशीर्वाद है नर्मदा सौंदर्य की प्रतियोगिता होगी सुबह से शाम तक की फोटो जो उतारी गई है माह के आखिरी में निर्णायक मंडल द्वारा इनाम दिया जाएगा लामेटा घाट में 30 नाव सरस्वती घाट में 30 नाव 100 से अधिक बसें भेड़ाघाट जाने के लिए मिलेगी

**विशाल भंडारे होंगे-** बद्रीनाथ धाम से पूजित गोमती चक्र आश्रम में प्रसाद स्वरूप स्वामी रामचंद्र दास जी महाराज के द्वारा वितरित किए जाएंगे डॉ सुधीर अग्रवाल संरक्षक सुषमा शंकर पटेल पं मनमोहन दुबे विनोद दीवान श्याम मनोहर पटेल सत्य प्रकाश नामदेव देवेंद्र नेमा मनोज गुलाबबानी कैलाश विश्वकर्मा गुड्डू नेता निर्मल पटेल मोहित तिवारी दुर्गा पटेल नितिन चौबे सुरेश विश्वकर्मा देव सोनी पवन साहू आदि ने उपस्थिति की अपील की है

## नरसिंह मंदिर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीमद भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के चतुर्थ दिवस पर परम् पूज्य श्रीमद् जगदगुरू नृसिंहपीठाधीश्वर डॉ स्वामी नृसिंहदेवाचार्य जी महाराज श्री ने कहा 'इदं भागवतं नाम पुराणं ब्रह्म सम्मितम् यह कथा ब्रह्म सम्मित है अर्थात वेदों का तात्पर्य इसमें वर्णित है। इसके श्रवण मात्र से हृदय में दृढ भक्ति का उदय हो जाता है और भक्ति के प्रभाव से जीवन के सारे क्लेश समाप्त हो जाते हैं।'



उपजी राम भगति दृढ़ बीते सकल कलेश' कथा श्रवणमाल से परमात्मा के चरणों में रति प्रीति और भक्ति का सहज ही उदय हो जाता है।

अजामिल पातकी होता हुआ भी अपने पुत्र को नारायण' कह कर पुकारा परन्तु भगवान की करुणा से पार्षद आकर यमदूतों को मार भगाया स्वामी जी ने पावन प्रहलाद चरित का वर्णन करते हुए कहा वह ईश्वर कितना दयालु है जिसने दुष्ट हिरण्यकशिपु की यातना से रक्षा करने के लिए भयंकर नृसिंहावतार धारणा कर भक्त की रक्षा तथा असुर का उद्धार किया भगवान के विविध अवतारों का वर्णन करते हुए अन्त में सभी भक्तों द्वारा बड़े धूम धाम से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव सम्पन्न हुआ।

व्यासपीठ का पूजन कमलेश शुक्ल आयोजक सतेन्द्र ज्योतिषी विवेक विकास रामरंजन शुक्ल ने किया इस अवसर पर पूज्य दंडी स्वामी कलिकानन्द जी महराज विधायक अजय बिश्नोई विधायक नीरज सिंह ठाकुर अध्यक्ष हाईकोर्ट जबलपुर डी. के. जी परितोष त्रिवेदी जी राजेंद्र प्यासी गीता पाण्डेय सभी भक्तों की उपस्थिति रही

## सोशल मीडिया का सीमित उपयोग जरूरी

**जबलपुर, देशबन्धु।** शासकीय मानकुंवर बाई कॉलेज में आइक्यूएसी के तत्वावधान में कार्यशाला का विषय साइबर स्वच्छता एवं साइबर सुरक्षा था। उच्च शिक्षा विभाग जबलपुर संभाग के डॉ. पंजाब राव चंदेलकर ने कहा कि सोशल मीडिया का सीमित उपयोग ही सुरक्षा का बड़ा हथियार है। मुख्य वक्ता डॉ. आशीष मिश्रा ने डिजिटल फ्रॉड, राज्य साइबर पुलिस से अर्चना सिंह ठाकुर, नीलम द्विवेदी एवं हरिओम शुक्ला ने साइबर अपराध से जुड़े व्यावहारिक पक्षों पर व्याख्यान दिया। डॉ. ब्रह्मानंद त्रिपाठी, संयोजक डॉ. उषा कैली, डॉ. मुस्तकीम राजा, डॉ. अखिलेश शर्मा, डॉ. तूलिका गौतम, डॉ. प्रशांत सिंह मौजूद थे।

## निधन

ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान

**श्रीमती कुसुम खरारे-** भार्गव कम्पाउंड साउथ सिविल लाइन निवासी श्री भानू खरारे की धर्मपत्नी श्रीमती कुसुम खरारे (57) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मान सिंह मरावी-** इंद्रा बस्ती रतन नगर गुप्तेश्वर निवासी श्री मान सिंह मरावी (51) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्रीमती सुनीता ठाकुर-** अमखेरा निवासी श्री कमलेश ठाकुर की धर्मपत्नी श्रीमती सुनीता ठाकुर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री उत्तम चौहान-** बदनपुर शक्तिनगर निवासी श्री उत्तम चौहान (52) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री हरेंद्र पाल-** रक्षा कॉलोनी रांझी निवासी श्री हरेंद्र पाल (71) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री चंद्रभान कोरी-** लालमाटी सेठ गोविंददास वार्ड निवासी श्री चंद्रभान कोरी (83) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री कमला प्रसाद पटेल-** जगदम्बा नगर महाराजपुर निवासी श्री कमला प्रसाद पटेल (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री दौलतराम अहिरवार-** राधाकृष्णन वार्ड सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री दौलतराम अहिरवार (81) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमित्रा बाई-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री सुदर्शन राम की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा बाई (84) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती कमला बाई कोरी-** सिद्धबाबा वार्ड निवासी श्री करन सिंह कोरी की धर्मपत्नी श्रीमती कमला बाई कोरी (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुशीला चौबे-** शांतिनगर दमोहनाका निवासी श्री आरएम चौबे की धर्मपत्नी श्रीमती सुशीला चौबे (89) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती प्रभा दुबे-** गंजीपुरा नार्मल स्कूल रोड निवासी श्री गोपाल प्रसाद दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती प्रभा दुबे (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में किया गया।

**श्रीमती दमयंती देवक-** राजुल सिटी बिलहरी निवासी श्री होम शंकर देवक की धर्मपत्नी श्रीमती दमयंती देवक (79) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

# अलग-अलग घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** तीन अलग-अलग घटनाओं में तीन व्यक्तियों की मौत हो गई। पुलिस ने तीनों प्रकरणों में पंचनामा कार्यवाही के बाद शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर प्रकरणों को विवेचना में लिया है।



**सिक्योरिटी गार्ड की मौत**-भेड़ाघाट थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार अंजनीधाम के पास सर्विस रोड एनएच-45 ग्राम कूड़न के पास एक्सीडेंट होने एवं घायल को उपचार हेतु मेडिकल कॉलेज ले जाया गया था। डॉक्टरों ने प्रारंभिक जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक की शिनाख्त बालाराम अहिरवार उम्र 62 वर्ष ग्राम हिनौता के रूप में हुई थी। वृद्ध अशोक लीलैंड कम्पनी तेवर में रात के समय सिक्योरिटी गार्ड की नौकरी करता था। किसी अज्ञात वाहन की टक्कर से गंभीर चोट आने के कारण उसकी मौत हो गई।

**रोड किनारे मृत मिला वृद्ध**-पाटन थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रभान पिपरिया गिरजाशंकर तिवारी के घर के सामने रोड किनारे एक अज्ञात व्यक्ति उम्र लगभग 60-65 वर्ष का चित अवस्था में पड़े होने की जानकारी प्राप्त हुई। पुलिस ने पहुंचकर देखा कि वृद्ध की मौत हो गई है। वृद्ध नीली शर्ट एवं काली फुल पैंट पहने हुए था। पुलिस ने मृतक की शिनाख्तगी के प्रयास प्रारंभ कर दिए हैं।

**ट्रेन से कटा युवक**शहपुरा थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामम टेढ़ चौकी रमखिरिया निवासी गोविन्द कोल उम्र 25 वर्ष ट्रेन से टकरा गया था, जिसके कारण युवक को हाथ-पैर व सिर में गंभीर चोटें आई थीं। युवक को गंभीर अवस्था में उपचार के लिए एम्बुलेंस से उपचार के लिए शासकीय अस्पताल शहपुरा ले जाया गया। प्रारंभिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

# बार व बेंच न्यायरथ के दो पहिए, सामंजस्य से करूंगा न्यायदान

## जस्टिस संदीप नटवरलाल भट्ट ने ली शपथ

**जबलपुर, देशबन्धु।** गुजरात हाईकोर्ट से स्थानांतरित होकर आए जस्टिस संदीप नटवरलाल भट्ट ने कहा कि मैं प्रभु कृपा से साबरमती माता के किनारे से माता नर्मदा के तट तक आया हूं। महाकाल की धरती पर मप्र हाईकोर्ट की न्यायदान की परिपाटी को बनाए रखूंगा। उन्होंने कहा कि बार और बेंच न्यायरथ के दो पहिए हैं। जस्टिस भट्ट ने कहा कि मैं अपनी पूरी क्षमता और ईमानदारी से इनके बीच सामंजस्य बनाते हुए न्यायदान का कर्तव्य निभाने का प्रयास करूंगा। वे मंगलवार को शपथ ग्रहण व स्वागत समारोह को संबोधित कर रहे थे।

इसके पहले हाईकोर्ट सभागार में गरिमामयी कार्यक्रम में चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा ने जस्टिस भट्ट को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। महाधिवक्ता प्रशांत सिंह, स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता, को-चेयरमैन आरके सिंह सैनी, हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष डीके जैन, हाईकोर्ट एडवोकेट्स बार एसोसिएशन के अध्यक्ष संजय अग्रवाल, सीनियर एडवोकेट्स काउंसिल की अध्यक्ष शोभा मेनन ने जस्टिस सिंह के व्यक्तित्व-कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए उनका स्वागत किया। इस अवसर पर रजिस्ट्री के अधिकारी व अधिवक्तागण मौजूद थे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को किया गया सम्मानित




**जबलपुर, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक जबलपुर सम्पत उपाध्याय द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में आयुष गुप्ता, अंजना तिवारी की उपस्थिति में थाना कटंगी में पदस्थ उपनिरीक्षक लवकुश साकेत को गुमशुदाओं की दस्तयाबी के लिए, थाना गोरखपुर में पदस्थ रावेन्द्र तिवारी को विवेचना के दौरान चोरी गए मशरूका की बरामदगी के लिए, यातायात थाना घमापुर में पदस्थ अजय चौबे को मोटर व्हीकल एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही करने एवं सोशल मीडिया सेल में शुभम सिंह दीक्षित को सोशल मीडिया मॉनीटरिंग करते हुए उत्कृष्ट एवं सराहनीय कार्य करने के लिए प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए बधाई दी गई।

# पति की प्रताड़ना से तंग आकर पत्नी ने किया था आत्महत्या का प्रयास, आरोपी पति गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मेडिकल कॉलेज में इलाजरत श्रीमती अंजो बाई कुम्हार (27 वर्ष) निवासी मझौली ने अपने घर पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया, जिसे उपचार के लिए पति बंशीलाल ने अस्पताल में भर्ती कराया था। उपचार के दौरान 9 अगस्त की शाम को महिला की मृत्यु हो गई थी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुए मर्ग कायम कर घटनास्थल थाना मझौली केस स्थानांतरित कर दिया गया था। पुलिस द्वारा अंजो बाई के परिजनों एवं साक्षियों के कथन लिए गये, जिस पर अंजो बाई के पति बंशीलाल कुम्हार द्वारा चरित्र संदेह को लेकर मारपीट कर शारीरिक एवं मानसिक रूप से प्रताड़ित करने के कारण अंजो बाई द्वारा प्रताड़ना से तंग आकर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का प्रयास किया गया, जिसके बाद आरोपी बंशीलाल कुम्हार के विरुद्ध धारा 108 बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर अभिरक्षा में लेते हुए प्रकरण विवेचना में लिया गया है।

# मेट्रो बस के कंडक्टर से मारपीट, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**जबलपुर, देशबन्धु** शहर में संचालित ‘चलो मेट्रो बस’ सेवा में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई। बस कंडक्टर योगेश मिश्रा पर तीन युवकों ने दिनदहाड़े हमला कर दिया। बताया गया कि एक दिन पहले यात्रा के दौरान हुई कहासुनी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने कंडक्टर से मारपीट की। यह पूरी घटना बस के कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है।



प्राप्त जानकारी के अनुसार, 30 अक्टूबर की सुबह करीब 10:10 बजे योगेश मिश्रा बस क्रमांक एमपी 20-पीए 1256 में ड्यूटी पर थे। उसी रूट की पिछली बस खराब होने के कारण यात्रियों की भीड़ अधिक थी। कंडक्टर ने यात्रियों से पीछे जाने का आग्रह किया, ताकि और सवारियां चढ़ सकें, लेकिन एक यात्री अभिषेक सैनी ने इनकार कर दिया। इसके बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई और वह धमकी देते हुए उतर गया।

31 अक्टूबर की सुबह अभिषेक अपने दो साथियों के साथ अंधमूक बायपास के पास दिखाई दिया। तीनों ने योगेश मिश्रा की बस का पीछा किया और सूपाताल के पास बस रुकवाकर अंदर चढ़ गए। यात्रियों के सामने ही उन्होंने कंडक्टर से गाली-गलौज करते हुए मारपीट शुरू कर दी। जब यात्रियों ने बीच-बचाव किया तब आरोपी वहां से फरार हो गए।

**आरोपियों की तलाश में जुटी पुलिस**- गढ़ा थाना प्रभारी प्रसन्न शर्मा ने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने अभिषेक सैनी और उसके दो साथियों के खिलाफ बीएनएस की धारा 294, 323, 506 और 34 के तहत मामला दर्ज किया है। सीसीटीवी फुटेज में तीनों आरोपियों के चेहरे स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं। उनकी तलाश के लिए टीम गठित की गई है।

**बस कर्मियों की चेतावनी**- मारपीट का वीडियो वायरल होने के बाद नगर निगम और सिटी ट्रांसपोर्ट विभाग हरकत में आ गया है। अधिकारियों ने कहा है कि बसों में अतिरिक्त सुरक्षा कर्मी तैनात किए जाएंगे और सीसीटीवी निगरानी को और सख्त किया जाएगा। वहीं, बस कर्मचारियों ने चेतावनी दी है कि यदि आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो सभी बसों का संचालन बंद कर हड़ताल की जाएगी।

# सोने-चांदी के जेवर के साथ गेंहू चुराने वाला आरोपी पकड़ा गया

## सोने का 1 मंगलसूत्र, चांदी की पायल तथा 80 किलो गेहू जब्त

**जबलपुर देशबन्धु।** कुछ दिनों पहले पनागर में एक अनोखी चोरी की घटना सामने आई थी, जिसमें सोने-चांदी के जेवर के साथ चोर गेंहू भी चुरा कर ले गए थे, जिसमें थाना पनागर की पुलिस टीम द्वारा 1 आरोपी को गिरफ्तार कर चुराए हुए 80 किलो गेहूं, सोने का 1 मंगलसूत्र, चांदी की पायल जब्त की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना पनागर में 1 नवम्बर को प्रिंस पटेल (18 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि वह किसानी करता है और 24 अक्टूबर को अपनी मां निशा पटेल एवं बहन साक्षी पटेल के साथ अपनी आंख का इलाज करवाने चित्रकूट गया था। इलाज करवाकर जब सभी 1 नवम्बर की सुबह जब घर वापस आए तब उन्होंने देखा कि घर का ताला टूटा था और आलमारी में रखा सोने का मंगलसूत्र, चांदी की पायल के साथ ही घर में रखा गेहूं गायब था, जिस कारण उन्हें शक हुआ कि कोई चोर सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी करके ले गया है, जिसके बाद पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया।

विवेचना के दौरान 3 नवम्बर को विश्वसनीय मुखबिर की सूचना पर दबिश दी गई, जिसके बाद गांव के ही नीरज उर्फ दीपक पटेल (25 वर्ष) को पकड़ के पूछताछ करने पर उसके द्वारा चोरी की वारदात को अंजाम देना स्वीकारा। साथ ही उसने चुराया हुआ सामान गेहूं, मंगलसूत्र, पायल इंद्राना नदी के किनारे के पास छिपाकर रखना बताया, आरोपी की निशादेही पर चुराया हुआ सोने का 1 मंगलसूत्र वजनी लगभग 10 ग्राम, चांदी की पायल वजनी 19 ग्राम तथा 80 किलो गेहू जब्त करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

# खेत के रास्ते का उपयोग करने के लिए मांगा गुंडा टैक्स, नहीं देने पर की मारपीट

**जबलपुर देशबन्धु।** पनागर में एक किसान ने खेत के रास्ते का उपयोग करने कर लिए रुपयों की मांग की, जब सामने वाले ने देने से इंकार किया तो किसान गुंडागीरी पर उतर आया और हंसिये से वार कर लहूलुहान कर भाग गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार 3 नवम्बर को रात्रि में नीरज चौधरी (19 वर्ष) निवासी ग्राम पहाड़खेड़ा ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि शाम लगभग 4 बजे वह पहाड़ीखेड़ा नदी मछली मारने गया था तभी ग्राम महगवां का प्रमोद पटेल नदी के पास आकर उससे बोला कि तुम लोग मेरे खेत से आते जाते हो, इसलिये खर्चे के लिए मुझे 500 रुपये दो। जब नीरत ने पैसे देने से इंकार किया तो प्रमोद पटेल गुस्सा हो गया और गाली-गलौज करने लगा। नीरज ने गालियां देने से मना किया तो प्रमोद ने अपने पास रखे हंसिया से उसके ऊपर हमला कर दिया, जिससे नीरज चौधरी के सिर में चोट आ गई और आरोपी प्रमोद पटेल उसे जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया, जिसके बाद पुलिस ने पीड़ित नीरज की शिकायत को दर्ज करते हुए आरोपी प्रमोद पटेल के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर प्रकरण विवेचना में लिया।

# जीपीएस लोकेशन के साथ पेश करो प्रत्यारोपित किए गए पेड़ों की फोटो




## भोजपुर-बैरसिया मार्ग पेड़ काटने के मामले में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को नोटिस

**जबलपुर, देशबन्धु।** भोपाल के समीप भोजपुर-बैरसिया रोड निर्माण के लिए 488 पेड़ों को काटे जाने के संबंध में संज्ञान याचिका की सुनवाई के दौरान पेश किए गए हस्तक्षेप आवेदन को स्वीकार करते हुए हाईकोर्ट ने भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। हाईकोर्ट जस्टिस चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ युगलपीठ ने याचिका की सुनवाई के दौरान सरकार के तरफ से पेष जवाब पर असंतोष व्यक्त की। युगलपीठ ने कहा कि वर्तमान फोटो देखकर साफ पता चलता है कि किसी भी पेड़ को प्रत्यारोपित नहीं किया गया है, बल्कि पेड़ों को पूरी तरह से काट दिया गया है। युगलपीठ ने कथित रूप से प्रत्यारोपित किए गए 253 पेड़ों की तस्वीरें जीपीएस लोकेशन के साथ पेश करने के निर्देश दिए। याचिका पर अगली सुनवाई 20 नवंबर को निर्धारित है।

गौरतलब है कि हाईकोर्ट ने अखबार में प्रकाशित खबर पर संज्ञान लेते हुए हाईकोर्ट ने सुनवाई शुरू की थी। खबर में यह तथ्य उजागर किया गया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए लोक निर्माण विभाग रायसेन ने बिना अनुमति के 488 पेड़ काट दिए।

नियमानुसार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के तहत राज्य सरकार को पेड़ काटने से जुड़े मामलों के लिए एक कमेटी का गठन करना है। यदि किसी प्रोजेक्ट के लिए पेड़ काटने की जरूरत हो तो उक्त समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित 9 सदस्यीय समिति या वृक्ष अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई है। याचिका की सुनवाई के दौरान भोपाल निवासी नितिन सक्सेना से हस्तक्षेपकर्ता बनाने का आवेदन पेश किया। आवेदन में कहा गया था कि प्रस्तावित निर्माण कार्य एक संरक्षित स्मारक, अर्थात परमारकालीन ऐतिहासिक बांध कीरतनगर के आसपास किया जा रहा है। सरकार की तरफ से पेश जवाब में बताया गया कि कलेक्टर द्वारा 3 जून 2025 को 448 पेड़ों को स्थानांतरित करने की अनुमति दी गई थी। जिन पेड़ों को स्थानांतरित नहीं किया जा सका, उनसे 10 गुना अधिक पेड़ लगाए जाएंगे। इसके अलावा 253 पेड़ों का प्रत्यारोपण किया गया है।

युगलपीठ ने सरकार के जबाव पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि तस्वीरों से स्पष्ट है कि किसी भी पेड़ को प्रत्यारोपित नहीं किया गया है, बल्कि पेड़ों को पूरी तरह से काट दिया गया है। कुछ पेड़ों के तने जमीन में गाड़ दिए गए हैं, जिनमें से कुछ में अंकुर निकलने लगे हैं। याचिका की सुनवाई के बाद युगलपीठ ने उक्त आदेश जारी किए।

# मारपीट करने वालों को तीन माह की सजा

**जबलपुर, देशबन्धु।** न्यायिक दंडाधिकारी प्रथम श्रेणी फरहान कुरैशी की अदालत ने रास्ता रोककर रॉड से मारपीट करने वाले आरोपीगण गौरीशंकर पांडेय एवं अभिषेक उर्फ सजल पांडेय को 3 माह के सश्रम कारावास की सजा सुनाई। साथ ही एक-एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया।

अनूप गुप्ता सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी ने बताया कि 28 दिसंबर 2024 को फरियादी हरीश उपाध्याय अपने दोस्त को उसके घर छोड़ने जा रहा था। रास्ते में गौरीशंकर पांडेय एवं सजल पांडेय अपनी कार फरियादी की बाइक के सामने लगा दी। पुराने विवाद को लेकर गाली-गलौज करने लगे। मना करने पर लोहे की रॉड निकाल कर हमला कर दिया। बरेला पुलिस थाने में शिकायत की गई। जांच के बाद पुलिस ने चालान पेश किया।

# हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**जबलपुर, देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायाधीश पाटन ओमप्रकाश रजक की अदालत ने पत्नी की कुल्हाड़ी मारकर हत्या करने वाले आरोपी पति कमलेश चौधरी ऊर्फ करिया को आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आरोपी पर दो हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया। विशेष लोक अभियोजक संदीप जैन ने बताया कि 18 अगस्त 2023 को आरोपी की पुत्री गोल्डी ने पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई थी। आरोपी अपनी पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था। घटना के दिन मां अपनी बेटियों के साथ घर पर सो रही थी। आरोपी कमलेश ने कुल्हाड़ी से अपनी पत्नी पर कई वार किए, जिसकी अस्पताल ले जाते समय ही मृत्यु हो गई थी। जांच के बाद पुलिस ने कोर्ट में चालान पेश किया।

# ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता पर हाईकोर्ट का दखल से इंकार

## वापस लेने पर याचिका खारिज

**जबलपुर, देशबन्धु।** ई-अटेंडेंस की अनिवार्यता को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट में जनहित याचिका दायर की गई थी। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा तथा जस्टिस विनय सराफ की युगलपीठ ने उचित कारण नहीं होने के कारण याचिका में दखल देने से इंकार कर दिया, जिसके बाद याचिकाकर्ता की तरफ से याचिका वापस लेने के आग्रह किया गया। युगलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया।

गेस्ट टीचर कोऑर्डिनेशन कमेटी अशोक नगर के अध्यक्ष सुनील कुमार पांडे की तरफ से दायर की गई याचिका में 20 जून 2025 को राज्य सरकार के द्वारा जारी उक्त आदेश को चुनौती दी गई थी, जिसके तहत 1 जुलाई 2025 से पूरे राज्य में शिक्षकों के लिए ई-अटेंडेंस सिस्टम अनिवार्य कर दिया गया था। याचिका में कहा गया था कि ग्रामीण इलाकों में डिजिटल ढांचा कमजोर है, जिससे मोबाइल नेटवर्क तथा इंटरनेट कनेक्टिविटी में दिक्कत रहती है। कई शिक्षक स्मार्टफोन खरीदने तथा उसका संचालन करने में असमर्थ हैं। याचिका में मुख्य सचिव स्कूल शिक्षा विभाग तथा लोक शिक्षण निदेशालय को अनावेदक बनाया गया था।

युगलपीठ ने सुनवाई करते हुए पाया कि पूर्व में भी इसी आधार पर याचिका दायर की गई है। सामान्य मुद्दों पर दूसरी याचिका दायर की गई है। युगलपीठ ने उचित कारण नहीं होने के कारण याचिका में दखल देने से इंकार कर दिया, जिसके बाद याचिकाकर्ता की तरफ से याचिका वापस लेने का आग्रह किया गया। युगलपीठ ने याचिकाकर्ता के आग्रह को स्वीकार करते हुए याचिका को खारिज कर दिया। सुनवाई के दौरान अतिरिक्त महाधिवक्ता नीलेश यादव ने पैरवी की।

# शराब पीकर मारपीट करने वाले पति पर दर्ज हुआ मामला

**जबलपुर, देशबन्धु।** शराब के नशे में पत्नी और बच्चे को प्रताड़ित करने वाले आरोपी पति बेड़ीलाल अहिरवार के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ऊषा बाई अहिरवार (40 वर्ष) ने रिपोर्ट दर्ज कराई की सुबह लगभग 9 बजे उसका बेटा अजय अहिरवार अपने पिता बेड़ीलाल अहिरवार से बोला कि आप रोज-रोज शराब पीकर मम्मी को क्यों परेशान करते हो? इस बात पर पति बेड़ीलाल ने कहा कि अब तू मुझे समझाएगा और लड़के को मारने दौड़ा, जिस पर ऊषा बाई बीच-बचाव करने आई तो बेड़ीलाल ने पास पड़े डंडे से हमलाकर चोट पहुंचा दी और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया, जिसके बाद पीड़िता ने पुलिस को जानकारी दी, जिस पर पुलिस ने बीएनएस की धारा 85, 115(2), 351(3) के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में लिया।

# चोरी करने की शंका व्यक्त करने पर डिंपल की धुनाई

**जबलपुर, देशबन्धु।** घर में चोरी होने की घटना पर किरायेदार के परिवार पर शक व्यक्त किया था। इसी बात पर किराये से रहने परिवार की महिला ने मकान मालकिन की धुनाई कर दी। पुलिस ने आरोपी महिलाओं के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर घायल महिला को उपचार के लिए अस्पताल भिजवा दिया। थाना गोला बाजार में डिंपल राव उम्र 35 वर्ष निवासी वाटर वर्क्स रोड कृष्णा कालोनी ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह सागरदीप एडवरटाईजमेंट में प्राईवेट जॉब करती है। उसके मकान में लगभग 4 वर्ष से छाया इरपाते का परिवार रहता है। उसके घर में विगत दिनों चोरी हुई थी तो उसने पुलिस में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी। रिपोर्ट में उसने छाया इरपाते के परिवार पर षंका जाहिर किया था। इसी बात पर छाया इरपाते का परिवार आये दिन उससे लड़ाई झगड़ा करता है। आज सुबह लगभग 7 बजे मनीषा इरपाते आकर गाली-गलौज करते हुए गेट का ताला तोड़ने लगी। उसने ताला तोड़ने से मना किया एवं चाबी लाकर देने को कहा तभी छाया, उसकी मॉं तथा अर्चना आई और उसे जान से मारने की धमकी देते हुए हाथ मुक्कों से मारपीट करने लगी। इस दौरान किसी भारी चीज से उसके दाहिने कान में प्रहार कर चोट पहुॅंचा दी। मारपीट के कारण उसे वायें गाल एवं चेहरे में चोट आई और कान से सुनाई नहीं दे रहा है। पुलिस ने रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351(2), 3(5) बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज कर लिया है।

# छिंदवाड़ा कफ सिरप कांड मामले में आरोपी डॉक्टर की जमानत याचिका पर सुनवाई बढ़ी

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश में जानलेवा कफ सिरप से हुई 24 मासूमों की मौत के मामले में गिरफ्तार आरोपी डॉक्टर प्रवीण सोनी ने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है। हाईकोर्ट जस्टिस जस्टिस प्रमोद कुमार अग्रवाल की एकलपीठ के समक्ष मंगलवार को उनकी जमानत याचिका पर सुनवाई हुई। याचिकाकर्ता के अधिवक्ता ने याचिका पर अगले सप्ताह सुनवाई निर्धारित करने का आग्रह किया। एकलपीठ ने आग्रह को स्वीकार करते हुए अगली सुनवाई 11 नवम्बर को निर्धारित की है।

## हाईकोर्ट में पेश किए गए 11 आपत्ति आवेदन

गौरतलब है कि कफ सिरप कांड में अभी तक प्रदेश के 24 बच्चों की मृत्यु हो गई है। छिंदवाड़ा में 24 बच्चों तथा बैतूल में दो बच्चों की मौत हो गई थी। छिंदवाड़ा में अधिकांश बच्चों को डॉ. प्रवीण सोनी ने ही उक्त कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। छिंदवाड़ा जिले के परासिया थाना पुलिस ने कप सिरप की निर्माण कम्पनी श्रीसन फार्मेसी के संचालक, डॉ. प्रवीण सोनी व अन्य के खिलाफ प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हे गिरफ्तार किया था। जिला न्यायालय ने प्रकरण को गंभीर मानते हुए आरोपी डॉक्टर की जमानत याचिका खारिज कर दी थी, जिसके बाद आरोपी डॉक्टर ने जमानत के लिए हाईकोर्ट की शरण ली है।

जमानत याचिका में कहा गया था कि डॉक्टर के खिलाफ प्रकरण दर्ज करने के लिए मेडिकल बोर्ड की अनुमति आवश्यक है। पुलिस ने बिना अनुमति ही प्रकरण दर्ज करते हुए उन्हें गिरफ्तार किया है। उन्होंने डॉक्टर होने के नाते बच्चों को कफ सिरप प्रिस्क्राइब किया था। कफ सिरप बनाने तथा उसे बेचने की अनुमति निर्माण कम्पनी को सरकार के संबंधित विभागों ने प्रदान की है। उनकी कफ सिरप के बनाने में कोई भूमिका नहीं थी। वह कप सिरप की निर्माता व विक्रेता नहीं हैं। आरोपी डॉक्टर की जमानत का विरोध करते हुए आपत्ति पेश करते हुए हाईकोर्ट ने 11 आवेदन पेश किए गए हैं।

# मंडी टीन शेड पर गल्ला व्यापारियों का कब्जा

**पाटन, देशबन्धु।** नगर की कृषि उपज मंडी में इन दिनों मक्का की खरीदी के सीजन के साथ ही गल्ला व्यापारियों का आतंक अपने चरम पर पहुंच गया है। हालात यह हैं कि किसानों के लिए अपनी ट्रालियां खड़ी करने तक की जगह नहीं बचती हे, जबकि सत्ता संरक्षण प्राप्त कुछ व्यापारी खुलेआम मंडी के शेड और मण्डी परिसर में बनी सीमेंट सड़कों पर कब्जा जमाकर मक्का सुखाने का खुलेआम धंधा चला रहे हैं। तहसील के बरही क्षेत्र से आए किसान शिब्बू सिंह और कृष्णा सिंह ने बताया कि पाटन मंडी अब किसानों की नहीं, बल्कि गल्ला व्यापारियों की जागीर बन चुकी है। उनके अनुसार, मडी के गल्ला व्यापारियों ने मण्डी के पिछले गेट पर पतली लोहे की जाली लगाकर पूरी तरह रास्ता बंद कर दिया है, ताकि उनकी खरीदी गई उपज को भीतर और बाहर फैलाकर सुखाया जा सके। वहीं मक्का की चौकीदारी करने के लिए उनके कर्मचारी किसानों के ट्रैक्टर-ट्रॉली को अंदर घुसने नहीं देते। किसान विजय सिंह ने बताया कि सत्ता के मद में चूर एक व्यापारी ने तो मंडी शेड क्रमांक 4-बी पर पूरी तरह कब्जा कर लिया है, जिससे हम किसानों की ट्रॉलियां बाहर खड़ी रहती हैं और ये व्यापारी मंडी के भीतर आराम से अपना मक्का सुखाते हैं। विजय सिंह ने कहा कि किसानों का दर्द यही नहीं रुकता




किसान बेहाल , प्रशासन बना मूकदर्शक

उनका कहना है कि जब वे विरोध करते हैं तो मण्डी के कुछ तथाकथित किसान संगठन के लोग, जो राजनीतिक दलों की परछाई में सक्रिय हैं, चुप्पी साध लेते हैं। किसानों ने सवाल उठाया कि आखिर ये संगठन किसके हित में काम कर रहे हैं, किसानों के या व्यापारिक दबाव में?

किसान महेन्द्र सिंह ने कहा कि किसानों की पसीने की कमाई से चलने वाली मंडी आज सत्ता और स्वार्थ का पर्याय बन चुकी है। प्रशासन की लापरवाही और मिलीभगत ने किसानों के अधिकारों को कुचल दिया जाता है। यदि समय रहते इन कब्जों पर सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो आने वाले दिनों में किसान अपनी उपज लेकर मंडी नहीं, बल्कि पाटन मंडी के सामने वाली मुख्य सड़क पर भटकने को मजबूर होगा।

### इनका कहना है

जब इस मामले को लेकर मंडी प्रशासक से बात की गई तो उन्होंने बताया कि इस तरह की शिकायत पूर्व में भी आई थी, जिस पर संबंधित गल्ला व्यापारी को नोटिस जारी हुए थे। यह मामला आपके द्वारा मेरे संज्ञान में आया है, इसे में दिखवाता हूँ।

**सच्चिदानंद त्रिपाठी**
**मंडी प्रशासक एवं तहसीलदार पाटन**

# कोटवार कर्मचारी संघ तहसील कुंडम में बैठक



**कुंडम, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश आजाद कोटवार कर्मचारी संघ तहसील कुंडम में बैठक का आयोजन तहसील अध्यक्ष अमर सिंह कुलस्ते के निर्देशन में रखी गई, जिसका मुख्य उद्देश्य 8 नवंबर को स्थान धुआंधार हांडी हेंडीपैड स्टेडियम भेड़ाघाट जबलपुर में कोटवार संघ का संभागीय सम्मेलन को सफल बनाए जाने हेतु चर्चा की गई, जिसमें संभागीय अध्यक्ष नरेश दहिया द्वारा सभी अतिथियों का तिलक वंदन से स्वागत किया गया और सभी को अपनी वाणी में कोटवार संघ का संगठन मजबूत करने के लिए कहा। इस अवसर पर मझौली से सिपाही लाल दहिया, सुजीत दहिया, विट्ठल झारिया, कृष्ण कुमार दहिया, कन्हैयालाल दहिया, धर्मेंद्र कुमार, सोहनलाल चन्द्रकांत तथा तहसील कुंडम के ओमकार, अंबिका प्रसाद, लालाराम लोचन, रमेश सिंह, सुखीराम, नर्बद झरिया, कैलाश सिंह, धर्मेंद्र सिंह, मुकेश दहिया, लाल सिंह, महिला मोर्चा कोटवार संघ से गीता बाई, कुसुम बाई, मीना बाई, सुनीता बाई, हल्की बाई, रतन बाई ने कार्यक्रम को सफल बनाए जाने के लिए तन-मन-धन से सहयोग करने का संकल्प लिया।

## सार-समाचार

### अल्ट्राटेक सीमेंट में मजदूर की मौत

**सतना, देशबन्धु।** मैहर जिला में संचालित अल्ट्राटेक सीमेंट में काम कर रहा एक मजदूर मंगलवार को हादसे का शिकार हो गया। उसे आनन फानन मैहर से सतना जिला अस्पताल भेज दिया गया। जहां उसकी मृत्यु की पुष्टि होने पर शव सुरक्षित रखा गया है। यह बात सामने आई है कि कुशीनगर उप्र निवासी जितेन्द्र सिंह हाइड्रा ऑपरेटर था। काम के दौरान हुई लापरवाही के कारण उसे गंभीर चोट लगी और उसकी मौत हो गई। अब मृतक के परिजनों का इंतजार किया जा रहा है।



### निर्माणाधीन एमआईसी कक्ष एवं अतिरिक्त कार्यालय कक्ष का महापौर ने किया निरीक्षण

**रीवा देशबन्धु।** महापौर अजय मिश्रा 'बाबा' ने निर्माणाधीन एमआईसी कक्ष एवं अतिरिक्त कार्यालय कक्ष का स्थल निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान महापौर ने निर्माण कार्य की वर्तमान प्रगति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से निर्माण प्रक्रिया के विभिन्न चरणों की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि निर्माण कार्य निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूरा किया जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि निर्माण पूरा होने के बाद ड्रॉइंग एवं स्वीकृत मानकों के अनुरूप चैंबर का निर्माण कार्य आगे बढ़ाया जाए। इस दौरान सहायक आयुक्त रामनरेश तिवारी, स्वास्थ्य अधिकारी मुरारी कुमार, सहायक यंत्री अभिनव चतुर्वेदी, उपयंत्री कमलेश्वर सिंह, श्रीमती पूर्वी अग्रवाल सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



### लोक निर्माण विभाग के खिलाफ खोला मोर्चा, संभाग भर के ठेकेदार हुए एकजुट

**रीवा देशबन्धु।** संभाग के सभी ठेकेदारों ने एकजुट होकर आज लोक निर्माण विभाग के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। सुबह से ही ठेकेदारों का जमावड़ा मुख्य अभियंता लोक निर्माण विभाग रीवा परिक्षेत्र कार्यालय के बाहर लगा रहा। भारी संख्या में पहुंचे ठेकेदारों ने विभागीय भ्रष्टाचार और अनियमितताओं के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया।

इसके बाद ठेकेदारों ने मुख्य अभियंता को एक ज्ञापन सौंपते हुए अपनी कई महत्वपूर्ण मांगें रखीं। ठेकेदारों का आरोप है कि रीवा संभाग का लोक निर्माण विभाग पूरी तरह भ्रष्टाचार में डूब चुका है। किसी भी काम की शुरुआत करने से पहले या फिर काम पूरा करने के बाद विभाग के अधिकारियों को मोटी रकम देनी पड़ती है। अगर रिश्वत नहीं दी जाए, तो फाइलें अटकाई जाती हैं, बिल पास नहीं होते, और कार्य की माप तक रोक दी जाती है। उन्होंने कहा कि इस भ्रष्ट प्रणाली ने ठेकेदारों का जीना मुश्किल कर दिया है।



# महाविद्यालय सिहोरा में राष्ट्रीय शिक्षा नीति पर कार्यशाला आयोजित

**सिहोरा, देशबन्धु।** शासकीय श्याम सुंदर अग्रवाल स्नातकोत्तर महाविद्यालय सिहोरा के प्राणिशास्त्र विभाग में 1 नवंबर को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम की नई संरचना एवं क्रियान्वयन विषय पर एकदिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का सफल आयोजन किया गया।

यह कार्यशाला मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग के एवं विभाग अध्यक्ष डॉ. राजेश वाहने के निर्देशन तथा प्राचार्य डॉ. मनोज कुमार श्रीवास्तव के नेतृत्व में संपन्न हुई। प्राचार्य ने छात्रों को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय शिक्षा नीति और उसके मूल तत्वों से अवगत कराया।

मुख्य वक्ता एवं विषय-विशेषज्ञ डॉ. सुदेश कुमार महरौलिया, विभागाध्यक्ष इतिहास ने अध्यादेश 14 (1) एवं 14(2) के उद्देश्य, संरचना एवं क्रियान्वयन प्रक्रिया विषय पर विस्तृत व्याख्यान प्रस्तुत करते हुए कहा कि यह अध्यादेश स्नातक एवं स्नातकोत्तर शिक्षा में नई क्रेडिट प्रणाली, सतत समग्र मूल्यांकन, लर्निंग आउटकम आधारित शिक्षा तथा अंतरविषयक सीखने की दिशा में एक सार्थक पहल है।



उन्होंने स्पष्ट किया कि यह मॉडल विद्यार्थियों को न केवल अकादमिक ज्ञान प्रदान करेगा, बल्कि कौशल, अनुसंधान क्षमता, विश्लेषणात्मक सोच एवं नवाचार को भी प्रोत्साहन देगा। कार्यशाला में स्नातक एवं स्नातकोत्तर कक्षाओं की नई संरचना, क्रेडिट वितरण, प्रश्नपत्र पैटर्न, आंतरिक एवं बाह्य मूल्यांकन प्रणाली, उत्तीर्णांक निर्धारण, सतत समग्र मूल्यांकन, क्रेडिट ट्रांसफर व्यवस्था, गतिविधि-आधारित मूल्यांकन तथा विद्यार्थी-केंद्रित शिक्षण प्रक्रिया पर विस्तार से चर्चा की गई। प्रतिभागियों को मॉडल प्रश्नपत्र, मूल्यांकन एवं शिक्षण-अधिगम गतिविधियों से भी अवगत कराया गया।

कार्यशाला में 58 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। कार्यशाला का संचालन डॉ. जयप्रकाश पांडेय द्वारा किया गया तथा आभार प्रदर्शन डॉ. अपूर्वा चौरसिया ने किया। प्रतिभागियों ने कहा कि यह कार्यशाला अत्यंत उपयोगी रही, जिसने शिक्षण प्रशिक्षण में नई दृष्टि और दिशा प्रदान की। समापन सत्र में विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए प्रश्नों के समाधान विशेषज्ञों द्वारा दिए गए।

# पन्नी मोहल्ला बस्ती वालों को दिलवाए बिजली कनेक्शन

## पनागर विधायक ने लगवाया शिविर, खुले चेम्बरों में ढक्कन लगाने के दिए निर्देश

**पनागर, देशबन्धु।** सोमवार को महाराजपुर पन्नी मोहल्ला के नागरिक में जिनमें पुरुषों के साथ महिलाएं और बच्चे भी शामिल थे। क्षेत्र की मूलभूत समस्याओं के लेकर पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदू से मिले और अपनी बात रखी तो उन्होंने आश्वासन दिया कि वे तत्काल मांगों का निराकरण करवाने का कोशिश करेंगे।

अपने वादे के अनुसार विधायक श्री तिवारी मंगलवार को पन्नी मोहल्ला महाराजपुर पहुंचे और क्षेत्रवासियों से जब उन्होंने चर्चा की तो वहां की रहवासियों ने बताया गया कि उनको नए बिजली के कनेक्शन नहीं मिल रहे हैं, ऊपर से बेहिसाब बिजली के बिल देना पड़ रहा है।

इसके अलावा उन्हें नर्मदा जल नहीं मिल रहा है। साथ ही क्षेत्र में नगर निगम के क्वार्टर है, वहां वर्षों से चेम्बर खुले पड़े हैं, जिससे आए दिन दुर्घटनाएं घटित हो रही हैं। समस्याओं को सुनने के बाद विधायक श्री तिवारी ने तत्काल विद्युत मंडल के अधिकारियों से तलब किया और कैम्प लगवाकर 166 नागरिकों को नए कनेक्शन दिलवाए।



साथ ही जलयंत्री कमलेश श्रीवास्तव से चर्चा कर जल्द ही नर्मदा जल बस्ती में पहुंचाने के निर्देश दिए। इसके अलावा संभागीय अधिकारी एवं उपयंत्री को तत्काल खुले चेम्बरों में ढक्कन लगाने के निर्देश दिये। श्री तिवारी ने आश्वासन दिया कि क्षेत्र में और भी समस्याएं हैं, जिनका प्राथमिकता के साथ निराकरण किया जाएगा। इस अवसर से पर मंडल अध्यक्ष विजय सिंह ठाकुर, मंडल अध्यक्ष लखन देवानी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय नागरिक मौजूद थे।

# मतदाता पुनरीक्षण को लेकर 26 पोलिंग बूथों के बीएलए का प्रशिक्षण आज

**पाटन, देशबन्धु।** पाटन विधानसभा क्षेत्र में मतदाता पुनरीक्षण कार्य को प्रभावी और पारदर्शी बनाने के उद्देश्य से आज 5 नवंबर को बीएलए प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण दोपहर 12 बजे ठाकुर कॉम्प्लेक्स, सिविल कोर्ट चौराहा, जबलपुर रोड पाटन में रखा गया। वरिष्ठ कांग्रेस नेता ठा. विक्रम सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण में पाटन ब्लॉक की 26 पोलिंग के बीएलए शामिल होंगे। पाटन विधानसभा प्रभारी रणवीर सिंह पटेल उन्हें मतदाता पुनरीक्षण के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों, आवश्यक प्रक्रियाओं और विशेष बिंदुओं पर मार्गदर्शन देंगे।

आगे उन्होंने कहा कि यह प्रशिक्षण आगामी पुनरीक्षण कार्य को सुचारू और त्रुटिरहित बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

# बुआ के यहां घूमने आया युवक टमस नदी में डूबा

**रीवा देशबन्धु।** घर से नदी में नहाने गया 18 वर्षीय युवक लापता हो गया है। युवक टमस नदी में नहा रहा था और फिर नदी में डूब गया , घटना की जानकारी पर स्थानीय लोग पहुंचे और तलाश की लेकिन युवक नहीं मिला ग्रामीणों ने पुलिस को दी सूचना. पुलिस और एसडीआरएफ की टीम घटना स्थल पर पहुंची और अब नदी में सर्चिंग कर रही, घटना सोहागी थाना क्षेत्र के रघुनाथपुर गांव की है, दरअसल रघुनाथपुर गांव में गोविंद सेन उम्र 18 वर्ष निवासी मऊ चित्रकूट उत्तर प्रदेश बुआ के घर घूमने आया था इस दौरान युवक टमस नदी में नहाने निकला जिसके बाद गोविंद वापस नहीं आया तो परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की इस दौरान परिजनों को युवक के कपड़े चप्पल नदी किनारे ही रखे मिले जिसके बाद परिजनों को गोविंद के नदी में डूबने की आशंका हुई तो सूचना पुलिस को दी गई ।



# अंगूरी बाई सिंघई का निधन

**पनागर, देशबन्धु।** /ग्राम पंचायत तिवारीखेड़ा निवासी श्रीमती अंगूरी बाई सिंघई का 80 वर्ष की आयु में निधन हो गया आप रविन्द्र सिंघई, प्रभात सिंघई की माताजी रही अंतिम संस्कार ग्राम तिवारीखेड़ा के स्थानीय शमशान घाट पर सुबह 10 बजे किया जायेगा

# अष्टानिका पर्व पर चल रहे विविध आयोजन

**पनागर, देशबन्धु।** अष्टानिका के पावन पर्व पर नगर के श्री 1008 शांति नाथ जी जिनालय बड़े मंदिर श्री पारसनाथ बजरिया मंदिर श्री नेमिनाथ जिनालय बाजार मंदिर श्री चंद्र प्रभु मंदिर नायक श्री चंद्रप्रभ मंदिर सिंघई मैं सुबह से विभिन्न आयोजन प्रारंभ हो जाते हैं भक्तजन सुबह जाकर अभिषेक शांति धारा पूजा विधान इत्यादि कर पुण्य का अर्जन कर रहे हैं वहीं महिलाएं इस पर्व में व्रत उपवास भी करती हैं नगर का धार्मिक वातावरण बना हुआ है पुरुष महिलाओं के साथ ही युवा वर्ग भी विशेष रूप से धर्म लाभ ले रहे हैं विद्यासागर वार्ड स्थित नायक मंदिर में सिद्ध क्षेत्र सम्मेद शिखर जी की 70 वर्ष प्राचीन चरण प्रतिष्ठित रचना के भी भक्त दर्शन कर पुण्य लाभ ले रहे हैं नगर के बड़े जैन मंदिर श्री 1008शांतिनाथ मंदिर में विधान का आयोजन 105 पूज्य ऑरिका मृदुमति माताजी के सानिध्य में चल रहा है आज 5 नवंबर को विधान का अंतिम दिवस है विधान की पश्चात हवन का कार्यक्रम भी रखा गया है।

# दो हार्वेस्टर वाहनों को आरटीओ टीम ने रोका, कांग्रेस ने किया हस्तक्षेप

## कांग्रेस के दखल से छोड़ना पड़ा वाहनों को, आरटीओ की वसूली से राहगीरों से लेकर वाहन चालक तक त्रस्त

**सिहोरा, देशबन्धु।** क्षेत्र में सोमवार को आरटीओ विभाग की जांच कार्रवाई के दौरान जमकर हंगामा हुआ। मिढ़ासन गांव जा रहे दो हार्वेस्टर वाहनों को आरटीओ टीम ने रोक लिया, जिससे किसानों को घंटों तक परेशानी झेलनी पड़ी।

सूत्रों के अनुसार, हार्वेस्टर चालक कई घंटे से मौके पर फंसे थे। बताया गया कि आरटीओ अधिकारी पहले 50 हजार का चालान बना रहे थे, बाद में 15 हजार तक की राशि तय करने की बात हुई, फिर भी वाहन नहीं छोड़े जा रहे थे।

इसी बीच मिढ़ासन के किसान अभिषेक पटेल ने स्थिति की सूचना कांग्रेस नेताओं को दी। जानकारी मिलते ही कांग्रेस नेता राजेश चौबे अपने साथियों के साथ मौके पर पहुंचे और आरटीओ टीम से तीखी नोकझोंक हुई। अंततः कांग्रेस नेताओं के हस्तक्षेप के बाद दोनों हार्वेस्टर वाहनों को छोड़ दिया गया और वे मिढ़ासन के लिए रवाना हो गए।



ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि आरटीओ की इस कार्रवाई से किसानों की फसल कटाई प्रभावित हो रही है और यह जांच वसूली अभियान का रूप ले चुकी है। वहीं कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि अगर किसानों को इस तरह परेशान किया गया तो वे आंदोलन करने से पीछे नहीं हटेंगे।

**महिला अधिकारी देती रहीं सफाई-** मौके पर मौजूद आरटीओ की महिला अधिकारी विरोध के बीच लगातार कार्रवाई का बचाव करती नजर आई। पूरे घटनाक्रम का वीडियो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें कांग्रेस नेताओं के हस्तक्षेप और किसानों के समर्थन की सराहना की जा रही है।

## 43 साल की गलत सजा, जेल से बाहर आते ही भारत डिपोर्ट करने लगा अमेरिका कोर्ट ने लगा दी रोक

**वेदम।** 1980 से ही जेल में हैं। 3 अक्टूबर को उन्हें पेन्सिलवेनिया जेल से रिहा किया गया था और इसके बाद इमिग्रेशन डिपार्टमेंट की हिरासत में थे। ब्यूरो ऑफ इमिग्रेशन ऐंड कस्टम्स एफोर्समेंट में पेश हुए उनके वकील ने कहा कि उन्हें 40 साल गलत तरीके से जेल में रखा गया। जबकि अदालत ने उनकी सजा रद्द कर दी थी। वेदम अमेरिका के ग्रीन कार्ड होल्डर हैं। पेंसिल्वेनिया जिला अदालत ने भी वेदम के डिपोर्टेशन पर रोक लगाई है। 1982 में उन्हें दोस्त थॉमस मिन्सर की हत्या का दोषी ठहराया था। हालांकि उनके खिलाफ हत्या का मकसद और सबूत नहीं पाया गया था। 43 साल बाद पेंसिल्वेनिया अदालत ने उनकी सजा रद्द कर दी। उनकी डिफेंस टीम ने कुछ ऐसे सबूत पेश किए थे जो कि अभियोजन ने सालों तक छिपाकर रखे थे। वह जैसे ही जेल से बाहर आए इमिग्रेशन अधिकारियों ने पकड़ लिया। उन्हें लुइसियाना और अलेंक्जांद्रिया में डिटेंशन सेंटर में रखा गया। इससे पहले भी उन्हें एक बार देश से निकालने की कोशिश हो चुकी है।

# क्या है कनाडा का वीजा वाला प्लान, जिससे टेंशन में लाखों भारतीय, अमेरिका भी आया साथ



**ओटावा।** कनाडा में एक ऐसा विधेयक संसद में पेश किया गया है, जिसे लेकर भारतीय प्रवासी चिंतित हैं। इस बिल में यह प्रस्ताव रखा गया है कि कनाडा की अथॉरिटीज को पावर दी जाए कि वे कभी भी अस्थायी वीजा वाले भारतीय प्रवासियों को बाहर निकलने का आदेश दे सकें।

इसके तहत अथॉरिटीज के पास अधिकार रहेगा कि वे कभी भी अस्थायी वीजा को कैंसिल कर दें या फिर जारी ही ना करें। सीबीसी न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार बांग्लादेश और भारत के नागरिकों को लेकर यह फैसला किया जा रहा है। इसके तहत अमेरिकी प्रशासन की भी कनाडा मदद लेगा। यह विधेयक अहम है क्योंकि इसे ऐसे समय में पेश किया गया है, जब भारतीय छात्रों की ओर दिए गए 74 फीसदी वीजा आवेदनों को कनाडा ने खारिज किया है। भारत और कनाडा के रिश्तों में जस्टिन ट्रूडो के दौर से ही गिरावट का दौर जारी है। ऐसे में कनाडा की ओर से वीजा नियमों में सख्ती को भारत के खिलाफ देखा जा रहा है। कनाडा के इमिग्रेशन मिनिस्टर की ओर से जो प्रस्ताव रखा गया है, उसके मुताबिक कनाडा के इमिग्रेशन रिफ्यूजी ऐंड सिटिजनशिप डिपार्टमेंट, कनाडा बॉर्डर सर्विसेज एजेंसी और अमेरिकी अथॉरिटीज मिलकर काम करेंगे। इसके तहत अथॉरिटीज को यह पावर दी जाएगी कि वे वीजा को कभी भी कैंसिल कर दें अथवा जारी ही ना करें। हालांकि इस बिल को लेकर विवाद हो गया है और कनाडा में ही प्रदर्शन भी शुरू हो गए हैं। बिल में कहा गया है कि महामारी या फिर युद्ध जैसे हालात में इस तरह के वीजा बड़े पैमाने पर रद्द करने का अधिकार होगा।

# टारगेटेड किलिंग से दहला बलूचिस्तान, छत-विछल हालात में 5 लोगों के शव बरामद



बलूचिस्तान में निशाना बनाकर हत्याओं की एक नई लहर देखी जा रही है। ताजा मामले में 5 लोगों शव बरामद किए गए हैं। इससे क्षेत्र में डर और असुरक्षा का माहौल बन गया है। ये परेशान करने वाली घटनाएं केच जिले के कई इलाकों और आसपास के क्षेत्रों में हुईं। कई परिवार तबाह हो गए और अब वे इसका जवाब मांग रहे हैं। द बालोचिस्तान पोस्ट के अनुसार, तुर्बत इलाके में अब्दुल रहमान नाम के लड़के की अज्ञान बंधूकधारियों ने गोली मारकर हत्या कर दी। गवाहों ने बताया कि हमलावरों ने पीड़ित के पिता के सामने गोलीबारी की और फिर फरार हो गए।

एक और चौंकाने वाली घटना में बुलेडा के जारैन के ऊबड़-खाबड़ इलाके में चार शव मिले। मृतकों की पहचान जाकिर व रज्जाक (दोनों अब्दुल्लाह के बेटे) सादिक और पीर जान के रूप में हुई। तीन पीड़ित बुलेडा के जिरदान कुचा के रहने वाले थे। चौथा जारैन बाजार के बत कोरे पुष्ट का निवासी था। परिवार वालों ने खुलासा किया कि चारों लगभग एक हफ्ते पहले पिकनिक पर गए थे और उसके बाद से लापता थे। उनके फोन बंद थे, जिससे उनके परिवार वालों ने सोशल मीडिया पर मदद की अपील की।

**गोली लगने से छलनी हो गया शव-** रिपोर्ट्स से पता चलता है कि शव विकृत हालत में मिले और उनकी मोटरसाइकिलें जला दी गई थीं। रिश्तेदार और स्थानीय लोग बाद में शव लेने गए। वहीं, केच जिले के मांड में अप्सर नदी से इस्माइल नामक एक शख्स का शव बरामद किया गया, जो कहनक के नजीर का बेटा था। पुलिस ने कहा कि स्थानीय लोगों ने जलालाबाद और तालाब के बीच शव देखा। इस्माइल कालगभग 20 दिन पहले बोदेग डैम इलाके से अज्ञात लोगों ने अपहरण कर लिया गया था। गोली से लगने से उसका शव छलनी हो गया था। जांच चल रही है, लेकिन किसी गुट ने हत्याओं की जिम्मेदारी नहीं ली है।

## कुलगाम के जंगलों में दो पुराने आतंकवादी ठिकानों का भंडाफोड़

**जम्मू।** सुरक्षा बलों ने दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के दमहाल हंजीपोरा के वन क्षेत्र में एक संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान दो पुराने आतंकवादी ठिकानों का भंडाफोड़ किया। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। एक अधिकारी ने बताया कि विशिष्ट खुफिया जानकारी मिलने के बाद 9 राष्ट्रीय राइफल्स और पुलिस ने संयुक्त रूप से यह अभियान चलाया। अधिकारी ने बताया कि अमदाबाद और नेंगरीपोरा वन क्षेत्रों के बीच दो पुराने ठिकानों का पता लगाया गया और बाद में उन्हें नष्ट कर दिया गया। उन्होंने कहा कि ठिकानों से गैस सिलेंडर और कपड़े सहित कुछ सामान बरामद किया गया है, जबकि आगे की जांच जारी है।

## फारुक अब्दुल्ला ने एलजी पर जन कल्याणकारी योजनाओं की फाइलों में देरी करने का लगाया आरोप

**जम्मू।** नेशनल कॉन्फ्रेंस (एनसी) के अध्यक्ष और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. फारुक अब्दुल्ला ने सोमवार को उपराज्यपाल मनोज सिन्हा पर जन कल्याण और विकास से जुड़ी फाइलों में देरी करने का आरोप लगाया। फारुक अब्दुल्ला ने पत्रकारों से बात करते हुए कहा कि उपराज्यपाल सिन्हा फाइलों को रोके बैठे हैं और हमारी सरकार के काम में बाधा डाल रहे हैं। उन्हें सरकार और जनता दोनों के सहयोगी के रूप में काम करना चाहिए। अगर प्रशासन ही सुविधाकर्ता की बजाय बाधा बन जाए तो प्रगति कैसे हो सकती है? एनसी के अध्यक्ष ने कहा कि उपराज्यपाल को यह समझना चाहिए कि वह केवल नौकरशाही का नहीं, बल्कि जनता की आकांक्षाओं का प्रतिनिधित्व करते हैं। सुशासन और विकास निर्वाचित प्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच घनिष्ठ समन्वय पर निर्भर करता है। अनावश्यक देरी और नौकरशाही का ठहराव जन कल्याण के लिए हानिकारक है।

## बिहार में सत्ता परिवर्तन की आंधी से उत्तर प्रदेश में बनेगी अखिलेश सरकारः अवधेश

**पटना।** समाजवादी पार्टी के स्टार प्रचारक बिहार विधानसभा चुनाव के प्रचार के लिए मैदान में उतर चुके हैं। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के बाद सोमवार को सपा सांसद अवधेश प्रसाद पटना पहुंचे। उन्होंने दावा किया कि बिहार में निश्चित तौर से सत्ता परिवर्तन होगा और महागठबंधन की सरकार बनेगी। सांसद अवधेश प्रसाद ने मीडिया से बातचीत में कहा, 'अखिलेश यादव ने बिहार में चल रहे चुनावों के लिए स्टार प्रचारकों की सूची में मेरा नाम शामिल किया है। अयोध्या की धरती के दिव्य मतदाताओं, वहां की जनता, भगवान श्री राम, भगवान हनुमान और मां सरयू के आशीर्वाद के साथ-साथ हमारे नेता अखिलेश यादव के मार्गदर्शन और आशीर्वाद से मैं अयोध्या में विजयी हुआ। आज इस जीत की चर्चा पूरे देश और यहां तक कि दुनिया भर में होती है।'

# हम पहले देश नहीं होंगे जो... ट्रंप के परमाणु परीक्षण वाले दावे पर पाकिस्तान की सफाई

**इस्लामाबाद।** हाल ही में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चौंकाने वाला दावा किया। उन्होंने तीन दशक के अंतराल के बाद परमाणु हथियारों का परीक्षण फिर से शुरू करने की अपनी योजना को सही ठहराते हुए कहा कि पाकिस्तान और चीन उन देशों में शामिल हैं जो परमाणु हथियारों का परीक्षण कर रहे हैं। अब ट्रंप के दावे पर पाकिस्तान की ओर से सफाई आई है।

एक वरिष्ठ पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान परमाणु परीक्षण दोबारा शुरू करने वाला पहला देश नहीं होगा। सीबीएस न्यूज से बातचीत में पाकिस्तानी अधिकारी ने कहा कि पाकिस्तान पहला देश नहीं था जिसने परमाणु परीक्षण किए थे, और न ही वह पहला देश होगा जो उन्हें दोबारा शुरू करेगा।



**ट्रंप ने क्या कहा था-** रविवार को सीबीएस के लोकप्रिय कार्यक्रम 60 मिनट्स में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि रूस, चीन, उत्तर कोरिया और पाकिस्तान जैसे देश गुप्त रूप से भूमिगत परमाणु परीक्षण कर रहे हैं, जिनकी जानकारी आम जनता को नहीं है। ट्रंप ने कहा कि रूस परीक्षण कर रहा है, चीन भी कर रहा है, लेकिन वे इसके बारे में बात नहीं करते। मैं नहीं चाहता कि अमेरिका अकेला ऐसा देश रहे जो परीक्षण नहीं कर रहा है उन्होंने आगे कहा कि वे (देश) आपको इसके बारे में नहीं बताते... यह बहुत बड़ा संसार है। आप नहीं जान पाते कि वे कहां परीक्षण कर रहे हैं। वे बहुत गहराई में भूमिगत परीक्षण करते हैं, जहां लोगों को ठीक-ठीक पता नहीं चलता कि क्या हो रहा है। आपको बस हल्का कंपन महसूस होता है।

**दुनिया में अंतिम ज्ञात परमाणु परीक्षण-** अमेरिका 1996 में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि पर हस्ताक्षर करने वाला देश है, जो सभी प्रकार के परमाणु विस्फोटों पर प्रतिबंध लगाती है- चाहे वे सैन्य हों या नागरिक उद्देश्य से। अमेरिका ने अपना अंतिम परमाणु परीक्षण वर्ष 1992 में किया था। रूस और चीन ने क्रमशः 1990 और 1996 के बाद कोई ज्ञात परमाणु परीक्षण नहीं किया है। पिछले कई दशकों में केवल उत्तर कोरिया ऐसा देश रहा है जिसने परमाणु विस्फोट किए हैं। पाकिस्तान का अंतिम ज्ञात परमाणु परीक्षण 1998 में हुआ था, जिसके बाद इस्लामाबाद ने एकतरफा रूप से परमाणु परीक्षण पर रोक बनाए रखने की घोषणा की थी।

# फिर आसिम मुनीर की ताकत बढ़ा रहा पाकिस्तान? उठाने जा रहा ऐसा कदम, भारत के लिए कितनी टेंशन

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में आसिम मुनीर की ताकत और ज्यादा बढ़ाने की तैयारी है। इसके लिए पाकिस्तान अपने संविधान में संशोधन तक करने को तैयार है। माना जा रहा है कि इसके बाद पाकिस्तानी सेना प्रमुख और ज्यादा मजबूत हो जाएंगे। गौरतलब है कि भारत द्वारा ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान ने आसिम मुनीर को फील्ड मार्शल का पद दिया था। इसके बाद वह पाकिस्तानी प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ के साथ कई विदेशी दौरे पर जा चुके हैं। यहां तक कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने उन्हें वाइट हाउस में लंच के लिए भी बुलाया था।

हैरानी की बात यह है कि पाकिस्तान के 27वें संविधान संशोधन की जानकारी पीपीपी मुखिया बिलावल भुट्टो जरदारी के ट्वीट से मिली। बिलावल ने अपनी ट्वीट में खुलासा किया कि प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने इस संविधान संशोधन के लिए उनकी पार्टी से समर्थन मांगा है। इस संविधान संशोधन में संवैधानिक अदालतों और जजों के ट्रांसफर संबंधी प्रावधान हैं। हालांकि सबसे ज्यादा सवाल आर्टिकल 243 में बदलाव को लेकर उठ रहे हैं।

**क्या है आर्टिकल 243-** पाकिस्तानी संविधान का आर्टिकल 243 सैन्य बलों की कमांड और कंट्रोल से जुड़ा है। इसमें कहा गया है कि संघीय सरकार, सैन्य बलों पर नियंत्रण रखेगी और उन्हें कमांड देगी। हालांकि शरीफ सरकार आर्टिकल 243 में किसी बदलाव की बात को गुप्त रखे हुए है। माना जा रहा है कि यह प्रस्ताव पास होने के बाद आसिम मुनरो की पोजीशन और पॉवर और पुख्ता हो जाएगी। इतना ही नहीं, इसके बाद सिविलियन मामलों में सेना की दखलअंदाजी भी बढ़ने का अंदेशा है। ऑपरेशन सिंदूर में तगड़ा झटका खाने के बाद पाकिस्तान ने आसिम मुनीर को प्रमोट किया था। उन्हें फील्ड मार्शल का पद दिया गया।

मुनीर पाकिस्तानी सेना में यह पद पाने वाले अयूब खान के बाद मात्र दूसरे सेना प्रमुख हैं। हालांकि पाकिस्तान के संविधान में फील्ड मार्शल की रैंक का कोई कानूनी स्टेटस नहीं है। ऐसे में मुनीर का भविष्य भी अस्पष्ट है। आधिकारिक तौर पर मुनीर इस साल 28 नवंबर को रिटायर होने वाले हैं।

**भारत के लिए कितनी चिंता की बात?-** संविधान संशोधन के लिए संसद के दोनों सदनों में दो-तिहाई बहुमत की जरूरत है। पाकिस्तान में पूर्व में इस तरह के संसोधनों से विधायिका, न्यायपालिका और सेना के बीच शक्ति संतुलन स्थापित किया गया है। पाकिस्तान में चल रही इन गतिविधियों पर भारत की भी नजर रहेगी।

## आज का इतिहास

1556 – पानीपत के दूसरे युद्ध में मुग़ल शासक अकबर ने हेमू को हराया।
1630 – स्पेन और इंग्लैंड के बीच शांति समझौते पर हस्ताक्षर।
1639 – मैसाच्युसेट्स में पहले डाकघर की स्थापना।
1678 – जर्मनी की विशेष सेना ब्रैंडनबर्गर्स ने स्वीडन में ग्रीफ्सवाल्ड शहर पर क़ब्ज़ा किया।
1725 – स्पेन और आस्ट्रिया ने गुप्त समझौते पर हस्ताक्षर किये।
1811 – स्पेन के खिलाफ मध्य अमेरिकी देश अल सल्वाडोर का प्रथम स्वतंत्रता संघर्ष।
1854 – क्रीमिया के युद्ध में ब्रिटिश और फ्रांस की संयुक्त सेना ने इकेरमान में रूसी सेना को पराजित किया।
1870 – महान् स्वतंत्रता सेनानी चित्तरंजन दास का जन्म।
1872 – उल्येसेस एस ग्रांट अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति निर्वाचित।
1914 – इंग्लैंड एवं फ्रांस द्वारा तुर्की के विरुद्ध युद्ध की घोषणा।
1920 – 'इंडियन रेडक्रॉस सोसाइटी' की स्थापना।

## सुडोकू 7083

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | 7 |
| 8 | 2 | | | | | 6 | 9 | |
| | | 4 | | 3 | | 5 | 2 | |
| | | 2 | | | 9 | 1 | 6 | |
| 3 | | | 1 | | 6 | | | 2 |
| | 1 | 8 | 2 | | | 7 | | |
| | 4 | 5 | | 2 | | 3 | | |
| | 8 | 6 | | | | | 1 | 5 |
| 7 | | | | | | | | |

**: नियम :**
1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## वर्ग पहेली 7083



**बायें से दायें:-**
१. बदचलन, दुश्चरित्र, कुकर्मी
३. खजाना, धनागार
५. न्यारा, अलग तरह का
६. किसी वस्तु के मिलने पर फिर से खाने, करने, भोगने की इच्छा
७. हरियाली युक्त
८. किसी वस्तु-व्यक्ति, इमारत की सुरक्षा में लगे लोगों का दल
१३. प्रशंसा, तारीफ़
१५. सूचना १६. शिक्षा, उपदेश, लाभप्रद राय
१७. एक राक्षसी
१८. सरलता
२०. सूर्य
२२. नया ऊगा हुआ
२३. नयापन

**ऊपर से नीचे:-**
१. गाली, अपशब्द
२. चापलूस
३. शोरगुल
४. करीब-करीब
५. जो किसी से न डरे
९. जिसे नुकसान न हुआ हो
१०. प्रेम, प्यार (उर्दू)
११. होश, चेतना
१२. स्वेच्छाचारिता
१४. विभाग, हुक्म करने की जगह (उर्दू)
१७. इबादत, आराधना
१९. निवासी (उर्दू)
२०. आखिर, अवसान
२१. डूबा हुआ, मग्न

## वर्ग पहेली-7082

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ नि | ख | २ र | ना | | | ३ रू | का | ४ व | ट |
| म्न | | ह | | ५ उ | त्कृ | ष्ट | | र | |
| ६ त | मी | ज | | द्धा | | ७ ज | ग | द | ग्नि |
| म | | ८ न | ९ ग | र | ज | न | | ल | |
| | १० स्व | | दी | | | | ११ शु | | १२ ख |
| १३ न | र | वे | ध | | १४ क | | १५ भ | द्र | ता |
| | च | | १६ र | स | नी | य | | | वा |
| १७ अ | ना | थ | | | नि | | १८ अ | १९ पा | र |
| ग्र | | | २० स | र | का | २१ र | | ग | |
| २२ जा | न | व | र | | | २३ ब | हु | ल | ता |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

## बिहार चुनाव

### बिहार में बुजुर्ग और युवा कैंडिडेट में कौन बनेंगे वोटर्स की पहली पसंद ?

# कांग्रेस छोड़ सभी पार्टियों की पसंद बने सत्तर पार वाले उम्मीदवार

■ जोगेंद्र सोलंकी

**नई दिल्ली, (देशबन्धु)। बिहार चुनाव में जहां प्रमुख राजनीतिक दलों ने युवा पीढ़ी के कई युवाओं को मैदान में उतार कर भरोसा जताया है तो वहीं उन्होंने अनुभव को भी खासी अहमियत दी है। चुनाव में 30 से कम उम्र के करीब 10 युवा मैदान में अपनी चुनौती पेश कर रहे हैं तो 70-75 की दहलीज पार कर चुके राजनीति के ढेरों धुरंधर भी अपनी राजनीतिक पारी को जीत के साथ विराम देने की योजना में लगे हैं।**

पहले चरण के चुनाव में दोनों प्रमुख गठबंधनों के पुराने चेहरों वाले कई उम्मीदवार मैदान में हैं। पहले चरण के तहत बिहार के 18 जिलों की 121 सीटों पर वोट डाले जाने हैं, इसमें प्रमुख राजनीतिक दलों जेडीयू, आरजेडी और सीपीआई ने राजनीति के खेल में अनुभव को खासी वरियता दी है। पहले चरण के चुनाव में कम से कम 10 ऐसे नेता हैं जिनकी उम्र 71 के पार है। इसमें 4 नेता ऐसे भी हैं जिनकी उम्र 75 साल के पार है. सबसे बुजुर्ग नेता की उम्र 78 साल है। बुजुर्ग नेताओं में हरिनारायण सिंह और अवध बिहारी चौधरी शामिल हैं।



नालंदा जिले की हरनौत विधानसभा सीट से जेडीयू टिकट पर पर चुनाव लड़ रहे हरिनारायण सिंह 13वीं बार चुनाव मैदान में हैं और अब तक 8 बार जीत हासिल कर चुके हैं। इसी तरह सीवान सीट से 78 साल के आरजेडी उम्मीदवार अवध बिहारी सिंह सबसे बुजुर्ग उम्मीदवार हैं। 75 साल के बेलदौर से जेडीयू उम्मीदवार पन्नालाल पटेल 4 बार के विधायक हैं। इसी तरह तेघड़ा में सीपीआई के बुजुर्ग प्रत्याशी रामरतन सिंह 75 साल की उम्र में चुनाव लड़ रहे हैं। इनके अलावा 71 पार के प्रत्याशियों में से आलमनगर से जेडीयू प्रत्याशी नरेंद्र नारायण यादव 7 बार विधायक रहे हैं। हिलसा से जेडीयू के प्रत्याशी 74 वर्षीय कृष्ण मुरारी शरण बड़हरा से बीजेपी प्रत्याशी राघवेंद्र प्रताप (72), महिषी सीट से जेडीयू के गुंजेश्वर साह (72), फुलवारी सीट से जेडीयू के श्याम रजक (71) और बछवाड़ा से सीपीआई के अवधेश कुमार राय (71) ऐसे उमीदवार है जो पहले चरण के चुनाव में किस्मत आजमा रहे हैं। अगर बिहार चुनाव में दोनों प्रमुख गठबंधनों को देखें तो दोनों ओर से बुजुर्ग प्रत्याशियों की औसत उम्र 78 साल ही है। जबकि एनडीए में बीजेपी ने 25 साल की मैथिली ठाकुर के रूप में सबसे युवा प्रत्याशी उतारा है तो महागठबंधन में 28 साल के युवा को मौका दिया गया है। राष्ट्रीय जनता दल ने बाहुबली मुन्ना शुक्ला की 28 साल की बेटी शिवानी को वैशाली जिले की लालगंज सीट से टिकट दिया है।

चुनाव आयोग में दाखिल हलफनामे के अनुसार, पहले चरण में उम्र के आधार पर देखें तो एनडीए प्रत्याशियों की औसत उम्र 52 साल के करीब है।

# खेल जगत

**सपने देखना बंद न करें, आपको नहीं पता किस्मत कहां ले जाएगीः हरमनप्रीत**

**नई दिल्ली।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम को अपनी कप्तानी में पहली बार विश्व चैंपियन बनाने वाली हरमनप्रीत कौर ने देश के युवाओं के नाम संदेश दिया है। भारतीय कप्तान ने कहा कि युवा सपने देखना कभी बंद न करें, आपको नहीं पता किस्मत आपको कहां ले जाएगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड द्वारा साझा एक वीडियो में हरमनप्रीत कौर ने कहा, 'जब से मुझे बचपन में पसंद और नापसंद का अंदाजा हुआ, मेरे हाथ में हमेशा बल्ला रहा। मैं अपने पिता के बल्ले से खेला करती थी। बल्ला बड़ा था, एक दिन मेरे पिता ने अपने एक बल्ला काटकर छोटा कर दिया। हम उससे खेला करते थे। जब हम टीवी पर कोई मैच देखते थे, या भारत को खेलते हुए देखते थे, या विश्व कप देखते थे, तो मैं सोचती थी कि मुझे भी ऐसे ही किसी मौके की जरूरत है। उस समय, मुझे महिला क्रिकेट की जानकारी नहीं थी।



## स्मृति, दीप्ति व जेमिमा टीम ऑफ द टूर्नामेंट में शामिल

### दक्षिण अफ्रीका व ऑस्ट्रेलिया की भी तीन तीन खिलाड़ी टीम में

■ सत्येन्द्र पाल सिंह







आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (देशबन्धु) । नए आईसीसी महिला वनडे विश्व कप क्रिकेट चैंपियन भारत की उप कप्तान स्मृति मंधाना, टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई ऑलराउंडर दीप्ति शर्मा और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में शतक जड़ सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी रहीं जेमिमा रॉड्रिग्ज की त्रिमूर्ति दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वुल्फर्ट की कप्तानी में चुनी गई आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह बनाने में कामयाब रही। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट को कमेंटेटर इयान बिशप, मेल जोंस और ईशा गुहा, गौरव सक्सेना (आईसीसी जनरल मैनेजर-इवेंट एंड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) और एस्टली वासुदेवन (जर्नलिस्ट रिप्रेजेंटेटिव) की चयन समिति ने चुना।

आईसीसी महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट :लारा वुल्फर्ट (कप्तान), मारीजान कैप व नडाइन क्लार्क (तीनों द.अफ्रीका), जेमिमा रॉड्रिग्ज, दीप्ति शर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्ज (तीनों भारत), एशले गार्डनर, एनाबेल सदरलैंड, एलाना किंग (तीनों ऑस्ट्रेलिया), ब्रिटेन की सोफी एक्लेस्टोन व पाकिस्तान की सिदारा नवाज (विकेटकीपर)। 12वीं खिलाड़ी नेट शिवर ब्रंट (इंग्लैंड)।

नए चैंपियन भारत की स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा और जेमिमा रॉड्रिग्ज, उपविजेता दक्षिण अफ्रीका की लारा वुल्फर्ट,मारिजेन कैप व नडाइन डी क्लार्क तथा सेमीफाइनल में भारत से हार कर बाहर होने वाली ऑस्ट्रेलिया की अनाबेल सदरलैंड, एलाना किंग व एशले गार्डनर के रूप में तीन तीन खिलाड़ियों और पाकिस्तान की एक एक खिलाड़ी को महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में एकादश में जगह मिली जबकि नेट शिवर ब्रंट (इंग्लैंड) को 12 वीं खिलाड़ी के महिला वनडे क्रिकेट विश्व कप 2025 की टीम ऑफ द टूर्नामेंट में जगह मिली।भारत सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना और दक्षिण अफ्रीका की कप्तान लॉरा वल्फर्ट रविवार को आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 के फाइनल और लीग मैच में भी आमने सामने थी।

भारत ने टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित की गई दीप्ति शर्मा और शेफाली वर्मा के हरफनमौला खेल की बदौलत नवी मुंबई में महिला वनडे विश्व कप के फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को को 52 रन से हरा कर पहली बार विश्व कप चैपियन बनने का गौरव पाया। दक्षिण अफ्रीका की वुल्फर्ट ने सेमीफाइनल में इंग्लैंड और फाइनल में भारत के खिलाफ शतक जड़ने केसाथ तीन अर्द्धशतकों सहित 71.37की औसत से कुल सबसे ज्यादा 571 रन बनाए।

### वाल्वर्ट बनीं नम्बर एक वनडे बल्लेबाज



**दुबई।** दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज लॉरा वाल्वर्ट ने विश्व कप के सेमीफ़ाइनल और फ़ाइनल में शतक लगाकर भारत की स्मृति मंधाना को पीछे छोड़ते हुए आईसीसी की महिला वनडे बल्लेबाजी रैंकिंग में नंबर एक स्थान हासिल कर लिया है। वुलफ़ार्ट ने सेमीफ़ाइनल में इंग्लैंड के खिलाफ 169 और फाइनल में भारत के खिलाफ 101 रनों की पारी खेली थी। इस प्रदर्शन से उन्होंने टूर्नामेंट में कुल 571 रन बनाए, जो विश्व कप में अब तक का रिकॉर्ड बल्लेबाजी प्रदर्शन है। इसके साथ ही उन्हें 814 रेटिंग अंक मिले, जो उनके करियर का सर्वोच्च स्कोर है। यह मंधाना के 811 रेटिंग अंकों से तीन अधिक हैं। मंधाना विश्व कप के दौरान लगातार नंबर एक बल्लेबाज बनी रहीं, लेकिन नॉकआउट चरण में वह अपने सर्वश्रेष्ठ फॉर्म में नहीं थीं। उन्होंने सेमीफ़ाइनल में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ 24 और फाइनल में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 45 रन बनाए। इसके बावजूद वह विश्व कप में दूसरी सबसे ज़्यादा रन बनाने वाली खिलाड़ी रहीं। एलिस पेरी ने भी सेमीफ़ाइनल में भारत के ख़िलाफ 77 रन की पारी खेलकर टॉप-10 में जगह बनाई और सातवें स्थान पर पहुंचीं। वह सोफ़ी डिवाइन के साथ सातवां स्थान साझा कर रही हैं, जिन्होंने टूर्नामेंट के बाद वनडे क्रिकेट से संन्यास ले लिया है।

## द्रविड़ के बेटे अन्वय अंडर-19 वन-डे चैलेंजर ट्रॉफी टीम में हुए शामिल



■ द्रविड के बेटे हैदराबाद के आरोन जॉर्ज की कप्तानी वाली टीम 'सी' का हिस्सा हैं

**मुंबई,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीआई) की जूनियर सिलेक्शन कमिटी ने मंगलवार को आने वाली पुरुष अंडर-19 वन-डे चैलेंजर ट्रॉफी के लिए टीमों की घोषणा कर दी। यह टूर्नामेंट 5 से 11 नवंबर तक हैदराबाद में होगा। टीमों में एक खास नाम अन्वय द्रविड़ का है, जो भारत के पूर्व हेड कोच और इस खेल के दिग्गजों में से एक द्रविड़ के छोटे बेटे हैं। वह हैदराबाद के आरोन जॉर्ज की कप्तानी वाली टीम 'सी' का हिस्सा हैं। खास बात यह है कि अन्वय हाल ही में सुर्खियों में थे, जब उन्होंने पिछले महीने विनोद मांकड़ ट्रॉफी में कर्नाटक की अंडर-19 टीम को जीत दिलाई थी।

**टीम 'ए':** विहान मल्होत्रा (कप्तान) (पीसीए), अभिज्ञान कुंडू (उपकप्तान और विकेटकीपर) (एमसीए), वंश आचार्य (एससीए), बालाजी राव (विकेटकीपर) (सीएससीएस), लक्ष्य रायचंदानी (सीएयू), विनीत विकेटकीपर (टीएनसीए), मार्कंडेय पंचाल (यूटीसीए), सात्विक देसवाल (सीएपी), वी. यशवीर (एचवाईसीए), हेमचुदेशन जे (टीएनसीए), आर.एस. अंबरीश (टीएनसीए), हनी प्रताप सिंह (आरसीए), वासु देवानी (जीसीए), युद्धाजित गुहा (सीएबी), ईशान सूद (पीसीए)।

**टीम 'बी':** वेदांत त्रिवेदी (कप्तान) (जीसीए), हरवंश सिंह (उपकप्तान और विकेटकीपर) (एससीए), वफी कच्छी (एचवाईसीए), सागर विर्क (पीसीए), सायन पॉल (सीएबी), वेदांत सिंह चौहान (पीसीए), प्रणव पंत (डीडीसीए), एहित सलारिया (विकेटकीपर) (यूटीसीए), बी.के किशोर (टड्डीएनसीए), अनमोलजीत सिंह (पीसीए), नमन पुष्पक (एमसीए), डी दीपेश (टीएनसीए), मोहम्मद मलिक (एचवीसीए), मोहम्मद यासीन सौदागर (एमसीए), वैभव शर्मा (केएससीए)।

**टीम 'सी':** एरॉन जॉर्ज (कप्तान) (एचवाईसीए), आर्यन यादव (उपकप्तान) (पीसीए), अंकित चटर्जी (सीएबी), मणिकांत शिवानंद (केएससीए), राहुल कुमार (पीसीए), यश कासवंकर (गोवा सीए), अन्वय द्रविड़ (विकेटकीपर) (केएससीए), युवराज गोहिल (विकेटकीपर) (एससीए), खिलन ए पटेल (जीसीए), कनिष्क चौहान (एचसीए), आयुष शुक्ला (एमपीसीए), हेनिल पटेल (जीसीए), लक्ष्मण प्रुथी (डीडीसीए), रोहित कुमार दास (सीएबी), मोहित उलवा (एससीए)।

**टीम 'डी':** चंद्रहास डैश (कप्तान) (सीएबी), मौल्यराजसिंह चावड़ा (उपकप्तान) (जीसीए), शांतनु सिंह (यूपीसीए), अर्नव बुग्गा (डीडीसीए), अभिनव कन्नन (टीएनसीए), कुशाग्र ओझा (आरसीए), आर्यन सकपाल (वीकेटकीपर) (एमसीए), ए. रापोल (विकेटकीपर) (एचवाईसीए), विकल्प तिवारी (सीएससीएस), मोहम्मद एनां (केसीए), अयान अकरम (यूपीसीए), उद्धव मोहन (डीडीसीए), आशुतोष महिदा (बीसीए), एम तोषित यादव (आंध्र सीए), सोलिब तारिक (जेकेसीए)।

## जीतेश भारत 'ए' के कप्तान होंगे, धीर उपकप्तान

### 14 बरस के वैभव सूर्यवंशी व प्रियांश आर्य भी टीम में शामिल



■ टीम का चयन अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति ने किया

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर(देशबन्धु)। विस्फोटक विकेटकीपर बल्लेबाज जीतेश शर्मा एशियन क्रिकेट काउंसिल (एसीसी) के दोहा में 14 से 23 नवंबर तक खेले जाने वाले राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप (पहले यह टूर्नामेंट इर्मजिंग टूर्नामेंट के नाम से जाना जाता था) टूर्नामेंट में भारत ए के कप्तान होंगे जबकि नमन धीर उपकप्तान होंगे। चयनकर्ताओं ने बिहार के 14 बरस के विस्फोटक सलामी बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी और दिल्ली के प्रियांश आर्य को भी भारत ए टीम में शामिल किया गया है। वैभव सूर्यवंशी को राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप के लिए भारत ए टीम में चुने जाने के कारण ही चार टीमों की अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चुनी गई चार टीमों में शामिल नहीं किया गया। अंडर 19 चैलेंजर ट्रॉफी को जूनियर राष्ट्रीय चयन समिति अगले साल होने वाले अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारत की अंडर 19 टीम को चुनने के लिए बेहद अहम मानती हैं। वैभव सूर्यवंशी का अगले साल होने वाले आईसीसी अंडर 19 क्रिकेट विश्व कप के लिए भारतीय टीम में चुना जाना फिलहाल पक्का ही नजर आता है। राइजिंग स्टार्स टी -20 एशिया कप के लिए 15 सदस्यीय भारतीय टीम का चयन अजित अगरकर की अध्यक्षता वाली सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति ने किया। आईपीएल में दिल्ली के प्रियांश आर्य ने पंजब किंग्स के लिए और वैभव सूर्यवंशी ने राजस्थान रॉयल्स के तूफानी शतक जड़ सीनियर राष्ट्रीय क्रिकेट चयन समिति में सभी का ध्यान खींचा। प्रियांश आर्य ने साथ ही दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) में बल्ले से दमदार प्रदर्शन किया। अपनी पहली ही आईपीएल में 2025 में प्रियांश ने पंजाब किंग्स के लिए शतक जड़ने के साथ करीब 180 की स्ट्राइक रेट से 475 रन बनाए थे। बीसीसीआई तेज गेंदबाजों के लिए बड़ा पूल तैयार करने के लिए गुरजपनीत सिंह, व्यस्क विजय कुमार युद्धवीर सिंह और यश ठाकुर पर खास निगाह रही और इन सभी को भारत ए टीम में चुना गया है। साथ ही तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर के रूप में रमणदीप सिंह और सूर्याय)श शेगड़े को भी भारत ए टीम में चुना गया है। एसीसी राइजिंग स्टार्स टी 20 एशिया कप में शिरकत करने वाली आठ टीमों को चार चार टीमों के को दो ग्रुप ए : अफगानिस्तान, बांग्लादेश, हांगकांग व श्रीलंका तथा ग्रुप बी भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई में बांटा गया है। यूएई में सितंबर में हुए टी 20 एशिया कप में भारत ने पाकिस्तान को हरा खिताब जीता था। एसीसी और पीसीबी के अध्यक्ष पाकिस्तान के मोहसिन नकवी से भारतीय टीम ने ट्रॉफी लेने से इनकार कर दिया। तब नकवी यह ट्रॉफी लेकर ही भाग गए थे। इसके बाद अब राइजिंग एशिया कप टी 20 टूर्नामेंट में भारत और पाकिस्तान की टीमें पहली बार आमने सामने होगी।

**चुनी गई भारतीय टीम है :** जीतेश शर्मा (कप्तान -विकेटकीपर),नमन धीर (उप कप्तान), प्रियांश आर्य, वैभव सूर्यवंशी,नेहाल वढेरा, सूर्यांश शेडगे, रमणदीप सिंह, हर्ष दुबे, आशुतोष शर्मा, यश ठाकुर। गुरजपनीत सिंह, विजय कुमार व्यस्क, युद्धवीर सिंह,अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुयश शर्मा।

**स्टैंडबाय :** गुरनुर सिंह कुमार कुशाग्र,तनुष कोटियान, समीर रिजवी, शेक रशीद।

**कार्यक्रम**

- 14 नवम्बर: ओमान वि पाक, भारत वि यूएई।
- 15 नवम्बर : बांग्लादेश वि हांगकांग, अफगानिस्तान वि.श्रीलंका।
- 16 नवम्बर :ओमान वि यूएई, भारत वि पाकिस्तान।
- 18 नवम्बर :पाकिस्तान वि यूएई, भारत वि ओमान।
- 19 नवम्बर : अफगानिस्तान वि हांगकांग, बांग्लादेश वि श्रीलंका।
- 21 नवम्बर : सेमीफाइनल : ए 1 वि बी 2 , बी 1 वि ए 2
- **23 नवम्बर : फाइनल।**

## घुटने की चोट के कारण बीबीएल से बाहर हुए अश्विन



**चेन्नई में तैयारी के दौरान घुटने में चोट लग गई। मेरा ऑपरेशन हुआ है। आगामी सीजन में नहीं खेल पाउंगा। मै इस टीम के लिए खेलने को लेकर काफी उत्साहित था : आर अश्विन**

**नई दिल्ली**, 4 नवम्बर (एजेंसियां)। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व स्पिनर आर अश्विन ने बिग बैश लीग में आगामी सीजन के लिए सिडनी थंडर के साथ करार किया था। वह इस लीग में खेलने वाले भारत के पहले खिलाड़ी बनने वाले थे। लेकिन इंजरी की वजह से आर अश्विन पूरे सीजन से बाहर हो गए हैं। सिडनी थंडर और अश्विन ने खुद इस खबर की पुष्टि की है। आर अश्विन की हाल ही में घुटने की सर्जरी इंजरी हुई है। वह रिकवरी की प्रक्रिया से गुजर रहे हैं और बीबीएल शुरू होने तक पूरी तरह फिट नहीं हो पाएंगे। इस वजह से वह आगामी सीजन से बाहर हो गए हैं। सिडनी थंडर ने मंगलवार को जारी एक बयान में आर अश्विन की इंजरी की वजह से सीजन से बाहर होने की पुष्टि की है। साथ ही कहा है कि टीम उनकी रिकवरी प्रक्रिया पर नजर रखेगी और देखेगी कि सीजन के दूसरे या आखिरी चरण में वह खेलने के लिए पूरी तरह फिट हो पाते हैं या नहीं। आर अश्विन ने एक बयान में कहा, 'चेन्नई में तैयारी के दौरान घुटने में चोट लग गई। मेरा ऑपरेशन हुआ है। आगामी सीजन में नहीं खेल पाउंगा। मै इस टीम के लिए खेलने को लेकर काफी उत्साहित था।' उन्होंने कहा, 'रिहैब, रिकवरी और मजबूत वापसी के लिए कड़ी मेहनत करना जरूरी है। सिडनी थंडर से जुड़कर बहुत अच्छा महसूस हुआ। टीम के लिए पहली गेंद फेंकने से पहले ही मुझे घर जैसा महसूस कराने के लिए शुक्रिया। मैं हमारी महिला और पुरुष दोनों टीमों के हर मैच देखूंगा। अगर मेरी रिकवरी की प्रक्रिया ठीक रही, तो सीजन के अंत में सभी से व्यक्तिगत रूप से मिलना पसंद करूंगा।

## सार संक्षेप

### अशरफुल बांग्लादेश के बल्लेबाजी कोच नियुक्त

**ढाका।** पूर्व बंगलादेशी खिलाड़ी मोहम्मद अशरफुल को आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला से पहले राष्ट्रीय बल्लेबाजी कोच नियुक्त किया गया है।अशरफुल वरिष्ठ सहायक कोच मोहम्मद सलाहुद्दीन की जगह लेंगे, जो बीसीबी द्वारा डेविड हेम्प से अलग होने के बाद से बल्लेबाजी इकाई की देखरेख कर रहे हैं। 2014 में बीपीएल में मैच फिक्सिंग के कारण प्रतिबंधित होने के बाद अशरफुल पहली बार राष्ट्रीय ड्रेसिंग रूम में वापसी करेंगे। अशरफुल ने घरेलू सर्किट के साथ-साथ ग्लोबल सुपर लीग में भी विभिन्न पदों पर बल्लेबाजी कोच के रूप में काम किया है, जहां उन्होंने दो मौकों पर रंगपुर राइडर्स की बल्लेबाजी इकाई का मार्गदर्शन किया था। इस बीच, पूर्व बाएं हाथ के स्पिनर और वर्तमान बोर्ड निदेशक अब्दुर रज्जाक आयरलैंड के खिलाफ आगामी घरेलू श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम के टीम निदेशक के रूप में कार्य करेंगे। आयरलैंड को नवंबर से दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला और तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों की श्रृंखला खेलनी है। एसबीएनएस में बोर्ड बैठक के बाद मीरपुर शेर-ए-बांग्ला राष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में रज्जाक ने संवाददाताओं से कहा, 'अशरफुल के पास अनुभव है - यह तो तय है।

### राणा और सांगवान के शतक पुड्डुचेरी को मिले तीन अंक

**नई दिल्ली।** अर्पित राणा (नाबाद 170) और सनत सांगवान (नाबाद 122) के शानदार शतकों से दिल्ली ने पुड्डुचेरी के खिलाफ रणजी ट्रॉफी एलीट ग्रुप डी मैच में अपनी दूसरी पारी में बिना कोई विकेट खोये 321 रन बनाये और मैच ड्रा हो गया।हालांकि पुड्डुचेरी को पहली पारी की बढ़त के आधार पर तीन अंक मिले जबकि दिल्ली को एक अंक से संतोष करना पड़ा। दिल्ली के पहली पारी के 294 रन के जवाब में पुड्डुचेरी ने 481 रन बनाकर पहली पारी में महत्वपूर्ण बढ़त हासिल की थी।
दिल्ली ने आज बिना कोई विकेट खोये 76 रन से आगे खेलना शुरू किया। नाबाद बल्लेबाजों अर्पित और सांगवान ने अपने-अपने शतक पूरे किये और टीम के स्कोर को 321 रन तक ले गए जिसके बाद मैच ड्रा घोषित किया गया। अर्पित ने 275 गेंदों पर नाबाद 170 रन में 17 चौके और दो छक्के लगाए जबकि सांगवान ने 213 गेंदों पर नाबाद 122 रन में नौ चौके लगाए। दोनों ने पहले विकेट की अविजित साझेदारी में 321 रन जोड़े और मैच ड्रा करवा दिया।

### टिम सीफर्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से बाहर

**आकलैंड।** न्यूजीलैंड को वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज से पहले करारा झटका लगा है। विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट इस हफ्ते की शुरुआत में घरेलू क्रिकेट के दौरान दाहिने हाथ की तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर के बाद बाहर हो गए हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के अनुसार, नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए बल्लेबाजी करते समय गेंद लगने से सीफर्ट चोटिल होकर रिटायर्ड हर्ट हो गए। उनकी दाहिनी तर्जनी उंगली के एक्स-रे से चोट का पता चला है। सीफर्ट की अनुपस्थिति में, मिच हे को टीम में शामिल किया गया है, हालांकि डेवोन कॉनवे विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी संभाल सकते हैं।

## सीन विलियम्स को राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं मिलेगी: जिम्बाब्वे क्रिकेट



■ बोर्ड के इस फैसले से विलियम्स का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त माना जा रहा है

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। जिम्बाब्वे क्रिकेट बोर्ड ने घोषणा की है कि सीनियर खिलाड़ी सीन विलियम्स को अब राष्ट्रीय टीम में जगह नहीं दी जाएगी। बोर्ड के इस फैसले के बाद विलियम्स का अंतरराष्ट्रीय करियर समाप्त माना जा रहा है। सीन विलियम्स ने आईसीसी पुरुष टी20 विश्व कप अफ्रीका क्वालीफायर 2025 से अपना नाम वापस ले लिया था। बोर्ड को आंतरिक जांच में पता चला है कि सीन विलियम्स नशीली दवाओं की लत से जूझ रहे हैं। इसी वजह से विलियम्स ने संभावित डोपिंग रोधी परीक्षण के दौरान खुद को अनुपलब्ध बताया था। अब वह स्वेच्छा से रिहैब कर रहे हैं। जिम्बाब्वे क्रिकेट द्वारा जारी विज्ञप्ति में कहा गया, 'सभी अनुबंधित खिलाड़ियों से व्यावसायिकता, अनुशासन और टीम प्रोटोकॉल व डोपिंग रोधी नियमों के अनुपालन के उच्चतम मानकों को बनाए रखने की अपेक्षा की जाती है।

## पंजाब राज्य जूनियर खो-खो में पटियाला ने जीते लड़के और लड़कियों के खिताब

**होशियारपुर,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। पटियाला ने 2 और 3 नवंबर, 2025 को रयात बाहरा प्रोफेशनल यूनिवर्सिटी में आयोजित पंजाब राज्य जूनियर खो-खो चैंपियनशिप 2025 में लड़के और लड़कियों दोनों वर्गों में खिताब जीतकर अपना दबदबा कायम किया। इस चैंपियनशिप का आयोजन होशियारपुर खो-खो एसोसिएशन द्वारा पंजाब खो-खो एसोसिएशन और भारतीय खो-खो महासंघ (केकेएफआई) के तत्वावधान में किया गया था, जिसमें 15 जिलों की अंडर-18 टीमों ने हिस्सा लिया था।लड़कियों के वर्ग में, पटियाला ने फाइनल में संगरूर को 18-4 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। तीसरे स्थान के मैच में, होशियारपुर ने मुक्तसर को 22-18 से हराकर घरेलू दर्शकों के सामने चैंपियनशिप का शानदार समापन किया। व्यक्तिगत प्रदर्शन में, पटियाला की स्नेहप्रीत कौर को सर्वश्रेष्ठ डिफेंडर और संगरूर की जशनप्रीत कौर को सर्वश्रेष्ठ अटैकर का पुरस्कार मिला।लड़कों के वर्ग में पटियाला ने अपना दबदबा कायम रखते हुए फाइनल में जालंधर को 22-7 से हराकर चैंपियनशिप में अपना डबल पूरा किया, जबकि तीसरे स्थान के प्लेऑफ में, होशियारपुर ने लुधियाना को एक कड़े मुकाबले में 14-12 से हराया।

## सीफर्ट वेस्टइंडीज टी-20 इंटरनेशनल टूर से बाहर



टी-20 इंटरनेशनल सीरीज

■ न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच पहला मैच आज ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगा

**क्राइस्टचर्च,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। न्यूजीलैंड क्रिकेट ने मंगलवार को बताया कि विकेटकीपर-बल्लेबाज टिम सीफर्ट उंगली में फ्रैक्चर के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ आने वाली टी-20 इंटरनेशनल सीरीज से बाहर हो गए हैं। न्यूजीलैंड और वेस्टइंडीज के बीच पांच मैचों की टी-20 इंटरनेशनल सीरीज बुधवार को ऑकलैंड के ईडन पार्क में शुरू होगी। एनजेडसी ने एक बयान में कहा, 'सोमवार को वेलिंगटन फायरबर्ड्स के खिलाफ नॉर्दर्न डिस्ट्रिक्ट्स के लिए बल्लेबाजी करते समय उंगली में चोट लगने के बाद सीफर्ट रिटायर्ड हर्ट हो गए और बाद में एक्स-रे में उनकी दाहिनी तर्जनी उंगली में फ्रैक्चर का पता चला।' हेड कोच रॉब वाल्टर ने एक और महत्वपूर्ण सीरीज से ठीक पहले सीफर्ट के बाहर होने पर निराशा जताई। उन्होंने कहा, 'हम सब टिम के लिए बुरा महसूस कर रहे हैं। वह इस टी-20 टीम का एक अहम सदस्य है, क्योंकि वह टॉप ऑर्डर में पावरफुल बैटिंग करता है और विकेटकीपर की भूमिका भी निभाता है, इसलिए अगले पांच मैचों में उसकी कमी खलेगी। उसने हाल की टी-20 सीरीज में दिखाया है कि वह टॉप फॉर्म में आ रहा है, इसलिए यह निराशाजनक है कि एक बड़े इवेंट की तैयारी के बीच यह रुक गया है।

## आज पंजाब एफसी और बेंगलुरु एफसी होंगे आमने-सामने



एआईएफएफ सुपर कप

**हमने अब तक ग्रुप चरण में शानदार जज़्बा और निरंतरता दिखाई है, और मुझे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व है : पानायियोटिस डिल्मपेरिस**

■ यह अंतिम ग्रुप मैच सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए निर्णायक साबित होगा

**फातोर्दा,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। पंजाब एफसी और बेंगलुरु एफसी के बीच एआईएफएफ सुपर कप के ग्रुप सी में आज जवाहरलाल नेहरू स्टेडियम, फातोर्दा में 'निर्णायक' मुकाबला खेला जाएगा। दोनों टीमों के छह-छह अंक और समान गोल अंतर होने के कारण यह अंतिम ग्रुप मैच सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए निर्णायक साबित होगा। अगर मुकाबला निर्धारित समय में ड्रॉ रहता है तो ग्रुप विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से होगा। पंजाब एफसी ने अपने ग्रुप चरण की शुरुआत गोकुलम केरल एफसी के खिलाफ 3-0 की आसान जीत से की थी, जिसमें निखिल प्रभु, प्रिंसटन रेबेलो और गुरसिमरत सिंह के आत्मघाती गोल की बदौलत जीत मिली। इसके बाद उन्होंने मोहम्मडन एससी को 3-0 से हराया, जिसमें निंथोइंगानबा मीतई, समीर ज़ेल्ज़कोविक और मंगलेनथांग किपगेन ने गोल किए। दूसरी ओर, बेंगलुरु एफसी ने मोहम्मडन एससी को 2-0 से हराकर अभियान की शुरुआत की और फिर गोकुलम केरल एफसी को 4-0 से पराजित किया।मुकाबले से पहले पंजाब एफसी के मुख्य कोच पानायियोटिस डिल्मपेरिस ने कहा, 'हमने अब तक ग्रुप चरण में शानदार जज़्बा और निरंतरता दिखाई है, और मुझे खिलाड़ियों के प्रदर्शन पर गर्व है। बेंगलुरु एफसी एक मजबूत टीम है, जिनके पास अनुभव और गुणवत्ता दोनों हैं, लेकिन हमारा ध्यान अपने खेल पर है। जिस तीव्रता के साथ हम यहां तक पहुंचे हैं, उसी को बरकरार रखना होगा। हर खिलाड़ी जानता है कि इस मैच की अहमियत क्या है और हम सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए अपना सब कुछ झोंक देंगे।

## संजीवी ने मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज में जीता स्वर्ण पदक

यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब

**नई दिल्ली,** 4 नवम्बर (एजेंसियां)। हैटसन बैडमिंटन सेंटर के ऋत्विक संजीवी ने मंगलुरु में आयोजित मैंगलोर इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज 2025 बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल वर्ग का खिताब जीतकर तमिलनाडु और भारत का गौरव बढ़ाया।विश्व रैंकिंग में 60वें स्थान पर काबिज 22 वर्षीय ऋत्विक ने हमवतन रौनक चौहान (14-21, 21-19, 21-19) के खिलाफ एक कड़े फाइनल में जीत हासिल करने के लिए कड़ी टक्कर दी। यह जीत इस सीजन में उनका पहला खिताब है, जिसने बैडमिंटन में भारत के शीर्ष उभरते सितारों में से एक के रूप में उनकी प्रतिष्ठा को और मजबूत किया है।हैटसन बैडमिंटन सेंटर के मुख्य कोच रजनीकांत ने ऋत्विक की उपलब्धि पर गहरा गर्व व्यक्त किया: 'ऋत्विक के समर्पण, कड़ी मेहनत और सेंटर की कोचिंग ने एक ऐसा चैंपियन तैयार किया है जिस पर हम सभी को गर्व है। हम ऐसी प्रतिभाओं को निखारने और भारतीय बैडमिंटन के भविष्य को आकार देने के लिए प्रतिबद्ध हैं।' ऋत्विक को बधाई देते हुए, हैटसन एग्रो प्रोडक्ट्स लिमिटेड के अध्यक्ष,आर.जी. चंद्रमोगन ने कहा, 'ऋत्विक की जीत हैटसन बैडमिंटन सेंटर की स्थापना के पीछे के दृष्टिकोण को पुष्ट करती है। हम भारत में होनहार खिलाड़ियों का समर्थन और खेल प्रतिभाओं को विकसित करना जारी रखेंगे।

# अर्थ जगत

## एसबीआई का शुद्ध लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 20,160 करोड़ पर

**नई दिल्ली।** देश के सबसे बड़े ऋणदाता भारतीय स्टेट बैंक का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकल लाभ 10 प्रतिशत बढ़कर 20,160 करोड़ रुपए हो गया। बैंक ने जुलाई-सितंबर 2024 तिमाही में 18,331 करोड़ रुपए का लाभ कमाया था। समीक्षाधीन तिमाही में ऋणदाता की कुल आय सालाना आधार पर 1,29,141 करोड़ रुपए से बढ़कर 1,34,979 करोड़ रुपए हो गई। इस अवधि में अर्जित ब्याज बढ़कर 1,19,654 करोड़ रुपए हो गया, जो एक साल पहले इसी तिमाही में 1,13,871 करोड़ रुपए था।



# शेयर बाजार में गिरावट, सेंसेक्स 519 अंक टूटा

*__मुंबई।__ मंगलवार, 4 नवंबर को भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट देखने को मिली। कमजोर वैश्विक संकेतों और विदेशी निवेशकों की ओर से जारी बिकवाली के चलते बाजार का मनोबल कमजोर रहा। कारोबार के अंत में सेंसेक्स 519 अंक टूटकर 83,459 के स्तर पर बंद हुआ, जबकि निफ्टी 165 अंक फिसलकर 25,597 पर पहुंच गया। आईटी, यूटिलिटी और मेटल सेक्टर के शेयरों में सबसे अधिक गिरावट दर्ज की गई। बीएसई स्मॉलकैप और मिडकैप इंडेक्स भी लाल निशान में रहे।*




## बाजार में गिरावट के मुख्य कारण

**विदेशी निवेशकों की लगातार बिकवाली-** विदेशी संस्थागत निवेशक लगातार भारतीय शेयर बाजार से पैसे निकाल रहे हैं। सोमवार, 3 नवंबर को उन्होंने 1,883.78 करोड़ के शेयर बेचे। 29 अक्टूबर से अब तक विदेशी निवेशक कुल 14,269 करोड़ की बिकवाली कर चुके हैं। जानकारों ने कहा, विदेशी निवेशकों की बिकवाली ने बाजार की तेजी को रोक दिया है। ऊंचे वैल्यूएशन और सीमित अर्निंग ग्रोथ के कारण वे फिलहाल सस्ते और उच्च ग्रोथ वाले बाजारों में निवेश कर रहे हैं।

**कमजोर ग्लोबल संकेत-** एशियाई बाजारों में भी कमजोरी देखने को मिली। साउथ कोरिया का कोस्पी, जापान का निक्केई 225 और चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स सभी लाल निशान में बंद हुए। टेक शेयरों में हालिया तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफावसूली की। अमेरिकी वॉल स्ट्रीट फ्यूचर्स में भी 1.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज हुई, जिससे ग्लोबल मार्केट्स में दबाव बना रहा। सितंबर तिमाही के नतीजों में अपेक्षा से कम बढ़त देखने को मिली। बैंकिंग सेक्टर ने स्थिर प्रदर्शन किया, लेकिन आईटी कंपनियों के नतीजे कमजोर रहे।

**मुनाफा वसूली का दौर-** मेटल, ऑटो और बैंकिंग शेयरों में हालिया तेजी के बाद निवेशकों ने मुनाफा निकालना शुरू कर दिया है। जानकारों ने कहा, हालिया रैली के बाद बाजार में कुछ मुनाफावसूली स्वाभाविक है। हालांकि, घरेलू इक्विटी की स्थिति अभी भी मजबूत है। बाजार अब दिसंबर तिमाही के नतीजों और ग्लोबल संकेतों का इंतजार कर रहा है।

**आईटी शेयरों पर दबाव-** अमेरिका के कमजोर आर्थिक आंकड़ों और फेडरल रिजर्व के बयानों से आईटी सेक्टर पर असर पड़ा। टीसीएस और इन्फोसिस के शेयरों में 1 प्रतिशत तक की गिरावट आई।

# सोने के दाम 1200 रुपए घटे,चांदी भी गिरी

*__नई दिल्ली।__ सोने के साथ ही चांदी में भी तेज बिकवाली देखी गई। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों ने अगले महीने और अधिक दर कटौती की संभावना को खारिज कर दिया, जिससे निवेशकों का ध्यान सोने से हटकर अन्य सुरक्षित निवेशों की ओर गया।*



अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों द्वारा ब्याज दरों में कटौती की संभावना को खारिज करने वाले कड़े बयानों के कारण मंगलवार को राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली के सर्राफा बाजार में सोने और चांदी की कीमतों में भारी गिरावट दर्ज की गई। सोने की कीमतों में 1,200 प्रति 10 ग्राम की बड़ी गिरावट आई। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,200 रुपये घटकर 10 ग्राम पर 1,23,500 रुपये (सभी करों सहित) हो गई, जो लगातार दूसरे सत्र में गिरावट दर्ज की गई। सोमवार को इसकी कीमत 1,24,700 रुपये प्रति 10 ग्राम थी। स्थानीय बुलियन बाजार में 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत पिछले सत्र में 1,25,300 रुपये प्रति 10 ग्राम थी।

**चांदी की कीमतों पर भी असर-** सोने के साथ ही चांदी में भी तेज बिकवाली देखी गई। चांदी की कीमतों में 2,500 प्रति किलोग्राम की गिरावट आई। सोमवार को चांदी की कीमत 1,54,000 प्रति किलोग्राम थी, जो मंगलवार को घटकर 1,51,500 प्रति किलोग्राम (करों सहित) हो गई।

**गिरावट के मुख्य कारण-** एचडीएफसी सिक्योरिटीज के सीनियर कमोडिटी एनालिस्ट सौमिल गांधी ने कीमतों में गिरावट का कारण बताते हुए कहा अमेरिकी डॉलर की मजबूती डॉलर इंडेक्स 0.12 प्रतिशत बढ़कर 99.99 पर पहुंच गया, जो पिछले तीन महीनों का उच्चतम स्तर है। मजबूत डॉलर कीमती धातुओं को महंगा बनाता है, जिससे मांग घटती है। अमेरिकी फेडरल रिजर्व के अधिकारियों ने अगले महीने और अधिक दर कटौती की संभावना को खारिज कर दिया, जिससे निवेशकों का ध्यान सोने से हटकर अन्य सुरक्षित निवेशों की ओर गया। कोटक सिक्योरिटीज की कायनात चेनवाला के अनुसार, अब बाजार का ध्यान आगामी एडीपी रोजगार और आईएसएम पीएमआई डेटा पर रहेगा।

साथ ही, सुरक्षित आश्रय की मांग में कमी और चीन द्वारा गोल्ड टैक्स इंसेंटिव्स वापस लेने की खबरें भी बाजार की भावना को प्रभावित कर सकती हैं। विदेशी बाजारों में भी गिरावट जारी रही, जहां स्पॉट गोल्ड की कीमत 0.2 प्रतिशत गिरकर 3,993.65 प्रति औंस हो गई।

# त्योहारी सीजन और ऑनलाइन लेनदेन ने बढ़ाई रफ्तार

## सितंबर में क्रेडिट कार्ड से खर्च 2.17 लाख करोड़ पर

*__नई दिल्ली।__ देश में क्रेडिट कार्ड से खर्च सितंबर में सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया। असित सी. मेहता इन्वेस्टमेंट इंटरमीडिएट्स लिमिटेड की रिपोर्ट के मुताबिक, इस दौरान कुल खर्च 2.17 लाख करोड़ के स्तर पर रहा। यह महीने-दर-महीने 13.4 प्रतिशत और सालाना 23 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। इससे कुल खर्च में करीब 25,500 करोड़ का इजाफा हुआ।*


**ऑनलाइन लेनदेन में तेजी के कारण आया उछाल-** रिपोर्ट में बताया गया कि यह उछाल मुख्य रूप से ऑनलाइन लेनदेन में तेजी के कारण दर्ज हुआ। सितंबर में ऑनलाइन खर्च में 21.7 प्रतिशत मासिक और 25.1 प्रतिशत वार्षिक वृद्धि हुई, जबकि पॉइंट-ऑफ-सेल (पीओएस) ट्रांजैक्शन लगभग स्थिर रहे।

**इन बैंकों ने दर्ज की सबसे अधिक वृद्धि-** रिपोर्ट में कहा गया है कि समग्र कार्ड खर्च में वृद्धि का नेतृत्व चार प्रमुख बैंकों, एसबीआई कार्ड्स, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और एचडीएफसी बैंक ने किया। एसबीआई कार्ड्स ने मासिक आधार पर 22.9 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। इससे खर्च में 75.6 अरब रुपये की वृद्धि हुई, जबकि आईसीआईसीआई बैंक ने मासिक आधार पर 21.5 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की, जिससे खर्च में 74.3 अरब रुपये का योगदान हुआ। एक्सिस बैंक ने 19.7 प्रतिशत मासिक वृद्धि दर्ज की, जिसमें 42.8 अरब रुपये जुड़े।

# एआई से निवेश सलाह लेना पड़ सकता है महंगा

*__नई दिल्ली।__ बदलती डिजिटल दुनिया में नई-नई टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल लोग खूब कर रहे हैं। चैटजीपीटी जैसे एआई टूल तो लोगों का नया दोस्त, डॉक्टर, राइटर और फाइनेंशियल ऐडवाइजर भी बन रहा हैं। ई-मेल के रिप्लाई से लेकर बच्चों की होमवर्क तक, सब चैटजीपीटी से लिखवाया जा रहा है। इन सारी चीजों तक तो ठीक है पर बहुत से लोग अपने आर्थिक संबंधित मामलों को लेकर भी चैटजीपीटी पर निर्भर हो रहे हैं।*

कई लोगों को लगता है कि चैटजीपीटी के द्वारा दिए गए सारे जवाब सही होते हैं। अगर आप या आपका कोई परिचित चैटजीपीटी से अपनी फाइनेंशियल एडवाइज लेता है तो यह खबर आपके लिए है।




## चैटजीपीटी की गलती से उड़ सकते हैं पैसे

चैटजीपीटी जैसे एआई प्लेटफॉर्म पर भरोसा करना आपके लिए खतरनाक हो सकता है। साथ ही आपको इससे आर्थिक हानि होने की भी पूरी संभावनाएं हैं।

**एआई की सलाह से हो सकता है नुकसान -** यदि आप अपने फाइनेंशियल जानकारी के लिए पूरी तरह से किसी एआई टूल पर निर्भर है तो यह आपके लिए खतरनाक हो सकता है। ऐसे कई मामले सामने आए हैं, जिसमें लोगों ने एआई की सलाह पर आंख मूंद कर भरोसा किया और अपना आर्थिक नुकसान करा बैठे। चैटजीपीटी जैसे एआई टूल भी निवेश की सलाह मांगने पर कहता है कि आपको अपने वित्तीय सलाहकार से इसकी जानकारी लेनी चाहिए। चैटजीपीटी में दी गई जानकारी गलत भी हो सकती है, इसलिए निवेश करने से पहले आप वित्तीय सलाहकार की राय जरूर लें। एआई से जानकारी ली जा सकती है पर इसको वेरिफाई करने के लिए किसी एक्सपर्ट से राय लेनी चाहिए।

**एआई से ले सकते हैं जानकारी -** चैटजीपीटी जैसे एआई प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल आप टैक्स बचत, फाइनेंस मैनेजमेंट या निवेश से जुड़ीं बुनियादी जानकारी हासिल करने के लिए कर सकते हैं। कई लोग मार्केट की स्थिति और संभावित जोखिमों को समझने के लिए भी ऐसे टूल्स का इस्तेमाल करते हैं। हालांकि, इस बात का ध्यान रखना जरूरी है कि एआई प्लेटफॉर्म हमेशा सही जानकारी नहीं देता। कभी-कभी इसके

## मुद्रा बाजार

### रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 88. 66 |
| एक यूरो | 101. 90 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 115. 14 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 57. 62 |
| एक जापानी येन | 0. 57 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने
फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 112 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 120 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-128 नेट प्रति किलो
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स -74 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 180 रु. प्रति किलो


## सराफा बाजार


**दुल्हन श्री आभूषण**
कमानिया गेट, सराफा बाजार-
मो. 9425860998,9826307100
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-122200 चांदी -153800

**सोहन लाल एण्ड संस**
रसल चौक फोन- 9425156095
सोना बुलियन ( प्रति 10 ग्राम ) फाइन भाव-122200 चांदी -153800


## दाल- चावल भाव


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**
फोन- 4067270, 9826035338

**प्रति क्विंटल-** राहर दाल एवरेज 8500-9000, मीडियम बोल्ड 10000-10500, फाइन 110000-11500, एक्स्ट्रा बोल्ड 11800-12000, चना दाल एवरेज 6900-7100 चना दाल मार्का 7200-7500, मसूर दाल एवरेज 7400-7600, मसूर दाल फाइन 7800-8000, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9500-10000, फाइन 10500-11000, मूंग दाल छिलका 9500-10000, मूंग दाल फाइन 10000-10500, मूंगदाल धुली 10000- 10500, फाइन 10500-11000। चावल - पुराना चावल सरना चालू 3200-3400, बेस्ट 3400-3600, बीपीटी चालू 3800-4200,फाइन 4500-4800,एचएमटी-4800-5200 फाइन-5500-5600 दुबराज भाटापारा 4800-5000, जेजेएल चालू 4500-5000, फाइन 5500-5800, बासमती कनकी चालू 3000-3200, बासमती कनकी मीडियम 3600-3800, बेस्ट 4000-4200, मोगरा- 4500-5000, दुबार- 5000-5500, तिबार- 6000-7000, बासमती 6500-7500, बेस्ट 10000-11000 पोहा- 4200-4500, फाइन 4800-5000, मुरमुरा- 5800-6000, फाइन- 8000-8500 रु., लाई-6300-6500 रु.।


## लोहा भाव


**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**
शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070
भाव प्रति क्विं.- 6 एम एम 5800, 8 एम एम 5580, 10 एम एम 54 60,12 एम एम, 5400 एवं 16 एम 54 00 रु.। तार- 75 रु. किलो।


# भारत का अमेरिकी कच्चे तेल का आयात मार्च 2021 के बाद रिकॉर्ड स्तर पर, रूसी तेल में आई गिरावट

नई दिल्ली। अक्टूबर में भारत का अमेरिकी कच्चे तेल आयात मार्च 2021 के बाद सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया, जबकि रूसी तेल की हिस्सेदारी थोड़ी घटी। केप्लर के ताजा आंकड़ों के अनुसार, भारत ने अक्टूबर में अमेरिका से औसतन 5.93 लाख बैरल प्रतिदिन कच्चा तेल खरीदा, जो सितंबर के 2.07 लाख बैरल प्रतिदिन के मुकाबले लगभग तीन गुना अधिक है। वहीं, रूस से आयात 16.1 लाख बैरल प्रतिदिन रहा, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 17.3 लाख बैरल प्रतिदिन से थोड़ा कम है।

विश्लेषकों के मुताबिक, भारत का यह कदम ऊर्जा सुरक्षा और भू-राजनीतिक संतुलन बनाए रखने की रणनीति का हिस्सा है। केप्लर के प्रमुख विश्लेषक सुमित रितोलिया के अनुसार, भारत की मजबूत आर्थिक स्थिति और अमेरिका-रूस के बीच आर्बिट्राज अवसरों ने अक्टूबर में अमेरिकी तेल आयात को बढ़ावा दिया। हालांकि यह वृद्धि स्थायी नहीं, बल्कि



अल्पकालिक आर्बिट्राज आधारित है। रूस से आने वाले तेल पर अमेरिकी प्रतिबंधों के बावजूद अक्टूबर में आपूर्ति सामान्य रही। यह इसलिए क्योंकि, भारत को भेजे गए ज्यादातर शिपमेंट अगस्त और सितंबर में बुक किए गए थे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प द्वारा रोसनेफ्ट और लुकोइल पर लगाए गए प्रतिबंध 21 नवंबर से लागू होंगे। ये दोनों कम्पनियां भारत के कुल रूसी तेल आयात का करीब 70 प्रतिशत हिस्सा हैं। रितोलिया के मुताबिक, प्रतिबंध लागू होने से पहले रूसी तेल की आपूर्ति में अस्थायी तेजी देखी गई।

# इस्पात की कम कीमतें छोटी कम्पनियों के लिए समस्या : सचिव

*__नई दिल्ली।__ इस्पात सचिव संदीप पौंड्रिक ने मंगलवार को कहा कि बाजार में इस्पात की कम कीमतें छोटी कम्पनियों के लिए समस्या है। खासकर तब, जब सरकार अगले 5 से 7 वर्ष में इस महत्वपूर्ण क्षेत्र की क्षमता बढ़ाने के लक्ष्य के साथ आगे बढ़ रही है। इस्पात शिखर सम्मेलन 2025 को संबोधित करते हुए पौंड्रिक ने कहा कि 5 साल पहले इस्पात की कीमतें अपेक्षा से अधिक थीं। उन्होंने कहा, हालांकि आज इस्पात की कीमतें अपेक्षा से कम हैं। इसलिए कीमत एक चुनौती है... छोटी कम्पनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं।*

पौंड्रिक ने कहा कि कम कीमत के कारण लगभग 150 छोटी कम्पनियों ने इस्पात का उत्पादन बंद कर दिया है। उन्होंने कहा, इसलिए ये लोग, छोटी कम्पनियां समस्याओं का सामना कर रही हैं। आपने अभी-अभी सभी कम्पनियों के दूसरी तिमाही के नतीजे देखे हैं, लगभग सभी के मुनाफे में कमी आई हैं। सचिव ने कहा, कीमत एक समस्या है, खासकर तब, जब हमें अगले 5 से 7 वर्ष में 10 करोड़ टन क्षमता में निवेश करना होगा। उन्होंने साथ ही कहा कि दुनिया भर में खासकर चीन में अधिशेष उत्पादन और उसके परिणामस्वरूप 'डंपिंग% न केवल हमारे लिए, बल्कि हर देश के लिए...एक वास्तविक समस्या है। पौंड्रिक ने कहा, क्योंकि इसका असर कीमतों पर पड़



रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार यह सुनिश्चित करने की कोशिश कर रही है कि घरेलू इस्पात कम्पनियों को उचित मूल्य मिले।

सचिव ने कहा, सरकार ने आयातित इस्पात पर अस्थायी रूप से सुरक्षा शुल्क लगाया है, ताकि घरेलू इस्पात उद्योग को कोई समस्या न हो। पौंड्रिक ने कहा कि अच्छी खबर यह है कि इस्पात की खपत बढ़ रही है और उत्पादन क्षमता भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा, बढ़ती खपत को पूरा करने के लिए पिछले 10 वर्ष में नई क्षमताएं विकसित हो रही हैं। सचिव ने कहा कि देश की दीर्घकालिक आत्मनिर्भरता के लिए इस्पात उद्योग को संरक्षित करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा, यह एक रणनीतिक क्षेत्र है। यदि आप आयात पर निर्भर हो जाते हैं, तो आपको भू-राजनीतिक कारणों से समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है, जैसा कि हम आज दुनिया में देख रहे हैं।

# भारत में अमीरों को लेकर चौंकाने वाली रिपोर्ट, संपत्ति में 62 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी

*__नई दिल्ली।__ दक्षिण अफ्रीका की जी-20 अध्यक्षता में जारी एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत के शीर्ष एक प्रतिशत अमीर लोगों की संपत्ति 2000 से 2023 के बीच 62 प्रतिशत तक बढ़ी है। इस अध्ययन का नेतृत्व नोबेल पुरस्कार विजेता जोसेफ स्टिग्लिट्ज ने किया है। रिपोर्ट में चेतावनी दी गई है कि वैश्विक असमानता अब संकट के स्तर पर पहुंच चुकी है, जिससे लोकतंत्र, आर्थिक स्थिरता और जलवायु लक्ष्यों को गंभीर खतरा है।*

वैश्विक असमानता पर स्वतंत्र विशेषज्ञों की जी-20 असाधारण समिति ने पाया कि वैश्विक स्तर पर शीर्ष एक प्रतिशत यानी सबसे अमीर लोगों ने 2000 और 2024 के बीच निर्मित सभी नई संपत्ति का 41 प्रतिशत हिस्सा हासिल किया,



जबकि निचली आबाधी के आधे हिस्से को केवल एक प्रतिशत ही मिला। इस समिति में अर्थशास्त्री जयति घोष, विनी बयानीमा और इमरान वालोदिया शामिल हैं।

**वैश्विक असमानता - अमीरों के हाथों में 74 प्रतिशत संपत्ति-** रिपोर्ट में कहा गया है कि मोटे तौर पर मापी गई अंतर्देशीय असमानता में कमी आई है, क्योंकि चीन तथा भारत जैसे कुछ अधिक जनसंख्या वाले देशों में प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि हुई है। इससे वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में उच्च आय वाले देशों की हिस्सेदारी कुछ हद तक कम हुई है। इसमें कहा गया कि 2000 से 2023 के बीच सबसे अमीर एक प्रतिशत लोगों ने सभी देशों के आधे से अधिक देशों में अपनी संपत्ति का हिस्सा बढ़ाया है, जो वैश्विक संपत्ति का 74 प्रतिशत है।

**भारत और चीन में बढ़ी संपत्ति पर असमानता बरकरार -** रिपोर्ट के अनुसार, भारत के शीर्ष एक प्रतिशत लोगों की इस अवधि (2000-2023) में संपत्ति 62 प्रतिशत तक बढ़ी। चीन में यह आंकड़ा 54 प्रतिशत रहा। इसमें कहा गया है, अत्यधिक असमानता एक विकल्प है। यह अपरिहार्य नहीं है और राजनीतिक इच्छाशक्ति से इसे बदला जा सकता है। दक्षिण अफ्रीका की जी-20 की अध्यक्षता में शुरू होने वाला यह निकाय सरकारों को असमानता और उसके कारणों पर आधिकारिक एवं सुलभ आंकड़े उपलब्ध कराएगा। रिपोर्ट में कहा गया कि उच्च असमानता वाले देशों में समान देशों की तुलना में लोकतांत्रिक पतन की संभावना 7 गुना अधिक है।


**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**

**नशा मुक्त भारत अभियान**

नशा पीड़ित को अपने सोच को बदलना 'हमारे पुराने खुद को जाने देना' पिछले व्यवहार, दृष्टिकोण और सोच के पैटर्न को छोड़ने की प्रक्रिया को संदर्भित करता है, जो हमारी 'रिकवरी और आध्यात्मिक विकास' के लिए हानिकारक हैं।
इसमें शामिल है..
* अपने चरित्र दोषों को स्वीकारना और संबोधित करना
* जीवन पर एक नया दृष्टिकोण विकसित करना।
* एक नया परिप्रेक्ष्य विकसित करना
* अपने पुराने स्वयं को छोड़ने के लिए जीवन और उसमें अपनी भूमिका पर दृष्टिकोण बदलना आवश्यक है।
* हमें यह स्वीकार करना चाहिए कि हम हर चीज पर नियंत्रण नहीं रखते।

**रवीन्द्र अवस्थी**
एक नशा पीड़ित रह चुके हैं

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज
क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें
**बिना ऑपरेशन**
**डॉ. विश्वास**
राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे
मो: 9827042596

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें।
देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।



प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु कॉम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

# शहडोल कलेक्टर पर दो लाख की कॉस्ट लगाते हुए शुरू की अवमानना कार्यवाही

## एनएसए की कार्यवाही के मामले में कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर कोर्ट सख्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय सुरक्षा अधिनियम (एनएसए) के तहत कार्यवाही में कानूनी प्रक्रिया का पालन नहीं किए जाने पर हाईकोर्ट ने शहडोल कलेक्टर केदार सिंह पर 2 लाख रुपये की कॉस्ट लगाई है। कलेक्टर को कॉस्ट की राशि व्यक्तिगत रूप से जमा करनी होगी। हाईकोर्ट जस्टिस विवेक अग्रवाल तथा जस्टिस एके सिंह की युगलपीठ ने कलेक्टर शहडोल के द्वारा गलत जानकारी पेश किए जाने को गंभीरता से लेते हुए उनके खिलाफ अवमानना की कार्यवाही प्रारंभ करने के आदेश जारी किए हैं। युगलपीठ ने अवमानना कार्यवाही के संबंध में नोटिस जारी करते हुए अगली सुनवाई 25 नवम्बर को निर्धारित की गई है।

शहडोल निवासी कृषक हीरामनी वैश्य की तरफ से उसके बेटे सुशांत वैश्य पर कानूनी प्रक्रिया का पालन किए बिना एनएसए के तहत कार्यवाही किए जाने के खिलाफ हाईकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। याचिका में कहा गया था कि एनएसए की कार्यवाही के संबंध में 9 सितम्बर 2024 को पारित में उनके बेटे के स्थान पर नीरजकांत द्विवेदी का नाम था। पुलिस अधीक्षक शहडोल ने 6 सितम्बर 2024 को उनके बेटे के खिलाफ एनएसए की कार्यवाही करने के संबंध में कलेक्टर को प्रतिवेदन भेजा था। कलेक्टर ने 9 सितम्बर को रेत ठेकेदार के कर्मचारियों के बयान दर्ज करते हुए उसी दिन एनएसए का आदेश पारित कर दिया। किसी भी स्वतंत्र गवाह के बयान दर्ज नहीं किए गए। याचिका में कहा गया था कि उसके बेटे का विवाह फरवरी 2024 में हुआ था और उसके खिलाफ सितम्बर को एनएसए की कार्यवाही की गई। मार्च में उसकी बेटी पैदा हुई, परंतु उसका पिता जेल में निरुद्ध था।



याचिका की सुनवाई करते हुए हाईकोर्ट ने कलेक्टर शहडोल केदार सिंह व पुलिस अधीक्षक रामजी श्रीवास्तव को हाईकोर्ट में व्यक्तिगत रूप से तलब किया था। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने पारित आदेश के अंतिम पृष्ठ में याचिकाकर्ता के पुत्र के बजाय नीरजकांत द्विवेदी के नाम का उल्लेख किए जाने की गलती स्वीकार की गई। उनका तर्क था कि नीरजकांत द्विवेदी और सुशांत बैस के मामलों की सुनवाई एक साथ की गई थी। इस तथ्यात्मक गलती के अलावा आदेश पारित करने में कोई अन्य त्रुटि नहीं है।

युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि एनएसए की कार्यवाही के संबंध में पारित आदेश को पुष्टि के लिए राज्य सरकार के पास भेजा जाता है। अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह विभाग ने भी अपने विवेक का उपयोग किए बिना कलेक्टर द्वारा पारित आदेश को मंजूरी प्रदान कर दी। आदेश को पढ़ने की जहमत तक नहीं उठाई गई। युगलपीठ ने अपने आदेश में कहा था कि जिला कलेक्टर के द्वारा एनएसए की कार्यवाही के अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को भेजी गई फाइल प्रस्तुत हाईकोर्ट में प्रस्तुत करें। कलेक्टर के द्वारा अनुमोदन के लिए फाइल अग्रेषित नहीं की गई है तो राज्य को उनके खिलाफ कार्यवाही करना चाहिए। युगलपीठ ने इस संबंध में एसीएस गृह एसएस शुक्ला से हलफनामे में जवाब मांगा था।

अतिरिक्त मुख्य सचिव गृह की तरफ से पेश किए गए हलफनामे में बताया गया था कि एनएसए के आदेश को अनुमोदन के लिए राज्य सरकार को भेजा गया था। टाइपिंग की गलती के कारण आदेश में याचिकाकर्ता के पुत्र के नाम के स्थान पर नीरजकांत द्विवेदी के नाम का उल्लेख किया गया है। इसके लिए क्लर्क को नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है।

याचिकाकर्ता ब्रम्हेन्द्र पाठक ने बताया कि कलेक्टर केदारनाथ ने अपने हलफनामा में बताया था कि एनएसए की प्रकरण की सुनवाई के दौरान तीन व्यक्तियों के बयान दर्ज किए थे। तीनों व्यक्तियों के वही बयान थे, जो उन्होंने याचिकाकर्ता के पुत्र के खिलाफ साल 2022 में दर्ज आपराधिक प्रकरण में दिए थे। उक्त आपराधिक प्रकरण में लोक अदालत के माध्यक से समझौता हो गया है। एनएसए की कार्यवाही के लिए उसी प्रकरण को आधार बताया गया है। युगलपीठ ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि एनएसए के उपयोग टूल की तरह नहीं किया जा सकता है। इसके लिए कानूनी प्रक्रिया का पालन किया जाना आवश्यक है। एनएसए की कार्यवाही तभी की जाती है, जब व्यक्ति से समाज व लोगों में भय की स्थिति उत्पन्न होती है। युगलपीठ ने कलेक्टर पर 2 लाख रुपये की व्यक्तिगत कॉस्ट लगाते हुए उक्त राशि याचिकाकर्ता के पुत्र के खाते में जमा करने के आदेश जारी किए हैं। इसके अलावा मुख्य सचिव को निर्देशित किया है कि कलेक्टर तथा अतिरिक्त प्रमुख सचिव के खिलाफ एनएसए की आदेश का अवलोकन कर कार्यवाही करें। गलत हलफनामा पेश करने पर कलेक्टर के खिलाफ अवमानना कार्यवाही प्रारंभ करते हुए नोटिस जारी किए गए हैं।

# ओएफके में फिर विस्फोट, कर्मचारी घायल, एक हफ्ते में दूसरा हादसा

## लगातार हो रही दुर्घटनाओं से कर्मचारियों में आक्रोश



**जबलपुर, देशबन्धु।** हादसों के लिए चर्चा में रहने वाली शहर की आयुध निर्माणी ओएफके एक बार फिर सुर्खियों में हैं। मंगलवार की सुबह फैक्ट्री के एफ-9 सेक्शन में विस्फोट होने से पूरी निर्माणी में हड़कम्प मच गया। इस हादसे में एक कर्मचारी को गंभीर चोटें पहुंचने के चलते निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

विस्फोट उस दौरान हुआ जब कर्मचारी मल्टीमोल्ड हैंड ग्रेनेड के उत्पादन से जुड़े काम में लगा हुआ था। तेज आवाज के साथ हुए धमाके से निर्माणी का कैम्पस गूंज उठा था। हालांकि प्रबंधन ने आनन-फानन में स्थिति को देखते हुए घायल कर्मी को अस्पताल पहुंचाया।

**ओएफके के एफ-9 सेक्शन की घटना-** जानकारी के मुताबिक ओएफके के बिल्डिंग नंबर 130 के एफ-9 सेक्शन में प्रतिमेश ठाकुर नामक कर्मी मल्टीमोल्ड हैंड ग्रेनेड के डेटोनेटर को तैयार कर रहा था। इसी दौरान डेटोनेटर में तेज आवाज के साथ धमाका हो गया। घटना सुबह 9.30 बजे के आसपास की बताई जा रही है। धमाके की आवाज सुन मौके पर पहुंचे अन्य कर्मचारियों ने देखा कि प्रतिमेश के लेफ्ट हैंड से काफी खून बह रहा है।

संभवत: डेटोनेटर ब्लास्ट में उसके हाथ की एक अंगुली भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। स्थिति को भांपते हुए तत्काल ही घायल को ओएफके अस्पताल पहुंचाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद चिकित्सकों ने घायल को निजी अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। घायल कर्मचारी का निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। विस्फोटक की चपेट में आने वाले अंग का अगर समय रहते उचित उपचार नहीं किया जाता तो बारूद से संक्रमण फैलने का खतरा बढ़ जाता। इसके पूर्व 31 अक्टूबर को ए-1 सेक्शन में प्रेस मशीन में काम करते समय सुभाष आलम नामक कर्मी का अंगुली कट गई थी। उक्त घटना को लेकर बोर्ड ऑफ इंक्वायरी बैठाई गई है।

### मजदूर संगठनों में आक्रोश

वहीं दूसरी ओर मजदूर संगठनों का कहना है कि लगातार फैक्ट्री हादसे चिंता का विषय बन गये हैं। जांच कमेटी बनाई जाती है लेकिन उसमें कर्मी ही कसूरवार साबित होता है। न जाने अब तक कितनी कमेटियां बनी लेकिन किसी अफसर पर कोई कार्यवाही नहीं हुई। मजदूर नेताओं का कहना है कि मंगलवार की घटना में डीबी ड्रेस पहनने के बावजूद स्टेटिक चार्ज हुआ या कर्मी की लापरवाही कोई लापरवाही हुई ये जांच का विषय है। प्रबंधन इसकी जांच करेगा।

# सेंट फ्रांसिस स्कूल के बच्चों की बिगड़ी तबीयत

## विशाक्त पानी पीने के बाद हुई उल्टी-दस्त

**जबलपुर, देशबन्धु।** खमरिया थाना अंतर्गत घाना के सेंट फ्रांसिस स्कूल में पढ़ने वाले एक दर्जन बच्चों की अचानक तबीयत बिगड़ने से हड़कंप मच गया। तत्काल ही उन्हें जिला चिकित्सालय विक्टोरिया लाया गया।

बताया जाता है कि दो बच्चों की हालत ज्यादा खराब होने के चलते उन्हें गहन चिकित्सा कक्ष में चिकित्सकों की निगरानी में रखा गया है। विक्टोरिया अस्पताल पहुंचे परिजन ने बताया कि 12 वर्षीय लड़की तान्या व सगुन चौधरी को आईसीयू में भर्ती किया गया है। परिजनों ने बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कूल की पानी की टंकी में कुछ जहरीली वस्तु डाल दी गई थी, जिसके चलते बच्चों को उल्टियां और दस्त होने लगे थे।





समय रहते इलाज नहीं मिलता तो बड़ा हादसा हो सकता था। चिकित्सक ने बताया कि बच्चों को 24 घंटे के लिए निगरानी में रखा गया है। फिलहाल बच्चे अचानक कैसे बीमार पड़े इस बात का कारण सामने नहीं आया है। इधर परिजनों में इस बात का भय व्यापत है।

# ना समय पर रजिस्ट्रेशन हो रहा, ना खाद मिल रही

**जबलपुर, देशबन्धु।** प्रदेश शासन ने किसानों के लिए समय पर खाद उपलब्ध कराने, कालाबाजारी रोकने और लम्बी लाइन से बचने के लिए पायलट प्रोजेक्ट के तौर पर जबलपुर, विदिशा और रायसेन जिलों में शुरू किया है, इसकी सफलता के बाद से ही वह पूरे प्रदेश के जिलों में ई-टोकन सिस्टम प्रणाली लागू करेगी, लेकिन फिलहाल किसानों की समस्याएं कम होने के बजाय और बढ़ गई हैं। उनका कहना है कि ई-टोकन सिस्टम के चलते रजिस्ट्रेशन में बहुत सारी समस्याएं सामने आ रही हैं। चूंकि प्रणाली नई है, इसलिए वह स्वयं तो कर नहीं पा रहे हैं, इसके लिए उन्हें समितियों के पास भटकना पड़ रहा है। स्थिति यह है कि कई समितियां बंद पड़ी हैं, जिसके कारण किसानों को मुख्य समिति के पास 10 किमी से लेकर 35-35 किमी तक पहुंचना पड़ रहा है। इधर समिति में जब



## कृषको में आक्रोश जारी, कलेक्टर करेंगे किसानों से चर्चा

लम्बी-लम्बी लाइनों में लगने के बाद भी उनका रजिस्ट्रेशन हो जाए, इस बात की गारंटी नहीं है, क्योंकि समिति वाले 100 से अधिक रजिस्ट्रेशन नहीं कर रहे हैं। उनका कहना है कि ऑनलाइन में एक दिन में इससे ज्यादा रजिस्ट्रेशन नहीं हो पा रहा है। गत दिवस जबलपुर तहसील में पहुंचे बरगी के किसानों ने हंगामा तक किया था। वहीं पनागर के एक किसान ने बताया कि यह कोई जरुरी नहीं है कि सभी के पास मोबाइल हो, जिससे रस्ट्रिेशन करना आसान नहीं है।

भारतीय किसान संगठन के पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि ई-टोकन सिस्टम से सिर्फ यूरिया मिल रहा है, जबकि डीएपी के लिए उन्हें अलग से लाइन में लगना पड़ रहा है, जिससे समस्याएं कम होने के बजाय बढ़ती जा रही हैं।

### ई-टोकन में कई समस्याएं

इधर कृषि अधिकारी भले ही बहुत सारे दावे कर रहें है और कह रहे है कि ई-टोकन सिस्टम प्रणाली बहुत अच्छी हैं लेकिन फिलहाल इधर-उधर चक्कर काट रहे किसानों की समस्याएं देखकर यह कह पाना बहुत मुश्किल हैं कि ई टोकन सिस्टम भविष्य में पूरे प्रदेश में लागू होगी या नहीं।

### सिर्फ यूरिया, डीएपी अलग से मिल रही

भारतीय किसान संगठन के पदाधिकारी जितेन्द्र सिंह ठाकुर ने बताया कि ई-टोकन सिस्टम से सिर्फ यूरिया मिल रहा है। जबकि डीएपी के लिए उन्हें अलग से लाइन में लगना पड़ रहा है। जिससे समस्याएं कम नहीं और बढ़ती जा रही हैं।

# रेलवे में अधिकारियों की सेवा वृद्धि से अधिकारी परेशान

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेलवे बोर्ड मुख्यालय दिल्ली में बैठे उच्च अधिकारियों और मनमानी के चलते अधिकारियों को रिटायरमेंट के बाद ही तुरंत सेवावृद्धि दिए जाने से वर्तमान में जो भी अधिकारी प्रमोशन के सच्चे हकदार हैं, उनका भविष्य खतरे में दिखाई पड़ रहा है। इसी के चलते अब अधिकारी प्रतिनियुक्ति में जाने का मन बना रहे हैं और रेलवे को टाटा करके चले जाएंगे। इस प्रकार की नीतियों पर तुरंत ही रोक लगाई जानी चाहिए।


जानकारी के अनुसार अपॉइंटमेंट कमेटी ऑफ कैबिनेट (एसीसी) ने जनक कुमार गर्ग को मुख्य संरक्षा आयुक्त के पद पर एक वर्ष के लिए ठेका पद्धति के अनुसार नियुक्ति प्रदान कर दी है। अब वे इस नियुक्ति के अनुसार 1 नवम्बर से अगले वर्ष 2026 अक्टूबर तक मुख्य संरक्षा आयुक्त का कार्य संपादन करेंगे। इस नए आदेश के तहत दर्जनों अधिकारियों को प्रमोशन का लाभ नहीं मिलेगा।

सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार इसके पूर्व रेलवे बोर्ड अध्यक्ष सतीश कुमार को भी एक वर्ष के ठेके के बाद दोबारा ठेके में नियुक्ति प्रदान की गई थी। इस प्रकार के मनमाने आदेश जारी करने से पमरे के जबलपुर जोन दक्षिण-पूर्व-मध्य रेलवे के बिलासपुर, गोरखपुर, हाजीपुर, भुवनेश्वर, जयपुर, मध्य रेलवे मुम्बई, कोलकाता, दिल्ली, पश्चिम रेलवे मुंबई, हुबली, चेन्नई, गुवाहाटी, सिकंदराबाद आदि सभी जोनों के अधिकारियों के बीच आक्रोश देखा जा रहा है। यदि इसी प्रकार का रवैया चलता रहा तो अधिकारियों को तो 65 से 70 वर्ष तक की उम्र पार करने पर भी ठेके में रखा जाता रहेगा। इस प्रकार के ठेके प्रथा से जो भी आधुनिकता से पढ़ाई कर रहे हैं, उन्हें भी रोजगार मिलना असंभव सा दिखाई पड़ रहा है। यहां इस बात का उल्लेख करना आवश्यक है कि यह री-एम्प्लॉयमेन्ट आदेश से वरिष्ठ अधिकारियों में काफी निराशा दिखाई पड़ रही है। रेलवे के शीर्ष अधिकारियों के इस रवैये से कई अधिकारियों ने केन्द्र शासन और राज्य शासन में प्रतिनियुक्ति में शेष नौकरी वहीं पर किए जाने का मन बना लिया है।

# गुरुनानक देव प्रकाशोत्सव पर गुरुद्वारे हुए रौशन, रात भर हुई गुरु का लंगर पकाने की कारसेवा

**जबलपुर देशबन्धु।** प्रकाशोत्सव के उल्लासमय अवसर पर नगर और उपनगरीय क्षेत्रों के गुरुद्वारों को आकर्षक रोशनी से सजाया गया है। साथ ही विभिन्न रागी जत्थों का नगरागमन हो गया। दूसरी तरफ श्रद्धालुओं द्वारा कार सेवा के माध्यम से रातभर गुरु का लंगर तैयार करने की समर्पित भाव से सेवा की गई।

अपनी विश्व पद यात्राओं के दौरान पूरी दुनिया को विश्व बंधुत्व, मानव कल्याण और विश्व शान्ति का पैगाम देने वाले सिख धर्म के प्रवर्तक और प्रथम गुरु श्री गुरु नानक देव महाराज के पवित्र 556 वें पवित्र प्रकाशोत्सव गुरुपर्व के तहत सदर स्थित गैरिसन मैदान, पेंटी नाका में सुबह 10 बजे से अपराह्न 3 बजे तक भव्य कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर आदि कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें प्रसिद्ध सिख तीर्थ स्थल श्री झाड़ साहिब तरणतारण, पंजाब के विख्यात रागी जत्था भाई परगट सिंह, गुरुवाणी मीमांसक ज्ञानी विशाल सिंह, मंजी साहिब श्री हरिमंदर साहिब अमृतसर पंजाब, भाई नरिन्दर सिंह, भाई सतनाम सिंह सहित अनेक विद्वतजन शिरकत करेंगे। दूसरी तरफ गुरुद्वारा मढ़ाताल में सुबह 4.30 बजे से सुबह 9 बजे तक आदा दी वार का भव्य कीर्तन दरबार होगा। यहीं पर रात्रि कीर्तन दरबार, रात्रि 7 बजे से अर्धरात्रि 12.15 बजे तक चलेगा। समापन पर समूह पुष्प वर्षा होगी।



सोनू पोल्ट्री
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 108
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 118
छोटा ब्रॉयलर - रु. 126
मो.- 9039925999

J.B.F.A
जबलपुर ब्रॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 130
मुर्गा मीडियम - रु. 122
मुर्गा बड़ा - रु. 112
मुर्गा जम्बो - रु. 112
मो.-9039925000, 9425800409

FOR PRIVATE SCREENING CALL
+917999968989
FOR ONLINE BOOKING & OFFER
BOOK FROM
BOOKMYSHOW
CALL BOOKING 0761-4069888, 4069889
समदड़िया सिनेमा
BOOK YOUR TICKET & FOOD NO WhatsApp
SAMDREEYACINEMA+917999968989



THAMMA
09:00AM 10:15AM
12:00PM 01:00PM
02:30PM 04:00PM
05:30PM 07:00PM
08:30PM 10:00PM
11:15PM



EK DEEWANE KI DEEWANIYAT
09:15AM
12:00PM
02:45PM
04:45PM
08:30PM
11:15PM



KANTARA
A LEGEND CHAPTER -1
10:15AM
01:30PM
05:30PM
07:30PM
10:30PM

# दुष्कर्मी को 20 साल की सजा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** न्यायालय द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश श्रीमती संतोषी वासनिक के न्यायालय द्वारा नाबालिग के साथ दुष्कर्म के प्रकरण में आरोपी मुकेश उर्फ राज उर्फ किस्मत उर्फ मुखडा आ.मोहन ठाकुर आयु 27 वर्ष, निवासी- ग्राम धरम चौक चीचली थाना चीचली जिला नरसिंहपुर को दोषसिद्ध पाते हुए आरोपी को धारा- 3/4 की उपधारा (2) लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 में 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 3 हजार जुर्माना सें तथा बीएनएस की धारा 87 में 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1 हजार जुर्माना से दंडित किया गया।

जिला अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि अभियोक्त्री के पिता ने आरक्षी केंद्र चीचली में रिपोर्ट लेख करायी थी कि 6.8.2024 को अभियोक्त्री का पिता खेत से घर आया तो उसे उसकी पत्नी ने बताया कि अभियोक्त्री करीब 7:30 बजे किराना दुकान कुरकुरे लेने गई थी जो वापस नहीं आई है, जिसके पश्चात उन्होंने अभियोक्त्री को तलाश किया, परंतु कोई जानकारी नहीं मिली। इस सूचना के आधार पर आरक्षी केंद्र चीचली में गुमशुदा व्यक्ति पंजीकरण क्रमांक 48/2024 दर्ज किया गया, जिसके आधार पर अपराध क्रमांक 201/2024 पर धारा 137(2) बी.एन.एस. के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट लेख की जाकर मामला पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

हितकारिणी लॉ कॉलेज जबलपुर
Email:hit.law.Jbp@gmail.com Website:- www.hlc.hitkarini.com Tel: 0761-2401160
विक्टोरिया हॉस्पिटल के सामने, जोन्सगंज, जबलपुर 482001
( रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय, जबलपुर, उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. से संबद्ध व बी.सी.आई. नई दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त )
क्रमांक............ दिनांक 03.11.2025
आवश्यकता है
हितकारिणी लॉ कॉलेज जबलपुर म.प्र. में बी.ए.एल.एल.बी. पाठ्यक्रम के सहा. आचार्य की भर्ती हेतु आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

| क्रमांक | पद | पदों की संख्या | योग्यता एवं अनुभव |
|---|---|---|---|
| 1 | सहा. आचार्य | 02 | एलएल.एम., नेट, सेट, एम.फिल. अथवा पी.एच.डी. |
| 2 | सहा. आचार्य | 01 | अर्थशास्त्र विषय में एम.ए., नेट, सेट, एम.फिल. अथवा पी.एच.डी. |
| 3. | सहा. आचार्य | 01 | राजनीति शास्त्र विषय में एम.ए., नेट, सेट, एम.फिल. अथवा पी.एच.डी. |
| 4. | सहा. आचार्य | 01 | इतिहास विषय में एम.ए., नेट, सेट, एम.फिल. अथवा पी.एच.डी. |
| 5. | सहा. आचार्य | 01 | अंग्रेजी विषय में एम.ए., नेट, सेट, एम.फिल. अथवा पी.एच.डी. |
| 6. | सहा. आचार्य | 01 | हिन्दी विषय में एम.ए., नेट, सेट, एम.फिल. अथवा पी.एच.डी. |

नोट :-(1) उपरोक्त पदों के लिए चयन हेतु यूजीसी एवं बार काउंसिल ऑफ इण्डिया नियमानुसार
(2) आवेदक अपना आवेदन पत्र प्राचार्य, हितकारिणी लॉ कॉलेज के पते पर जमा कर सकते हैं।
कॉलेज का दूरभाष नंबर - 0761-2401160, मोबाइल नंबर- 9329335741
अध्यक्ष
हितकारिणी लॉ कॉलेज, जबलपुर